राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 66 लखनऊ,
गुरुवार, 06 नवंबर , 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00

लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पंजाब-तराई में सिखों का धर्मांतरण देखकर होता है दुख : मुख्यमंत्री योगी 03

तीन दिवसीय सरस मेले का विधायक ने किया शुभारंभ 12

## रोजाना 12 घंटे ड्यूटी करने पर मिलेगा तीन दिन वीकली ऑफ

▸ योगी सरकार ने फैक्ट्री एक्ट में किया बड़ा बदलाव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक उत्पादन को गति देने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कारखाना उत्तर प्रदेश संशोधन विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी है। यह विधेयक अब उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 14 सन् 2025 के रूप में 3 अक्टूबर 2025 से पूरे राज्य में प्रभावी हो गया है।

इस संशोधन के तहत राज्य सरकार को अधिकार मिल गया है कि वह कारखानों में दैनिक कार्य अवधि को अधिकतम 12 घंटे तक निर्धारित कर सके, बशर्ते साप्ताहिक कुल कार्य अवधि 48 घंटे से अधिक न हो यानि हफ्ते में तीन दिन का अवकाश। पहले यह सीमा 8-10 घंटे प्रतिदिन तक ही सीमित थी जिसे अब लचीला बनाया गया है। महिलाएं भी रात की शिफ्ट कर सकेंगी। इसके लिए सुरक्षा मानक और परिवहन सुविधा अनिवार्य होगी। श्रम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संशोधन मुख्य रूप से उन उद्योगों के लिए राहत लेकर आया है जो सीजनल डिमांड या बड़ी ऑर्डर सप्लाई के दौरान अधिक उत्पादन करना चाहते हैं।

## बिहार में 121 सीटों के लिए मतदान आज, दांव पर कई मंत्रियों की प्रतिष्ठा

एजेंसी



कुल 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता मताधिकार का करेंगे प्रयोग। मतदाताओं में 1.76 करोड़ महिलाएं व 19 लाख से अधिक प्रथम मतदाता शामिल, इस चरण में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में, जिनमें 122 महिलाएं व 1192 पुरुष उम्मीदवार शामिल

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के रण का शंखनाद अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है। गुरुवार को पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान होगा, जिसमें कुल 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में 1.76 करोड़ महिलाएं और 19 लाख से अधिक प्रथम मतदाता शामिल हैं, जो इस बार सियासत की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के अनुसार, इस चरण में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 122 महिलाएं और 1192 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जबकि दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में समय घटाया गया है।

कल जिनके भाग्य का फैसला होना है, उनमें दोनों उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा का नाम शामिल है। इसके अलावा 15 मंत्रियों की भी किस्मत का फैसला पहले चरण में होना है, जिनमें विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, मदन सहनी, नितीन नवीन, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सादा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता, संजय सरावगी, डॉ. सुनील कुमार, जिवेश मिश्रा, राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू है। इन सबके अलावा बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव और उनके बड़े भाई तेजप्रताप यादव भी शामिल हैं। साथ ही बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव, श्याम रजक, अनंत सिंह, अमरेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सिंह, उमेश कुशवाहा और श्रेयसी सिंह समेत कई दिग्गजों की किस्मत मतदाता 6 नवंबर को तय करेंगे।

### चुनाव को लेकर आयोग ने की तैयारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पहले चरण में 121 सामान्य, 18 पुलिस और 33 व्यय पर्यवेक्षक नियुक्ति किए गए हैं । राज्य निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। चुनाव कार्य में करीब साढ़े चार लाख सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं, जिनमें 1500 कंपनी केंद्रीय बल के शामिल हैं। इसके अलावा बिहार पुलिस, बिहार विशेष सशस्त्र बल, सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी), होमगार्ड आदि की भी ड्यूटी लगाई गई है। चुनाव को देखते हुए नेपाल सहित सभी सीमावर्ती जिलों की सीमाएं सील कर दी गई हैं। दियारा क्षेत्र में घुड़सवार दल को तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों के अलावा बिहार पुलिस के 60 हजार कर्मियों को भी चुनावी ड्यूटी में लगाया गया है। अन्य राज्यों से आई रिजर्व बटालियनों के करीब दो हजार जवान, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के तीस हजार जवान, 20 हजार से ज़्यादा होमगार्ड और लगभग 19 हजार प्रशिक्षु सिपाहियों को भी चुनाव कार्य में लगाया गया है। ग्रामीण इलाकों में लगभग 1.5 लाख चौकीदार भी चुनाव ड्यूटी में लगाए गए हैं।

### पहले चरण में यह उम्मीदवार

पहले चरण के चुनाव में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 121 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि महागठबंधन के 126 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राजग की ओर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 48 उम्मीदवार, जबकि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के 57, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास (लोजपा–आर) के 14 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के दो प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला होना है। दूसरी ओर पहले चरण में महागठबंधन की ओर से 73 राजद, 24 कांग्रेस, 14 भाकपा माले, 5 वीआईपी, 3 माकपा, 5 भाकपा और 3 इंडियन इंकलाब पार्टी (आईआईपी) उम्मीदवारों का भविष्य मतदाता तय करेंगे।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,21,630/ |
| 22 कैरेट | = | 1,11,500/ |
| 18 कैरेट | = | 91,260/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,50,500/ |



### संक्षिप्त समाचार

**एयर इंडिया की चेक इन प्रणाली में आई समस्या, उड़ानों में हुई देरी**

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की चेक-इन प्रणाली बुधवार को दिल्ली और कुछ अन्य हवाई अड्डों पर बाधित रही, जिससे कई उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। हालांकि, सिस्टम को बहाल कर दिया गया है। एयरलाइन ने जारी एक बयान में बताया कि दिल्ली और कुछ अन्य हवाई अड्डों पर एयर इंडिया के चेक-इन सिस्टम में थर्ड-पार्टी कनेक्टिविटी नेटवर्क की समस्या के कारण समस्याएं आईं। चेक-इन प्रणाली में यह समस्या तृतीय पक्ष की नेटवर्क कनेक्टिविटी में आई खराबी के कारण उत्पन्न हुई थी। कंपनी ने कहा कि सिस्टम को बहाल कर दिया गया है। हालांकि, स्थिति सामान्य होने पर हमारी कुछ उड़ानें कुछ समय के लिए विलंबित हो सकती हैं।

**साल का सबसे बड़ा चांद दिखा सामान्य से 14 गुना बड़ा**

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में आज बुधवार की रात साल का सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दे रहा है। यह साल का दूसरा सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30 प्रतिशत ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। 5 नवंबर का चांद पृथ्वी से करीब 3,57,000 किलोमीटर की दूरी पर है। यह सामान्य पूर्णिमा की तुलना में लगभग 27,000 किलोमीटर पास है। आमतौर पर चंद्रमा सबसे दूर 4,05,000 किलोमीटर और सबसे करीब 3,63,104 किलोमीटर दूर होता है।

**जीएसटी कलेक्शन सुस्त, 20 राज्यों में घटा टैक्स संग्रह**

**नयी दिल्ली।** अक्टूबर महीने में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 20 में जीएसटी संग्रह में गिरावट दर्ज की गई है। यह वित्त वर्ष 2026 में किसी एक महीने का सबसे कमजोर प्रदर्शन रहा है। इसकी मुख्य वजह जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद कारोबारियों द्वारा दरों में किए गए समायोजन को माना जा रहा है। अक्टूबर में राज्य जीएसटी संग्रह में सिर्फ 2 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि कुल जीएसटी 4.6 फीसदी बढ़ा। वित्त वर्ष की पहली छमाही में जहां कर संग्रह मजबूत रहा, वहीं अब इसकी गति धीमी हो गई है। मई में जीएसटी संग्रह की सालाना वृद्धि दर 13 फीसदी तक पहुंच गई थी। हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली में अक्टूबर के दौरान राज्य जीएसटी संग्रह में गिरावट दर्ज हुई। वहीं हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गुजरात जैसे बड़े राज्यों में कर संग्रह लगभग स्थिर रहा। इसके उलट कर्नाटक और तेलंगाना में अक्टूबर में जीएसटी संग्रह में 10 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मुख्यमंत्री योगी ने माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का किया लोकार्पण

## 72 परिवारों को मिला अपना आशियाना

▸ जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ता के साथ खड़ी है सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं। अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे।

जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में माफिया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवेदन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने। योगी ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है अब यह अभियान पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा ताकि हर गरीब, हर जरूरतमंद को उसका सम्मानजनक आवास मिल सके। माफिआओं पर जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से तय किया था कि यूपी की नकारात्मक छवि बदलेंगे। अपराध-अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू करेंगे। 8.5 वर्षों में बिना रुके, बिना झुके माफियाओं पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि माफिया संविधान का अपमान करते, कानून का मजाक उड़ाते, अधिकारी भी उनके सामने झुक जाते थे। यही नहीं पूर्व सरकारें भी ऐसे माफियाओं के सामने घुटने टेकती थीं। उन्होंने कहा कि पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण, बुंदेलखंड क्षेत्र और हर जगह माफिआ हावी थे, लेकिन आज ऐसा नहीं है।

### बिहार के विकास की इच्छाशक्ति सिर्फ राजग में

**रोहतास/गया।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में गयाजी वरीजगंज तथा रोहतास के सासाराम में जनसभाओं को संबोधित किया और लोगों से समर्थन की अपील की। उन्होंने महागठबंधन पर जमकर निशाना भी साधा। महागठबंधन पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोगों ने बिहार के नौजवानों के समक्ष पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। अन्नदाता किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे और इनके शासन काल में व्यवसाई और महिलाएं असुरक्षित हो गईं थीं, लेकिन आज ये लोग बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि महागठबंधन को वापस आने नहीं देना है, क्योंकि बीते 20 वर्षों में आपने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को आगे बढ़ते देखा है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए इच्छा शक्ति होनी चाहिए, जो राजग के पास है।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई ईडी को फटकार, फरार आरोपी का पता लगाकर करें गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी ऐप के सह-संस्थापक रवि उप्पल का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। वह दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है।

न्यायालय ने कहा कि सफेदपोश अपराध के आरोपियों के लिए अदालतों और जांच एजेंसियों को ''खिलौना बनाने'' नहीं दिया जा सकता है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी उप्पल के कानून से बचने पर गंभीर नाराजगी जताई और कहा, ''यह अदालत के विवेक को झकझोरता है, अब कुछ करना ही होगा।''

## देशव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 का शुभारंभ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को देशव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 का शुभारंभ किया। यह एक माह लंबा अभियान 30 नवंबर तक चलेगा, जिसका उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्रक्रिया को सरल बनाना है।

अभियान के पहले चार दिनों में ही 55 लाख से अधिक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी किए जा चुके हैं, जबकि पूरे माह का लक्ष्य दो करोड़ का है। अभियान 4.0 के तहत देशभर के लगभग 2,000 जिलों और शहरों में 2,500 शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनका संचालन 1,250 नोडल अधिकारी करेंगे। इसमें 19 पेंशन वितरण बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, यूआईडीएआई, एमईआईटीवाई, ईपीएफओ, रेलवे और दूरसंचार विभाग जैसी संस्थाएँ भाग ले रही हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अकेले 1.8 लाख डाक कर्मचारियों के माध्यम से 1,600 से अधिक स्थानों पर घर-घर जाकर जीवन प्रमाण पत्र सेवा उपलब्ध करा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईज़ ऑफ लिविंग और सिटिजन सेंट्रिक गवर्नेंस के विज़न का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस बार विशेष रूप से फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि बुजुर्ग पेंशनभोगियों को अधिक सुविधा मिले।

### हरियाणा में 25 लाख वोटों की गड़बडी से बनाई गई अवैध सरकार : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि देश में किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र नहीं, राज्य स्तर पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर वोटों की हेराफेरी हो रही है। इसी क्रम में हरियाणा विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोटों में गड़बड़ी की गयी है। श्री गांधी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह जिस प्रमाण के साथ वोट चोरी का विवरण दे रहे हैं उससे साफ होता है कि हरियाणा में चुनाव नहीं हुए, बल्कि 100 फीसदी प्रमाणों से साबित होता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा तथा चुनाव आयोग ने मिलकर लोकतंत्र को ध्वस्त किया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर छह महिलाओं सहित आठ की मौत, कई लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में बुधवार सुबह चुनार रेलवे स्टेशन पर बड़ा रेल हादसा हो गया। नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें 6 महिलाएं हैं। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह करीब 9.30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर हुई।

बताया जा रहा है कि चोपन से आई पैसेंजर ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने के बाद कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते भीड़ अधिक होने से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म की ओर न उतर कर दूसरी तरफ ट्रैक से नीचे उतरने लगे। तभी तेज रफ्तार से आई नेताजी एक्सप्रेस उसी ट्रैक से गुजर गई। श्रद्धालु कुछ समझ पाते, इससे पहले ही ट्रेन ने कई लोगों को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मौके पर दिल दहला देने वाला मंजर था। रेलवे ट्रैक पर चारों ओर लोगों के शव बिखर गए। शवों के टुकड़ों को पुलिस ने बड़ी मशक्कत से समेट कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल यात्रियों को तुरंत जिला अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। मृतकों में अधिकांश कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा घाट जा रहे श्रद्धालु बताए जा रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष मिश्रा ने बताया कि इस हादसे में 6 महिला मृतकों की पहचान कर ली गई है। इनमें सविता (28) पत्नी राजकुमार निवासी कमरिया थाना राजगढ़, साधना (16) पुत्री विजय शंकर बिंद, शिव कुमारी (12) पुत्री विजय शंकर, अप्पू देवी (20) पुत्री श्याम प्रसाद, सुशीला देवी (60) पत्नी स्व. मोतीलाल निवासी महुआरी थाना पड़री, कलावती देवी (50) पत्नी जनार्दन यादव निवासी बसवा थाना कर्मा जनपद सोनभद्र हैं। अन्य मृतकों की पहचान करने के साथ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू कराया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार और राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम जारी

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यूपी हाईस्कूल और इंटर का एग्जाम 18 फरवरी से शुरू होगा।

पीएमएसपी द्वारा जारी टाइमटेबल के अनुसार यूपी बोर्ड क्लास 10 और 12 बोर्ड एग्जाम 18 फरवरी 2026 से शुरू होंगे। यूपी हाईस्कूल और इंटर दोनों की परीक्षाएं एक साथ शुरू होंगी और एक ही साथ 12 मार्च 2026 को समाप्त होंगी। यूपी 10वीं बोर्ड एग्जाम 2026 डेट, टाइम- यूपी बोर्ड 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 में बुधवार, 18 फरवरी को हिन्दी विषय के साथ शुरू होगी। निर्धारित तिथियों में दो-दो पालियों में परीक्षा रखी गई है। फर्स्ट शिफ्ट का एग्जाम सुबह 8.30 बजे से लेकर दिन के 11.45 बजे तक होगा। सेकंड शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक चलेगी। प्रमुख विषयों की बात करें तो हिन्दी के बाद सामाजिक विज्ञान की परीक्षा शुक्रवार 20 फरवरी 2026 को, अंग्रेजी की परीक्षा सोमवार 23 फरवरी, विज्ञान की परीक्षा बुधवार 25 फरवरी, गणित की परीक्षा शुक्रवार 27 फरवरी, संस्कृत की परीक्षा शनिवार 28 फरवरी को आयोजित की जा रही है। यूपी 12वीं बोर्ड एग्जाम 2026 डेट और टाइमः यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा की बात करें, तो इसकी शुरुआत भी हिन्दी के साथ ही हो रही है। यूपी इंटर का एग्जाम भी दो शिफ्ट में होगा। टाइमिंग हाईस्कूल की तरह ही 8.30 बजे से लेकर 11.45 बजे तक (पहली शिफ्ट) और 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक रहेगी। मेन सब्जेक्ट्स में हिन्दी के बाद अगला पेपर नागरिक शास्त्र का 19 फरवरी को, संस्कृत और अंग्रेजी का 20 फरवरी, इतिहास 21 फरवरी, जीव विज्ञान और गणित 23 फरवरी, अर्थशास्त्र 24 फरवरी, केमिस्ट्री और समाज शास्त्र 25 फरवरी, भूगोल 26 फरवरी, फीजिक्स और सैन्य विज्ञान 27 फरवरी, मानव विज्ञान 7 मार्च, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र और तर्कशास्त्र का पेपर 9 मार्च, कम्प्यूटर 12 मार्च को होगा। बुधवार, 5 नवंबर 2025 की शाम 6.44 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने अपने एक्स हैंडल पर ये जानकारी साझा की है।

## बिहार के विकास के लिए बदलाव है अब जरूरी : अखिलेश यादव

एजेंसी



**भागलपुर।** भागलपुर जिले के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल उम्मीदवार जेड हसन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया।

नाथनगर के ऐतिहासिक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अब समय बदलाव का आ गया है। नाथनगर की जनता जब बदलाव का मन बना लेती है, तब परिवर्तन कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि इस बार जनता का आशीर्वाद जेड हसन को मिलना चाहिए, ताकि विकास और सामाजिक न्याय को नई दिशा मिल सके। बिना नाम लिए भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर प्रहार करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जिन्होंने जनता से वादे किए थे, वे वादे सिर्फ कागजों पर रह गए। रोजगार, महंगाई, किसान और युवाओं की बात सिर्फ भाषणों में होती रही, जमीन पर कुछ नहीं दिखा। अखिलेश यादव ने महागठबंधन की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि यह गठबंधन गरीब, किसान, मजदूर और नौजवानों की आवाज है।

देव दीपावली

गंगा पूजन और दीपोत्सव के भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक रहे मौजूद

## 25 लाख दीयों से जगमगाई काशी, गंगा आरती में स्वर्ग जैसा नजारा

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** युवाओं की टोली फोटो, वीडियो और रील बनाती नजर आई। सामने घाट पुल से लेकर घाट की तरफ व्यंजनों की दर्जनों दुकानें लगी रहीं। घाटों पर उमड़ी भीड़ को पुलिस सहित अन्य फोर्स संभालती नजर आई। देव दीपावली के अवसर पर बीएचयू के छात्रों का भी जुटान हुआ। उन्होंने भी हजारों दीप जलाए।

इसके साथ ही घाट पर बीएचयू से संबंधित चित्रकारी भी की गई, जिसमें महामना पंडित मदनमोहन मालवीय की पेंटिंग काफी आकर्ष रही। सारनाथ स्थित सारंगनाथ महादेव कुंड हजारों दीपों से जगमग हो उठा। इस दौरान लोगों ने हर-हर महादेव का उद्घोष कर घंट-घड़ियाल बजाने लगे। शाम होते ही बाबा सारंगनाथ सेवा समिति की ओर से दीप प्रज्ज्वलित किए गए। मंदिर परिसर में 25 हजार दीपों जलाए गए। गंगा पूजन और दीपोत्सव के इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक मौजूद रहे। रोहनिया शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर माधोपुर गंगा घाट पर सवा लाख दीपक से सजाया गया। दीपक के जलते ही घाट पर चारो तरफ जगमग हो गया मानो तारे घाट पर उतर आए हो। शूलटंकेश्वर महादेव का भी भव्य श्रृंगार किया गया। पुजारी राजेंद्र गिरी ने गंगा आरती भी किया गया। वाराणसी के घाटों पर जिला प्रशासन ड्रोन से निगरानी कर रहा था। सुरक्षा के साथ एहतियात भी बरते जा रहे थे। ड्रोन से जब देव दीपावल की तस्वीर ली गई तो काफी विहंगम नजारा दिखा। काशी के नमो घाट पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी देव दीपावली देखी। इसके बाद क्रूज पर सवार होकर लेजर लाइट का भी नजारा देखा। वाराणसी के प्रसिद्ध नमो घाट पर देव दीपावली के अवसर पर विशेष गंगा आरती का आयोजन हुआ।

### देव दीपावली पर मुख्यमंत्री योगी ने देखी दीपकों की सजावट

**वाराणसी।** कार्तिक पूर्णिमा पर वाराणसी के घाटों पर दीपक जलाकर मनाए जाने वाले देव दीपावली पर्व को देखने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी के नमो घाट से क्रूज पर सवार हुए। देव दीपावली पर घाटों पर हुई दीपकों की सजावट को देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आनंदित हो उठे। उन्होंने साथ में खड़े जनप्रतिनिधियों राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल और विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी से घाटों के संबंध में तमाम जानकारी भी ली। घाटों के इतिहास की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कई बार हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमो घाट पर देव दीपावली उत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया।

## खबरें एक नजर में

### मक्का मदीना को रवाना हुआ जायरीनों का जत्था



**जैदपुर, बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला अहिरन से बुधवार रात उमराह के लिए जायरीनों का एक जत्था मक्का और मदीना के लिए रवाना हुआ। इस दौरान लोगों ने जगह-जगह फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और देश दुनियां में अमन शांति कायम रहने के साथ साथ अपने व परिवार के लोगों के लिये दुआ करने की अपील भी की है। हुजूर के रौजे का दीदार करने के लिए रवाना होने वालो में मोहल्ला अहिरान निवासी मुन्ना लाला, ग्रामीण क्षेत्र के तफज्जुल हुसैन, फुज्जु, नासिरा और मुन्नी शामिल थे। यह सभी देर शाम उमराह करने के लिए रवाना हुए। हाजी जियाउर्रहमान ने उमराह पर जाने वाले लोगों का हौसला बढ़ाया और उनसे देश दुनियां में अमन-चैन की दुआ करने का आग्रह किया वहीं उपस्थित लोगों ने भी जायरीनों से हुजूर के रौजे पर उनके लिए दुआ करने की दरख्वास्त की इस अवसर पर हाजी शुऐब मिम्बर अंसारी, हाजी इसराइल कुरैशी, मास्टर फैजानुर्रहमान उर्फ बब्लू, हारून अंसारी, जुनैद अंसारी, सभासद अबसार अंसारी, समाजसेवी उस्मान भाई, सबाहुलहक अंसारी, जमालुद्दीन शाह, पत्रकार वसीम खान, पत्रकार अबु तल्हा सहित कई रिश्तेदार और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### पंचायत भवन में सफदरगंज पुलिस ने साइबर अपराधों के बारे में लोगों को किया जागरूक



**मसौली, बाराबंकी।** गांवों को अपराध मुक्त बनाने, महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए बुधवार को सफदरगंज पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत अम्बौर के पंचायत भवन में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरुक किया। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित के चौपाल में ग्रामीणों को टुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी थानाध्यक्ष ने कहा कि इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइबर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केबाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिंक अथवा ओटीपी शेयर न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि गांव में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझा लिया जाए, जिससे थाना व कचहरी जाने से बचा जा सके। बाद में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। महिला आरक्षी काजुल सिंह ने अभियान मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन एंटी रोमियो, साइबर जागरूकता के तहत विद्यार्थियों को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध, यातायात के नियमों, बाल विवाह, पास्को एक्ट,नये कानून दंड से न्याय की ओर, घरेलू हिंसा, गुड टच, बैड टच के बारे में अवगत कराते हुए हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन,1076 ,माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,10 , एंबुलेंस सेवा,1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098, चाइल्ड हेल्पलाइन, 102, स्वास्थ्य सेवा ,101 अग्निशमन सेवा की जानकारी दी। उपनिरीक्षक विभूति द्विवेदी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सामुहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन आदि एवं ड्रोन संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को थानाध्यक्ष के सीयूजी नंबर 9454403074 की जानकारी दी।

### पुलिस चौपाल में निस्तारित हुए दो मामले, एसपी की पहल पर हर थाने की पुलिस ग्रामीणों से कर रही संवाद



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शुरू की गयी नई पहल के तहत जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन कर 2 मामलों का तत्काल निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक नई पहल की शुरूआत की गयी है, जिसमें सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारित किया जाना है जिससे पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े और जनसंवाद का स्तर उच्चकोटि का हो सके। जिले के सभी थानों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में ग्राम वासियों के बीच चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्या को सुना गया एवं मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं जैसे भूमि विवाद, चकमार्ग, नाली सम्बन्धी आदि शिकायतों को मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारण कराया गया। उक्त कार्यवाही की जनता द्वारा सराहना की गयी। बाराबंकी पुलिस द्वारा ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलों का अवलोकन कर उनके बारे में जानकारी की गयी एवं मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में अन्य जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही शस्त्र धारकों व हिस्ट्रीशीटर के बारे में भी जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों को ग्राम चौपाल के योजना के महत्व एवं साइबर क्राइम, यातायात जागरुकता से अवगत कराते हुए सतर्क रहने एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090/112/1076/108/1930 के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया। साथ ही ड्रोन देखे जाने सम्बन्धी फैलाई जा रही अफवाहों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। **चौपाल में निस्तारित प्रकरण**: थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रनापुर में दो पड़ोसियों के मध्य नाली को लेकर विवाद था, जिसे मौके पर निस्तारित कराया गया। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मंझारी में रास्ते के विवाद को पुलिस व राजस्व टीम द्वारा निस्तारित कराया गया।

### महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले पर केस दर्ज

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सादुल्लानगर के एक गांव की विवाहिता ने पड़ोसी युवक घर अश्लील वीडियो बनाकर प्रसारित करने व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की सादुल्लानगर थाने में दी तहरीर पर आरोपित प्रेमचंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति रोजी-रोटी कमाने पूना में थे ।तब गांव का प्रेमचंद्र फोन पर बातचीत करता था। आरोपित ने विश्वास में लेकर शारीरिक संबंध बनाए और चोरी-छिपे अश्लील वीडियो भी बना लिया। जब पति लौटे, व तो उसने गलती स्वीकार करते हुए पति से माफी मांगी। पति ने समाज के समझाने पर दोबारा साथ रख लिया। इस बीच आरोपित प्रेमचंद्र राजकोट गुजरात चला गया। तीन माह बाद उसने मोबाइल पर संदेश भेजकर गालियां देनी शुरू कीं। कथित रूप से वही वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। हालांकि हमारे संवाददाता किसी प्रसारित वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सादुल्लानगर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### वार्ड नं 14 में सड़क पर जलभराव होने से नगर वासियों का आवागमन बाधित



**तुलसीपुर, बलरामपुर।** स्थानीय आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के वार्ड नंबर 14 में स्थित रेलवे लाइन के दक्षिण आबादी के निवासियों को उबड़-खाबड़ व कच्ची सड़क वाले मार्ग पर राह चलना दूबर है। मोहल्ले की बजबजाती कच्ची सड़क पर गंदा पानी लोगों को बड़ी समस्या बनी हुई है। जगह-जगह कूड़ा कचरा बिखरा रहता है। रात में स्ट्रीट ना जलने से सड़क पर भरा पानी में घुसकर आना-जाना रहता है। इस कच्ची सड़क से निवासियों को देवीपाटन मंदिर दर्शन करने के लिए तथा हरैय्या चौराहे सब्जी लेने के लिए काफी आसान सड़क है लेकिन एक सड़क से गुजरने के लिए चप्पल को हाथ में लेकर सड़क के कीचड़ मे घुसकर जाना पड़ता है इधर-उधर आने-जाने के बाद लोगों को कीचड़ से पैर धुलना पड़ता है तब जाकर चप्पल पहनते हैं। कच्ची सड़क के किनारे पानी निकासी के लिए नाली तक नहीं बनी है जिससे कच्ची सड़क पर हर मौसम में कीचड़ ही कीचड़ दिखाई पड़ता है पीड़ित निवासी रामनिवास यादव, दीपांशु श्रीवास्तव, राजकुमार विश्वकर्मा, रमेश कुमार मिश्रा, पाटेश्वरी चौहान, सुनील कुमार, राहुल सिंह आदि लोगों ने बताया कि नगर पंचायत को कई बार लिखित मौखिक पक्की सड़क बनवाने की मांग की लेकिन नजरअंदाज किए जाने के कारण विकास नहीं हुआ जो स्थानीय निवासियों को इस कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज न बताया कि बजट आ गया है दिसंबर माह के कार्य शुरू हो जाएगा।

# कार्तिक पूर्णिमाः कोटवाधाम में उमड़े श्रद्धालु

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा का पांच दिवसीय मेले के पहले दिन भारी संख्या में भक्तों का जनसैलाब आने से कोटवाधाम गुलजार दिखाई पड़ा। कोटवाधाम चौराहे से लेकर मंदिर परिसर तक बाबा के जयघोष के साथ पूरा परिसर भक्तिमय दिखाई दिया। बदोसराय थाना क्षेत्र में स्थित सतनाम संप्रदाय का प्रमुख गुरुद्वारा कोटवाधाम में स्थित समर्थ जगजीवन दास की समाधि स्थल पर बुधवार पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब मत्था टेकने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ी।यहां पर स्थित पवित्र अघहरण सरोवर के



घाटों पर सुबह से ही भारी भीड़ जमा रही। लोगों ने पवित्र आभरण सरोवर में स्नान दान कर बाबा की चौखट पर माथा टेका और मनवांछित फल की कामना की। मेले में लैय्या चाट, प्रसाद, मीनाबाजार, पशुओं की बाजार व झूला आदि के जगहों पर भारी भीड़ दिखाई दी। मेले का आकर्षण का केंद्र पशु बाजार रहा। मेले में अनेक लोग एक दूसरे से बिछड़े हुए थे जिनको बदोसराय पुलिस ने पाया खोया केंद्र के माध्यम से मिलवाने का कार्य किया।भीड़ को देखते हुए जगह दिखा कर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।स्थानीय पुलिस छोड़ जिले के अन्य थानों से मेले में पुलिस तैनाती की गई थी।मेले में पीएससी फायर से भी मदद लेकर भीड़ से निपटने के भारी भरसक के इंतजाम किया गया है। मेले में स्थानीय जनपद छोड़ गोंडा, बहराइच, रायबरेली, अमेठी, बलरामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, लखनऊ, सुल्तानपुर व छत्तीसगढ़, पंजाब, नेपाल देश तक बाबा के अनुयायी कार्तिक पूर्णिमा में अपनी हाजिरी लगाकर उनकी चौखट पर माथा टेका।बड़ी गद्दी महंत निलेन्द्र बक्स दास सहित सभी महंतो के यहां श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बदोसराय थानाध्यक्ष अजित कुमार विद्यार्थी ने बताया कि काफी ज्यादा तादाद में भीड़ होने की वजह से अन्य थानों से भी पुलिस की मदद ली गई थी मेला अभी तक शांतिपूर्वक चल रहा है।

## बाइक सवार की साइकिल से हुई टक्कर, दो लोग घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव के पास बुधवार की सुबह बाइक और साइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में साइकिल सवार करीब 70 वर्षीय वृद्ध और बाइक चालक दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, रामपुर राय साहब गांव निवासी 70 वर्षीय केशव राम बुधवार की सुबह अपनी साइकिल से खेत की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार देशराज निवासी कुड़वासा गांव की बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बाइक सवार देशराज को भी चोटें आई, जबकि वृद्ध केशव राम गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां से 108 एंबुलेंस की मदद से केशव राम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लाया गया। आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक डॉ. अमित ने प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, बाइक सवार देशराज का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही किया गया। बाइक सवार देशराज ने बताया कि वह कोटवा धाम जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## वाहन चालकों को लो बीम, हाई बीम लाइटों की टीआई ने दी जानकारी



**बाराबंकी।** यातायात माह नवम्बर एवं यातायात जागरुकता अभियान के दृष्टिगत प्रभारी यातायात द्वारा चालकों को वाहनों के रखरखाव, हाई बीम तथा लो बीम के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। यातायात माह नवम्बर 2025 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में यातायात नियमों का पालन कराने हेतु जनपद के समस्त थानों में विशेष अभियान चलाकर यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। नागरिकों को यातायात नियमों का अनुशासित तरीके से पालन करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात रामयतन यादव द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत वाहन चालकों को वाहनों के रखरखाव, हाई बीम तथा लो बीम के अलग-अलग उपयोगों के बारे में विस्तृत रूप से वाहन चालकों को बताया कि लो बीम सामान्य, शहरी क्षेत्र में ड्राइविंग के लिए है, जबकि हाई बिना रोशनी वाली सड़कों/ हाईवे पर लंबी दूरी की रोशनी के लिए है।

## खाटू श्याम जागरण में रंग-बिरंगी रोशनी से सजी आकर्षक झांकी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के दशहरा बाग स्थित मैदान में चौथे खाटू श्याम जागरण का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। खाटू श्याम की भव्य एवं मनमोहक झांकी ने सभी का मन मोह लिया। भक्तों ने जयकारों के साथ भगवान श्याम का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इससे पूर्व सुबह 10 बजे गायत्री शक्तिपीठ से उत्सव स्थल तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। बुधवार की देर शाम शुरू हुए जागरण में नवीन म्यूजिकल ग्रुप कानपुर के सुमधुर संगीत के बीच मनोज शर्मा (ग्वालियर), अंजना आर्या व अभिषेक शुक्ला (कानपुर) आदि



भजन गायको द्वारा बाबा खाटू श्याम की महिमा का देर रात तक गुणगान किया जाता रहा। इस कार्यक्रम में खाटू श्याम परिवार के प्रबंधक जयकुमार सोनी,अध्यक्ष विष्णु सोनी, सह अध्यक्ष राजकुमार सोनी, विकास पांडेय विक्की, विवेक गुप्ता, दीपक सोनी बबलू, डॉ. कुलदीप, सूरज साहू, उमेश कुमार सोनी मोहित, हिमांशु सैनी अंशु जगदीश साहू के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, भाजपा नेता पंकज दीक्षित, राजू भैया, समाजसेवी दीपू तिवारी, वेद बाजपेई, जनार्दन शुक्ला, गजेंद्र तिवारी पंकज मिश्रा भानु मिश्रा नितिन मौर्य सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## बिजली कर्मियों को इलेक्ट्रिक सेफ्टी पीपीई किट वितरित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विद्युत सुरक्षा को मजबूत करने के लिए द इंपीरियल इलेक्ट्रिक कंपनी एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विद्युत लाइन पर कार्य कर रहे विद्युत कमर्चारियों को इलेक्ट्रिकल सेफ़्टी पीपीई किट्स वितरित की गई हैं ।इन किट्स का उद्देश्य लाइनमैन और अन्य कर्मचारियों को फील्ड में काम करते समय बिजली से संबंधित जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करना है। कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार, इन सेफ़्टी किट्स के उपलब्ध होने से जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा।



इससे लाइनमैन और अन्य विद्युत कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर अधिक सुरक्षित महसूस कर सकेंगे। सुरक्षा उपायों के साथ-साथ,1912 फ़ॉल्ट रेक्टिफ़िकेशन टीम की गाड़ियाँ भी जिले के सभी पावर हाउसो पर तैनात की गई है ।किसी भी विद्युत समस्या पर तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेगा,जिससे जिले में बिजली आपूर्ति को सुचारू और निर्बाध बनाए रखने में मदद मिलेगी ।यह पूरा कार्य द इंपीरियल इलेक्ट्रिक कंपनी द्वारा संपादित किया गया है ।कंपनी के बाराबंकी में देखरेख करने वाले मनीष सूर्यवंशी ने बताया कि जिले के सभी पाँचों डिवीजनो के करीब 450 कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपलब्ध करा दी गई है और वे इन किट्स को पहनकर ही कार्य कर रहे हैं ।उनके अनुसार, कंपनी के इन प्रयासो से जिले मे विद्युत सुरक्षा और आपूर्ति मे सुधार हुआ है।

## गमछे से फंदा लगा पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**▸ मां ने हत्या का लगाया आरोप**

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के बनी गांव में बुधवार की सुबह गांव के बाहर सागौन के बाग में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान 35 वर्षीय पेशक़ार रावत पुत्र भूपत रावत के गले के पास एक गमछा मिला मृतक की मां ने हत्या की बात कही है। नगर पंचायत के बनी गांव में बुधवार की सुबह गाँव का ही एक युवक मृत्यु देखा गया पुलिस को मृतक की मां ने बताया कि उनका बेटा मंगलवार रात खाना खाकर पास के बंगले में सोने गया था। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताई है।



बुधवार की सुबह बाग मालिक जब अपने खेत पर गया तो उसने सागौन के बाग में युवक का शव देखा। तत्काल उसने गांव के लोगों और मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव भी मौके पर पहुंचे और कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। थोड़ी ही देर में कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक के भाई सुशील रावत ने बताया कि करीब दो माह पहले पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति से विवाद हुआ था। उनका आरोप है कि उसी रंजिश की वजह से पडोस वालो ने उनके भाई की हत्या की है। उन्होंने कहा कि पेशक़ार स्वभाव से शांत व्यक्ति थे और किसी से उनकी दुश्मनी नहीं थी। पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए और जांच शुरू की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में लोगों की भीड़ लगी रही और तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। हत्या की इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक भी पहुचे उन्होंने तत्काल घटना का वर्कआउट करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिया है।

## 11 को श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री देवी पाटन आएंगेः मिथलेश नाथ

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि समारोह अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ 11 नवंबर को श्रद्धांजलि सभा में देवीपाटन पधारेंगे। पीठाधीश्वर योगी मिथलेश नाथ ने प्रेस को बताया की उक्त श्रद्धांजलि सभा में श्रीमद्भागवत कथा गुरुवार से प्रारंभ हो जाएगी। कथावाचक स्वामी बालक दास महाराज जी 11 नवंबर तक कथा अपने मुखारविंद से भक्तजनों को श्रवण कराएंगे तत्पश्चात संत सम्मेलन एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अलावा हरियाणा मध्य प्रदेश राजस्थान उत्तराखंड सहित अनेकों प्रांत के अलावा नेपाल राष्ट्र के संत महात्मागण व जनप्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे उसी दिन विशाल भंडारा भी आयोजित होगा जो देर रात तक चलता रहेगा। उन्होंने नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि सभा में आमंत्रित किया है।

## पहले प्रयास में नीट की परीक्षा पास कर हिमांशी ने बढ़ाया गांव का मान

**रेहराबाजार/ बलरामपुर।** विकासखंड रेहराबाजार अंतर्गत ग्राम सोनापार की होनहार बेटी हिमांशी शुक्ला ने अपने पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। हिमांशी, अनिल कुमार शुक्ला (व्यापारी) की पुत्री हैं। चयन होने के बाद अब वह एमबीबीएस, अमेठी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीणों और स्वजनो ने खुशी व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। हरिवंश सिंह, भानु प्रकाश मिश्रा, ग्राम प्रधान आनंद मिश्रा, राम तीरथ शुक्ला, शिव बहादुर सिंह, सुरेंद्र कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य लोगों ने हिमांशी



को बधाई दी और कहा कि उन्होंने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हिमांशी ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन व माता-पिता के सहयोग से यह सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि लगन और मेहनत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। गांव के लोगों का कहना है कि हिमांशी की सफलता से अन्य छात्र-छात्राओं में भी उत्साह और प्रेरणा का संचार होगा।

## श्रद्धा और सेवा की मिसाल बना गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव पर्व

**▸ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया लंगर का प्रसाद, समाज में भाईचारे का संदेश**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव (प्रकाश पर्व) के पावन अवसर पर बुधवार को नगर के गुरुद्वारा साहिब उतरौला में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनभर भक्ति, कीर्तन और सेवा भावना से ओतप्रोत माहौल ने पूरे नगर में श्रद्धा और सौहार्द का वातावरण बना दिया। गुरुद्वारा परिसर में आयोजित विशेष लंगर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट और सात्विक प्रसाद परोसा गया, जिसमें सेवा का भाव प्रमुख रहा। सभी ने गुरु परंपरा के





अनुसार प्रेम, समानता और भाईचारे का संदेश आत्मसात किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के प्रधान सरदार दलबीर सिंह खुराना, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, रघुवीर सिंह, प्रीतपाल सिंह, गुरविंदर सिंह, सुरेंद्रपाल पाहुजा, परमजीत सिंह, प्रताप सलूजा, भूपिंदर सिंह, हरचरन सिंह, त्रिलोचन सिंह, राजेश खुराना, संदीप खुराना, राकेश खुराना, महेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कसेरा, दीपक पाहुजा, रघुवीर सिंह पाहुजा, अमित खुराना, विंकल खुराना, देवेंद्र सिंह आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। गुरु नानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1469 को तलवंडी (वर्तमान पाकिस्तान के ननकाना साहिब) में हुआ था। सिख धर्म के प्रवर्तक गुरु नानक देव जी ने अपने जीवनभर मानवता, समानता, सत्य और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और एक ओंकार सतनाम के सिद्धांत से मानव को एकता और ईश्वर के प्रति समर्पण का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाओं में कीरत करो (मेहनत से जीवन यापन करो), नाम जपो (ईश्वर का स्मरण करो) और वंड छको (अपना कमाया दूसरों से साझा करो) जैसे जीवन-मूल्य आज भी समाज में आदर्श रूप में स्वीकार किए जाते हैं। इसी पवित्र दिवस को सिख समुदाय गुरुपर्व या प्रकाश उत्सव के रूप में मनाता है। इस दिन देश-विदेश के सभी गुरुद्वारों में अखंड पाठ, कीर्तन, अरदास और लंगर सेवा का आयोजन होता है। उतरौला गुरुद्वारा साहिब में हुआ यह आयोजन भी इसी सेवा परंपरा और गुरु परंपरा का जीवंत उदाहरण रहा, जहाँ सभी ने मिलकर सरबत्त दा भला (सबका भला हो) की भावना से गुरु नानक देव को नमन किया।

**राप्ती तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**

# कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान, स्नान और उतरौला क्षेत्र में मेले की रौनक

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। उतरौला बाजार से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राप्ती नदी के किनारे मेले का आयोजन हुआ। इसके साथ ही, भुड़कुला, सिंगरजोत घाट सहित अन्य स्थानों पर भी मेले लगे, जहां आसपास के गांवों और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण कर वेदों की रक्षा की थी। साथ ही, त्रिपुरासुर राक्षस का वध कर भगवान शिव ने त्रिपुरारी नाम धारण किया था, जिससे यह दिन देव दीपावली के रूप में भी जाना जाता है। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं ने राप्ती नदी में स्नान कर दीपदान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य का आयोजन किया। घाटों पर श्रद्धालुओं ने जल में दीप प्रवाहित किए, जो एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। मेला स्थल पर धार्मिक गीतों और भजनों की धुन गूंज रही थी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो



गया। राप्ती नदी पर लगे मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें, झूले, खिलौने, मिठाई की दुकानें और घरेलू सामान की बिक्री हुई। बच्चों के लिए झूले और खिलौने मुख्य आकर्षण रहे। मेले में लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और पूजा सामग्री की खरीदारी की। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। घाटों पर सफाई और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए। भुड़कुला, सिंगरजोत घाट सहित अन्य गांवों में भी कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मेले का आयोजन किया गया। सिंगरजोत घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद लिया। यहां स्थानीय व्यंजनों की दुकानों के साथ पूजा सामग्री और हस्तशिल्प वस्तुओं की बिक्री ने श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित किया। धार्मिक वातावरण और मेलों की पारंपरिक रौनक ने इसे खास बना दिया। भुड़कुला गांव में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर को और भी विशेष बनाने के लिए मेले के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम का कार्यक्रम रखा गया जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष तथा बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। कार्तिक पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर ने लोगों को आध्यात्मिक शांति और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य किया।

# वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है। यह वह स्वर है जिसने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारत को आजादी की राह दिखाई। जब-जब देश पर संकट आया, यह गीत हर भारतीय के हृदय में नई ऊर्जा, साहस और एकता का संचार करता रहा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी के सूबाई दफ्तर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वंदे मातरम् में केवल मातृभूमि की स्तुति नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति श्रद्धा, त्याग और समर्पण की भावना निहित है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत हर आंदोलन और बलिदान का प्रेरणास्रोत बना।

आजाद भारत में भी इसकी प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है। यह गीत हमें स्मरण कराता है कि हमारा राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं बल्कि साझा संस्कृति, भावनाओं और कर्तव्यबोध से निर्मित हुआ है।

उन्होंने बताया कि वंदे मातरम् का सृजन वर्ष 1875 में श्री बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा किया गया था और इसका प्रथम वाचन वर्ष 1896 में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कोलकाता में किया था।

वर्ष 1950 में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत राष्ट्रवाद, एकता और ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध का प्रतीक बना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर को वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भी इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करने का निर्णय लिया है।

### राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवम्बर को होंगे आयोजन

राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवम्बर को उत्तर प्रदेश के 18 स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। 8 से 15 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों पर सामूहिक गायन एवं सभाओं का आयोजन होगा। विधानसभा और मण्डल स्तर पर भी सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यक्रम होंगे, जिनमें आमजन की व्यापक सहभागिता की जाएगी। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएँ, प्रभात फेरियाँ, बाइक रैलियाँ, तथा प्रदर्शनियाँ और साहित्यिक गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। प्रदेश की राजधानी सहित जिलों में प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जबकि विद्यालयों और महाविद्यालयों में निबंध, कविता और चित्रकला प्रतियोगिताएँ कराई जाएंगी ताकि नई पीढ़ी राष्ट्रगीत की प्रेरणा और उसके महत्व से परिचित हो सके। श्री चौधरी ने कहा कि वंदे मातरम् नवभारत के उस संकल्प का प्रतीक है जिसमें हर नागरिक अपने भीतर भारत माता के प्रति श्रद्धा, सेवा और समर्पण की भावना को जीवित रखे। यही भावना भारत को विश्व में वसुधैव कुटुम्बकम के संदेशवाहक के रूप में प्रतिष्ठित करती है।

# आरटीओ ने बिना परमिट-ओवरलोड वाहन पकड़े, सात वाहनों पर किया चालान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के किसान पथ पर बुधवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) की टीम ने सुबह से ही चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर गुजर रहे मालवाहक और निजी वाहनों की गहन जांच की गई।

आरटीओ की यह कार्रवाई मुख्य रूप से उन वाहनों के खिलाफ थी जो ओवरलोड, बिना परमिट या ऊंचाई सीमा से अधिक माल लेकर चल रहे थे। अभियान के दौरान आरटीओ अधिकारियों ने दो ओवरलोड वाहनों को जब्त किया। एक वाहन को बिना वैध परमिट के संचालन करते हुए पकड़ा गया और मौके पर ही सीज कर लिया गया। इसके अलावा सात अन्य वाहनों पर ओवरहाइट, नंबर प्लेट पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न होने और अन्य नियम उल्लंघनों के लिए चालान किया गया। अभियान के दौरान कई वाहनों की जांच की गई, जिससे किसान पथ पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक की रफ्तार धीमी हो गई। आरटीओ टीम ने मौके पर मौजूद ड्राइवरों को आवश्यक दस्तावेज रखने और ओवरलोड से बचने की सख्त हिदायत दी। अधिकारियों ने कहा कि ओवरलोडिंग न सिर्फ वाहन की उम्र घटाती है बल्कि सड़क हादसों का भी बड़ा कारण बनती है। एआरटीओ प्रवर्तन राजीव बंसल ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना परमिट, ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन सड़क पर खतरा पैदा करते हैं, इसलिए इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। आगे भी लखनऊ में ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित हो और आमजन को सुरक्षित यातायात का माहौल मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### डिस्काम के अध्यक्ष और महामंत्री में मतभेद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। संघर्ष समिति ने कहा की महाराष्ट्र के विद्युत वितरण निगम के बड़े अधिकारियों ने बताया कि निजीकरण को लेकर ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के अध्यक्ष लोकेश चंद्र और महामंत्री आशीष गोयल जो उप्र पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन है के बीच में गहरे मतभेद हो गए हैं। इसी के चलते मुंबई डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2025 पूरी तरफ़ फ्लॉप हो गई। उसमें केंद्रीय मंत्री से लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तक आए और न ही अधिकांश प्रांतों के चेयरमैन और एम डी आए। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने एक साल पहले निजीकरण का निर्णय घोषित कर बिजली कर्मियों का गुस्सा बढ़ा दिया है। लगातार आंदोलन चल रहा है और कार्य का वातावरण पूरी तरह बिगड़ चुका है। समय की आवश्यकता यह है की पावर कारपोरेशन के प्रबंधन को निजीकरण का निर्णय निरस्त कर वास्तविक सुधार कार्यक्रम पर बिजली कर्मियों से वार्ता करनी चाहिए। बिजली कर्मी सुधार हेतु लगातार प्रयत्नशील है और उसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। संघर्ष समिति के आह्वान पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे हैं आंदोलन के आज 343 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी है।

### 10 वां बिटिया विवाह उत्सव का आयोजन आज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। दसवां बिटिया विवाह उत्सव का आयोजन 6 नवम्बर दिन गुरुवार को रामाधीन सिंह लॉन निरालानगर डालीगंज मे किया जायेगा। कार्यक्रम मुख्य संयोजक व बिटिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि 6 नवम्बर को 21 बेटियों का कन्यादान होगा। विवाह उत्सव की शुरुआत दोपहर 12 बजे से तिलक उत्सव से होगी। बारात दोपहर 3 बजे डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग से डालीगंज बाजार होते हुए इक्का स्टैंड से मुड़ कर अयोध्या रोड होते हुए विवाह स्थल रामाधीन सिंह लॉन जाएगी! शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आरम्भ होंगे.. गणेश वंदना, पंजाबी,राजिस्थानी, अवधि लोक, नृत्य, डांडिया, राधाकृष्ण फूलों की होली, भजन के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि जयमाल रात्रि 9 बजे होगा। रात्रि 10 बजे से भोजन शुरू होगा जिसमे 5 हजार मेहमानों के भोजन की तैयारी की जा रही है। संयोजक मनीष गुप्ता ने बताया है की सर्वमाज की 21 बेटियों के विवाह को भव्य रूप देने के लिए सहगोगी समाजसेवी व्यापारी अधिक श्रम कर रहे है! भव्य बारात, तिलक, जयमाला के उपरांत फेरे एवं सुबह बिदाई तक का प्रबंधक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फेरे एवं कन्यादान रात्रि 12 बजे से आरम्भ होंगे प्रातः 4 बजे बिदाई होगी। सभी जोड़ों को लगभग 80 वस्तुओं से अधिक उपहार दिया जायेगा। कार्तिक पूर्णिमा पर 144वी गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन

### देव दीवाली पर गोमती बचाव दीपदान संकल्प

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सनातन महासभा की ओर से कार्तिक पूर्णिमा पर सनातन समागम एवं 144 वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन बुधवार को झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी,स.परविंदर सिंह, कुमार अशोक पांडेय, पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महा आरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व कार्तिक पूर्णिमा पर गोमती बचाव को लेकर सामूहिक संकल्प और गुरु नानकदेव जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद श्री गणेश वंदना के साथ प्रकृति संवर्धन हेतु गोमती बचाव अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी। शुभम व श्वेता के नेतृत्व में भरतनाट्यम नृत्य के साथ सामूहिक नृत्य प्रस्तुति हुई साथ ही शशि सिंह, मीरा तिवारी व गीता निगम ने भजन प्रस्तुत किये और महिलाओं व बच्चो ने सनातन संस्कृति के जानने हेतु रामायण, गीता, शरीर विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया और उनमें से कुछ लोगो को पुरुस्कार भी दिए गए।

### चलते ऑटो में परिवार से दो बाइक सवार बदमाशों ने छीना पर्स

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में लाटूश रोड स्थित पीली मस्जिद के पास चलते ऑटो में सवार परिवार से दो बाइक सवार बदमाशों ने पर्स छीन लिया और फरार हो गए। सीतापुर निवासी पीड़ित राम हरख अपने परिवार के साथ चारबाग से कैसरबाग बस स्टैंड जा रहे थे। सुबह करीब 3.40 बजे उनकी बेटी प्रीति भार्गव के हाथ से बाइक सवार दो अज्ञात युवक चलते ऑटो में से पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में दो मोबाइल फोन, 1500 नकद, चांदी के दो कंगन, चांदी की अंगूठियां, एक जोड़ी पायल और चांदी की एक टूटी हुई गले की जंजीर रखी हुई थी। पीड़ित परिवार ने तुरंत ऑटो रुकवाकर बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे उन्हें पकड़ नहीं सके। घटना की सूचना थाना अमीनाबाद में दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्री शनिदेव जी महाराज का 25वां वार्षिकोत्सव संपन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। श्री शनिदेव जी महाराज न्याय के देवता हैं, और कर्मों के आधार पर व्यक्ति को फल देते हैं। शनि देव और हनुमान जी के बीच परम मित्र का रिश्ता है। यह मित्रता कई पौराणिक कथाओं पर आधारित है। जिनमें एक कथा के अनुसार हनुमान जी ने रावण की कैद से शनि देव को बचाया था। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में श्री शनिदेव महाराज जी का 25 वां वार्षिकोत्सव समारोह में दी महंत ने बताया कि प्रातरूकाल श्री शनिदेव महाराज को गंगा जल से स्नान कराया गया। नये वस्त्र धारण कराने के बाद पूजा अर्चना के बाद भोग लगाया गया। पूजा संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व मेयर राज्य सभा सांसद डा दिनेश शर्मा ने कहा एक अन्य मान्यता के अनुसार, शनि देव हनुमान जी के गुरु सूर्य देव के पुत्र हैं, और हनुमान जी भगवान शिव के अवतार होने के नाते शनि देव के गुरु भाई (या पुत्र) हैं।

### सीएम योगी ने गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश पर्व पर डीबी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कहा

# पंजाब-तराई में सिखों का धर्मांतरण देखकर होता है दुख

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ऐशबाग स्थित डीबी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने श्री दरबार साहिब में माथा टेका। प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि के लिए अरदास की। सभी को गुरु नानक जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व की बधाई दी।



योगी आदित्यनाथ ने कहा ऐसा कौन से कारण है कि पंजाब और तराई के क्षेत्र में हमारे सिख बंधु धर्मांतरण कर रहे हैं। हमने बचपन में यह तो सुना था कि पंजाब में हर परिवार का सबसे बड़ा पुत्र सिख पंथ के लिए समर्पित होकर काम करता था। वही सीख बनता था। मैंने सिखों के धर्मांतरण की बात को सुना नहीं था, लेकिन आज उनके धर्मांतरण को देख रहा हूं मुझे दर्द होता है। हमें शक्ति से इस प्रकार की दुष्प्रवृत्ति को रोकना होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा लखनऊ के जितने भी सिख बंधु हैं मैं उनसे कहूंगा कि वह लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर और उधम सिंह नगर में जाएं। वहां जाकर देखें। अगर कहीं कोई खामी है तो उसे दूर करें। सबको जोड़ें। सिख गुरुओं के आदेश को एकजुट होकर हमें अगर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना है, तो गुरु परंपरा के अनुसार अपने संस्था और संगठन को उतना ही मजबूत बनाना होगा। विदेशी आक्रांता हमारे यहां तभी सेंध लगाता है, जब हम में कोई खामी होती है। कहीं कोई खामी है, तो उसे दूर करें। उन लोगों को साथ लाएं।

### निर्माण श्रमिकों की बेटियों के विवाह पर अब मिलेगी 85,000 की सहायता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना की राशि में बढ़ोतरी की गई है। नई व्यवस्था के तहत सामान्य विवाह पर 65000, अंतर्जातीय विवाह पर 75000 तथा सामूहिक विवाह पर 85000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयोजन के लिए 15000 की अलग से राशि दी जाएगी। यह सहायता सीधे पात्र श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि श्रमिक परिवार समाज की नींव हैं। उनकी बेटियों के विवाह में सहयोग देना सरकार का नैतिक और मानवीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का संपूर्ण आयोजन श्रम विभाग और बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा, आवास, भोजन और परिवहन जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित रहेंगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब तक 18.94 लाख से अधिक आवेदनों पर 6336.61 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपये वार्षिक अंशदान के साथ योजनाओं के पात्र बन सकते हैं।

### बीएसपी प्रमुख मायावती आज रहेंगी बिहार दौरे पर

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बृहस्पतिवार को बिहार के कैमूर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगी। पार्टी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बसपा की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह रैली दोपहर में भभुआ हवाई पट्टी के पास एक मैदान में आयोजित की जाएगी। बसपा बिहार विधानसभा चुनाव में लगभग सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। बिहार में पार्टी के अभियान का नेतृत्व बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक एवं राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम, राष्ट्रीय समन्वयक अनिल सिंह और राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद कर रहे हैं। बिहार में पहले चरण का मतदान छह नवंबर को होगा।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने की सीएम से मुलाकात



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनन्द बोस ने बुधवार, 5 नवंबर को लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर वार्ता हुई। सूत्रों के अनुसार, यह एक औपचारिक मुलाकात थी, जिसमें राज्य से जुड़े विषयों एवं प्रशासनिक अनुभवों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र से 25 लाख हड़पने वाले दंपति गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लखनऊ की हजरतगंज पुलिस ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर बीमा का पैसा लेने वाले दंपती को गिरफ्तार किया है। दंपति ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बीमा कंपनी से 25 लाख रुपए हड़प लिया था। दंपती ने पति की मौत दिखाकर बीमा दावा पेश किया लेकिन कंपनी की अंदर की जांच में खुलासा हुआ कि पति जिंदा है।

अवीवा इंडिया बीमा कंपनी के अधिकारी संदीप मधुकर ने 9 अक्टूबर 2025 को हजरतगंज थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि रवि शंकर नाम के व्यक्ति की 5 दिसंबर 2012 को 25 लाख रुपए की बीमा पॉलिसी जारी की गई थी। 9 अप्रैल 2023 को रवि शंकर की पत्नी केश कुमारी ने दावा किया कि




उनके पति की मृत्यु हो चुकी है और बीमा के 25 लाख का दावा किया। कंपनी ने मृत्यु प्रमाणपत्र और अन्य कागजात के आधार पर 25 लाख रुपए एनईएफटी से केश कुमारी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद कंपनी की आंतरिक जांच में पता चला कि रवि शंकर जीवित हैं और उनकी मौत का प्रमाणपत्र जाली है। इस पर उन्होंने हर जगह थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान प्रगतिपुरम कॉलोनी, रतापुर रायबरेली रवि शंकर और उसकी पत्नी केश कुमारी के रूप में हुई। दोनों सेक्टर एफ-1, सीतापुर रोड जानकीपुरम लखनऊ में किराए के मकान में रहते थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह का कहना है कि दोनों ने मिलकर फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाकर बीमा कंपनी को धोखा दिया था।

### नाम बदलकर दोस्ती फिर ब्लैकमेल कर ठगा, डीसीपी से शिकायत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक छात्रा ने युवक पर नाम बदलकर दोस्ती करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि युवक ने झूठी पहचान बनाकर पहले दोस्ती की, फिर आपत्तिजनक तस्वीरें खींचकर ब्लैकमेल और छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब सच्चाई सामने आई तो युवक ने फोटो वायरल करने और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। छात्रा इसकी शिकायत करने थाना पुलिस के पास जाती तो उसकी बात न सुनी जाती। परेशान छात्रा ने अब डीसीपी दक्षिणी से न्याय की गुहार लगाई है। युवती ने बताया कि कुछ महीने पहले सोशल मीडिया के जरिए उसकी मुलाकात एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम मिश्रा बताया। बातचीत बढ़ने के बाद युवक ने भरोसे का फायदा उठाकर उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं। बाद में युवती को शक हुआ और उसने पता लगाना शुरू किया कि आखिर वह कौन है। पता चला कि वह युवक मिश्रा नहीं, बल्कि सुहेल सिद्दीकी पुत्र मुमताज सिद्दीकी है। वह बालागंज का रहने वाला है और दुबग्गा चौराहे पर सुहेल कार सेल के नाम से दुकान चलाता है।

# पत्नी की हत्या में आरोपी पति समेत पांच गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के माल थाना क्षेत्र में 3 नवंबर को बाग में एक महिला की लाश मिली थी। महिला की बेटी ने दूसरे पिता और उसके सहयोगियों पर हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपित समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस उपायुक्त कृष्ण गोपाल चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि माल थाना क्षेत्र के बसहरी गांव स्थित बाग में एक महिला की लाश मिली थी। शव की शिनाख्त सीतापुर निवासी बेटी सुमन ने अपनी मां पूजा के रूप में की थी। बेटी ने आरोप लगाया कि मां की हत्या उसके दूसरे पिता लखनऊ के दुबग्गा निवासी राजू गुप्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरोपित राजू गुप्ता, उसके मित्र शकील, सहयोगी सर्वेश, राजेश कुमार व अनीस को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में राजू ने बताया कि पहली पत्नी की मौत के बाद उसने दो साल पूर्व पूजा देवी से शादी की थी। पूजा की भी दूसरी शादी और पहले पति से उसकी तीन संतानों में सुमन, कृष्ण और मोनू थे। तीनों पूजा के साथ सीता विहार कालोनी में रहते थे। सुमन कपूरथला में एक हॉस्टल में रहती और कभी-कभी घर आती जाती थी।

मुख्य आरोपित राजू ने बताया कि शादी के शुरूआती दिनों में दोनों के संबंध सामान्य रहे। कुछ दिन बाद विवाद बढ़ने लगा। वह पहली पत्नी और बच्चों से मिलने नहीं देती थी। हर वक्त पैसों की डिमांड करती थी। उसने पूजा के नाम पर दो प्लॉट भी लिए थे, जिसमें एक प्लॉट को 10 लाख रुपये में बेचा था, जिसके शेष रुपये की मांग पूजा करती थी। लगातार झगड़े और तनाव से तंग आकर उसने अपनी समस्या अनीस को बताई। अनीस ने उसे अपने तीन अन्य सा?थियों से मिलवाया। सभी ने मिलकर पूजा की हत्या की साजिश रची। घटना वाले दिन राजू पत्नी को बाग में ले गया, जहां गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई।

### अधिक बिल आने से आक्रोश, उपभोक्ता परिषद ने जताई चिंता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की स्थापना को लेकर उपभोक्ताओं में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में 15 अक्टूबर तक कुल 44 लाख 37 हजार 726 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 20 लाख 66 हजार 585 मीटरों को प्रीपेड मोड में कन्वर्ट भी कर दिया गया है।लेकिन उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले से अधिक आ रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ता वर्ग में नाराजगी बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस मामले में गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि, जिन उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड में कन्वर्ट किए गए हैं, उन्हें नियमानुसार दो प्रतिशत की रिबेट मिलनी चाहिए।

# अभियान चलाकर 25 झुग्गियां और 10 फल गोदाम हटाए गए

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर बुधवार सुबह जोन-3 में बड़े स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह अभियान जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में डालीगंज पुल से सटे पुल क्षेत्र में संचालित किया गया, जहाँ लंबे समय से अस्थायी झुग्गियाँ, फल के गोदाम और ठेले-खोमचे लगने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था।

साथ ही क्षेत्र में कूड़ा जमने, गंदगी फैलने और सुचारु यातायात में बाधा की शिकायतें भी लगातार प्राप्त हो रही थीं। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने पुल किनारे बनी 25 से अधिक झुग्गियों, 10 फल गोदामों, 35 ठेलों और लगभग 100 काउंटरों को हटवाया। कार्रवाई के समय कुछ अवैध कब्जेदारों द्वारा विरोध प्रयास भी किया गया, जिसे सफाई सुपरवाइजरों की टीम ने शांतिपूर्ण तरीके से नियंत्रित किया और अभियान बिना रुकावट जारी रखा गया।जोनल सेनेटरी अधिकारी ने बताया कि डालीगंज पुल के दोनों ओर वर्षों से अस्थाई रूप से अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसके कारण मार्ग संकुचित हो गया था तथा स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। नगर निगम द्वारा कई बार नोटिस एवं समझाइश दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई आवश्यक हो गई थी।उक्त स्थल को नगर निगम अब नवाचार के रूप में विकसित करेगा, जिससे क्षेत्र की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।

# प्राचीन हनुमान मंदिर कला कोठी घाट प्रांगण में माता कात्यायनी का पूजन व जागरण संपन्न

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदीप कुमार वर्मा (अध्यक्ष चौक डिपो समाचार पत्र)ने बताया गंगा स्नान के पावन पर्व पर श्री प्राचीन हनुमान मंदिर कला कोठी घाट के प्रांगण में श्री माता कात्यायनी का पूजन एवं जागरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य राजेश शुक्ला ने वैदिक मत्रों के द्वारा भगवती की ज्योति का पूजन संपन्न कराया।



मंदिर के सेवादार पंडित नीरज अवस्थी ने बताया कि मां कात्यायनी देवी के दर्शन के लिए भक्त नित्य आते हैं और मां उनकी मुरादों को पूरा करते हैं यह जागरण प्रतिवर्ष बड़े हर्ष उल्लास से मनाया जाता है। मां के भजनों को जागरण पार्टी नीतू दीदी राम भैया लखनऊ वालों के द्वारा संपन्न कराया गया। प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया प्राचीन हनुमान मंदिर में भक्तों के सभी प्रकार के संकल्प पूर्ण होते हैं और श्री हनुमान जी माता कात्यायनी सभी की इच्छाओं को पूर्ण करती हैं और बिगड़े हुए कार्यों को बनाती हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित कार्तिक शुक्ल, वंशिका शुक्ला,पवन, कृष्णा मिश्रा, संजय अवस्थी, राजेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, तिरंगा, कृष्णा शंकर शर्मा, उत्कर्ष, अमन, गोपाल शर्मा, पंडित पंकज अवस्थी, अंकुर दीक्षित, किरन द्विवेदी, मीना, मंजू श्रीवास्तव , अमन कुमार वर्मा, प्रख्याति वर्मा, सरिता, गीता मिश्रा, मंजू, रीना, लक्ष्मी मौर्या, द्रौपदी निषाद, विष्णु, शीतल आदि उपस्थित रहे।

अभियान

### मंत्री ने बैठक में मंडल अध्यक्षों व विधानसभा संयोजकों को किया सम्बोधित

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान में मुस्तैदी से जुटें भाजपा कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सम्बोधित करते कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी तथा को अभियान में मुस्तैदी से जुटना है और हर गांव, हर घर, हर व्यक्ति तक पहुंचकर सभी पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है।



कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से छूटे न और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में रहे न, इसी संकल्प की सिद्धि के लिए सबको अभियान में प्रभावी रूप से सम्मिलित होना है। धर्मपाल सिंह मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्षों एवं विधानसभा संयोजकों को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। मतदाता पुनरीक्षण में एक भी पात्र सूची में न छूटने पाएं इसका पूरा ध्यान रखना है तथा बोगस मतदाता के नाम सूची में शामिल न हो सके इसको भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिला एवं विधानसभा स्तर पर वॉर रूम बनाना है, जो प्रदेश स्तर पर बनने वाले वॉर रूम से जुड़ेगें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बीएलए-1 का काम विधानसभा के बीएलए-2 से सम्पर्क बनाने तथा उनके काम में सहयोग करने का है। उन्होंने कहा कि बीएलए-2 चुनाव आयोग की ओर भाजपा का अधिकृत प्रतिनिधि होगा। इसलिए बीएलए-2 का चयन बहुत गंभीरता और सतर्कता से करना होगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बीएलए-1 तथा बीएलए-2 के साथ ही पार्टी द्वारा बूथ प्रवासी भी बनाए जाएगें। तीनों मिलकर मतदाता पुनरीक्षण के काम में जुटेगें। बूथ स्तर पर इन तीनों लोगों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहेगी। इसके साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में प्रभावी भूमिका निभाएगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण से प्रमाणिकता बढ़ेगी। प्रत्येक पात्र व्यक्ति मतदाता बनेगा और अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से बाहर होगें।

# डंपर की टक्कर से एक मासूम सहित चार लोगों की मौत

## बहराइच- लखनऊ राजमार्ग पर हुआ हादसा, डंपर ने 50 मीटर घसीटा, शव पहिए में फंसे, पंचर करके निकाला

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** कोहरे के चलते चार लोगों की जान चली गई। डंपर ने बाइक सवार पति-पत्नी, उनके 3 साल के बेटे और साले को रौंद दिया। बाइक डंपर में फंसकर 50 मीटर तक घिसटती रही। इसके बाद डंपर गड्ढे में पलट गया। पहिए में चारों शव बुरी तरह फंस गए। फिर पहिए को पंचर करके शवों को निकाला गया। चारों कार्तिक पूर्णिमा पर कोटवन धाम मेला गए थे। हादसा बुधवार सुबह बहराइच-लखनऊ हाईवे पर हुआ। घायल ड्राइवर ने बताया- डंपर के आगे रोडवेज बस चल रही थी, लेकिन कोहरे के चलते मुझे दिखाई नहीं दे रही थी। मैंने स्पीड बढ़ाई तो बस अचानक सामने आ गई। इसके चलते तेजी से स्टीयरिंग मोड़ दी। इस कारण बाइक सवार चपेट में आ गए।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ललुही गांव के करण (32), अपनी पत्नी शीनू (28), बेटा विष्णु (3) और नानपारा थाना क्षेत्र निवासी साले चंद्र किशोर (35) के साथ मंगलवार शाम एक रिश्तेदारी में गए हुए थे। बुधवार सुबह चारों एक ही बाइक से कार्तिक पूर्णिमा मेले में जा रहे थे। मृतक चन्द्र किशोर की पत्नी बबीता ने बताया- हमारे पति, अपनी बहन बहनोई व भांजे के साथ बाराबंकी जनपद में स्थित कोटवन धाम बाराबंकी में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले में जा रहे है थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे बहराइच-लखनऊ हाईवे पर फखरपुर थाना क्षेत्र के मदन कोठी गांव के पास बगल से निकल रहे एक डंपर ने अचानक कट मार दिया। इससे एक बाइक चपेट में आ गई। टक्कर लगने के बाद बाइक डंपर के पिछले पहिए में फंस गई। एक-एक करके पूरा परिवार पिछले पहिए से कुचल गया।



डंपर चालक ने बताया- सुबह में घना कोहरा था। आगे एक बस चल रही थी, पर कोहरे के कारण नहीं दिखी। बस चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। बस अचानक सामने आई तो मैंने तेजी से कट मार दिया। इसी दौरान स्टेयरिंग मोड़ते समय बाइक चपेट में आ गई। ओस के कारण सड़क पर गीली थी, जिससे डंपर पलट गया।

शव और बाइक पहिए में ही फंसे रह गए। टक्कर के बाद बेकाबू डंपर 50 मीटर तक फिसलते हुए रोड किनारे 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया। बाइक सवार चारों शव भी पिछले पहिए में फंसे रहे। राहगीरों की सूचना पर फखरपुर थाना प्रभारी ब्रह्मानंद गौड़ पुलिस बल के साथ पहुंचे। जेसीबी मंगवाकर डंपर में फंसी बाइक को बाहर निकाला गया। शवों को बाहर निकालने के लिए डंपर के पहिए को पंक्चर करना पड़ा। चारों शव बुरी तरह हालत में थे। बाइक भी चकनाचूर हो गई थी। हालांकि, डंपर ड्राइवर को मामूली चोटें आई थीं। पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### एक घंटे तक हाईवे रहा जाम

इस हादसे के कारण बहराइच-लखनऊ हाईवे पर रोड के दोनों तरफ ट्रैफिक रुक गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस के रेस्क्यू वर्क के बाद यातायात सामान्य हुआ। हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

एएसपी रामानंद कुशवाहा ने बताया- हादसे में एक बाइक पर सवार एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई है। डंपर पलटने से चालक भी घायल हुआ है। चालक का बयान ले लिया गया है। डंपर को कब्जे में लिया गया है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आईजी तिर्रेमनोरमा मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक द्वारा जनपद गोंडा क्षेत्र के तिर्रेमनोरमा मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान आईजी अमित पाठक द्वारा रूट, बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, जल पुलिस की तैनाती, गोताखोरों की उपलब्धता, पार्किंग स्थलों का निर्धारण, यातायात व्यवस्था, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु एंटीरोमियो टीम की सक्रियता तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### टेढ़ी नदी में नाव पलटी मां-बेटी की डूबकर मौत

**झझरी गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र में टेढ़ी नदी में नाव पलटने से मां बेटी की पानी में डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने दोनो के शव को पानी से निकलवा कर पोस्ट मार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के गोडियन पुरवा मौजा कपूर पुर निवासी 42 वर्षीय उर्मिला पत्नी दद्दन व उसकी पुत्री 12 वर्षीय पुत्री नंदनी दोनो मां बेटी बुधवार की सुबह खेत में खाद डालने के लिए नाव से लेकर जा रही थी। तभी नाव अचानक टेड़ी नदी पलट गई जिस से दोनों की पानी में डूबकर मौत हो गई। काफी देर तक जब दोनों घर नहीं लौट कर आई तो घर वालो ने खोजबीन शुरू किया। ग्रामीणों ने दोनो के शव को टेडी नदी में तैरता हुआ दिखा तब घटना की जानकारी नगर पुलिस को दी गई। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मां बेटी का शव को नदी से निकलवा कर पंचायत नामा भर के पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### संजय सोनकर के मौत प्रकरण में दो एसआई सहित तीन केस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के आदेश पर संजय सोनकर मौत के प्रकरण को लेकर रेलवे सुरक्षा पुलिस बल के एस आई सुरेन्द्र कुमार एस आई करन सिंह यादव,आर पी एफ सिपाही अमित यादव के खिलाफ में हत्या का मुकदमा राजू सोनकर की तहरीर पर दर्ज किए गया है। राजू सोनकर ने तहरीर दिया कि आर पी एफ के कर्मचारी सुबह 11 बजे उस के घर से उस के भाई संजय सोनकर को ले गए और बुधवार की शाम को पुनः घर पर लाए और बरुवा चक गांव में एक आदमी की शिनाख्त कराने के बाद वापस ले कर गए और पिटाई कर दिया जिस से उस की भाई संजय सोनकर की मौत हो गई। नगर प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आर पी एफ एस आई सुरेन्द्र कुमार करण सिंह यादव सिपाही अमित यादव के खिलाफ में हत्या का मुकदमा दर्ज किए गया है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कर्नल गंज, परस पुर मार्ग स्थित चकरॉत के पास बुधवार की सुबह बाराबंकी जिले के राम नगर थाना क्षेत्र के रहटा मरचौर निवासी 30 वर्षीय राम प्रकाश पुत्र बैंज नाथ और उस का साथी 25 वर्षीय पुनीत पुत्र राम शंकर दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर बस्ती जा रहे थे। बुधवार की सुबह कोहरा अधिक होने की वजह से सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने साइड मार दिया जिस से दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए कर्नल गंज सीएससी के एंबुलेश कर्मचारी गौतम सी एस सी कर्नल गंज ले गए। वहां से उसको मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया।

### जंगली जानवर ने छह साल के बच्चे पर किया हमला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में मंगलवार देर रात एक जंगली जानवर ने 6 साल के मासूम पर हमला कर दिया। बच्चा अपने पिता के साथ खेत जा रहा था, तभी यह घटना हुई। पिता के शोर मचाने और दौड़ने पर जानवर उसे छोड़कर भाग गया। बरूहा ग्राम निवासी मनोज अपने छह साल के बेटे आदित्य के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में बने अस्थाई मकान पर जा रहे थे। रास्ते में मासूम आदित्य नित्य क्रिया के लिए सड़क किनारे गया, उसी दौरान अचानक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर पिता मनोज शोर मचाते हुए दौड़े, जिसके बाद जानवर मासूम को छोड़कर भाग गया। हमले में मासूम के नाक और चेहरे पर गंभीर घाव हो गए हैं। घायल के पिता मनोज ने बताया कि हमला करने वाला जानवर बाघ था। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। घायल मासूम को परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है।

### नव नियुक्त सपा प्रदेश सचिव का माल्यार्पण कर स्वागत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा नव नियुक्त प्रदेश सचिव रईस अहमद शाम को, जिले के प्रसिद्ध समाजवादी नेता गोमती प्रसाद यादव के घर पहुंचे और उनकी चित्र का माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। वहां मौजूद लोगों ने नव नियुक्त प्रदेश सचिव रईस अहमद का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में एसएन यादव, मसीउज्जमा खान, मो. शाहिद उर्फ छोटू नेता, अवधेश यादव, आदित्य यादव, पूर्व प्रधान नरेंद्र यादव, मन्ना खान, शिव मूरत यादव, आकाश यादव, अतीक भाई, फूल बाबू आदि तमाम लोग शामिल थे। रईस अहमद ने कहा कि नेतृत्व ने मुझे पर भरोसा जताते हुए जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे निभाने की पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के कुशासन से ऊब चुकी है। उससे निजात चाहती है। वह सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है।

# सिंधी समाज ने निकाला आक्रोश रैली और अनिल बघेल के गिरफ्तारी का किया मांग

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** बुधवार को सिंधी समाज गोंडा ने समाज के मुखिया जयरामदास लधवानी व श्री झूलेलाल धर्मशाला के अध्यक्ष अनिल कालानी के नेतृत्व में एक आक्रोश रैली निकाली । रैली का मुख्य उद्देश्य अनिल बघेल अध्यक्ष क्रांति सेना छत्तीसगढ़ के निवासी द्वारा सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल जी व सिंधी समाज पर अमर्यादित टिप्पणी की जिसके कारण पूरे देश व विदेश में सिंधी समाज की भावनाये आहत हुई है।

आज पूरे देश में अमित बघेल के खिलाफ जगह धरना प्रदर्शन हो रहा है वह उनके खिलाफ एफआईआर भी लिखाई जा रही है इसी क्रम में आज गोंडा में समाज द्वारा एक आक्रोश रैली का आयोजन किया गया जो श्री झूलेलाल सिंधी धर्मशाला से प्रारंभ होकर पटेल नगर ,दुखहरण नाथ मंदिर से होते हुआ श्री झूलेलाल चौराहा पर संपन्न हुआ जहां पर अमित बघेल का पुतला फूकने के बाद नगर कोतवाली में उनके खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। तत्पश्चात माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से दिया गया। संपूर्ण रास्ते में अमित बघेल मुर्दाबाद अमित बघेल को रासुका के तहत गिरफ्तारी हो।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में समाज की महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। आज के कार्यक्रम में मैं विशेष कर युवाओं व माहिलाओं को समाज की ओर से धन्यवाद देना चाहता हूं की जिन्होंने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर समाज के सभी सदस्य भी उपस्थित थे जिन्होंने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

### पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का महासागर, मोक्षद्वार कुरसहा में लगा ऐतिहासिक मेला

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत मोक्षद्वार कुरसहा में बुधवार को पारंपरिक भव्य मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। वर्षों पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र के कोने-कोने से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पवित्र पोखरे पर आचमन कर दान-पुण्य किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में आस्था और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिला। बच्चों की हंसी, साधु-संतों की वाणी और दुकानों की रौनक ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। क्षेत्र के विश्राम घाट मनी टाड़ पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। पोखरे के चारों ओर दीपों की रोशनी और घंटों की गूंज ने माहौल को भक्ति रस से भर दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना बिशेश्वरगंज के वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरसिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मेले में मुस्तैद रहे, वहीं थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# आरपीएफ की पिटाई से संजय की मौत, परिजनों ने मांगा इंसाफ

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** रेलवे सुरक्षा बल की पुलिस चोरी के आरोप में संजय सोनकर को पकड़ कर लाई थी जिस की पिटाई करने से मौत हो गई। उस की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रो रोकर मार डालने का आरोप लगाया है। मोती गंज थाना क्षेत्र के किनकी ग्राम पंचायत के निवासी 33 वर्षीय संजय सोनकर पुत्र छद्दन को मंगलवार के दिन सुबह करीब 11 बजे के बाद आर पी एफ पुलिस गांव में आई और चोरी के आरोप में संजय पकड़ लिया। रेलवे स्टेशन ले कर चली आई।दिन भर लॉकअप में रखी हुई थीं।चोरी के सामान को बरामद करने के लिए उस की पिटाई की गई।देर रात्रि में उस की पिटाई से तबियत खराब हो गई। उस को आर पी एफ एस आई सुरेन्द्र यादव करन यादव मेडिकल कालेज लेकर आए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया ।

मृतक संजय के भाई राजू सोनकर ने बताया कि मंगलवार के दिन करीब 11 बजे के बाद रेलवे सुरक्षा बल के एस आई सुरेन्द्र यादव अपने कुछ सिपाहियों के साथ गांव में आए उस के घर पर छापा मारा और संजय सोनकर को पकड़ लिया।गांव में काफी देर तक घुमाते रहे बाद में उस को रेलवे स्टेशन गोंडा लेकर चले गए।लॉकअप में बंद कर दिया। राजू ने बताया को अपने भाई को छुड़ाने के लिए रेलवे स्टेशन आर पी एफ के पास गए लेकिन उस को छोड़ा नहीं। उस को जेल भी नहीं भेजा गया। उस ने बताया कि उस की जमानत के लिए दिन भर कचहरी में था। लेकिन उस के भाई का चालान नहीं किया गया। मेरे वकील ने भी आर पी एफ से बात चीत किए लेकिन उस को नहीं छोड़ा गया। भाई राजू का आरोप है कि आर पी एफ एस आई सुरेन्द्र यादव ने उस को मारा पीट इस के बाद उस को करंट लगाया गया।जिस से उस को पलटी आने लगी। इस के बाद भी उस का इलाज नहीं कराया गया।जब उस की मौत हो गई तब इस को मेडिकल कॉलेज ले गए। आरपीएफ ने उस की हत्या कर दिया। मृतक के दो छोटी छोटी बच्ची हैं जिन का नाम मानसी और रिया है। मृतक तीन भाई थे। अब सब से बड़ा राजू दूसरे नंबर पर मृतक संजय सोनकर तीसरे नंबर पर दीपू है।

### गीता ने कहा उसकी पति की हत्या रेलवे की पुलिस ने किया

मृतक संजय सोनकर की पत्नी गीता ने बताया कि मंगलवार के दिन आर पी एफ के एस आई सुरेन्द्र यादव सिपाहियों के साथ उस के घर पर आए और संजय को रेलवे की चोरी के आरोप में पकड़ लिए। मेरे पति संजय सोनकर कहते रहे कि हम ने चोरी नहीं किया है इस के बाद भी उनको नहीं छोड़ा गया। बिजली का करंट लगा कर मार दिया गया। इस से उस की पति की मौत हो गई।

### मानसी और रिया ने भी बोला कि रेलवे की पुलिस ने पापा को मार डाला

मृतक संजय सोनकर के छोटे बच्चे रिया और मानसी कह रही थी कि जब पापा संजय सोनकर को पुलिस ने पकड़ा तब पापा ने कहा कि हमने रेलवे का सामान नहीं चुराया है इसके बाद भी रेलवे की पुलिस उनको पकड़ ले गई और हत्या कर दिया।

### संजय की मौत से परिजनों के नहीं रुक रहा आंसू

मृतक संजय सोनकर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। चारों तरफ सिर्फ चीख चीख कर परिजनों सिर्फ रेलवे पुलिस पर हत्या करने का आरोप लगा कर खूब रो रहे है। बच्चे भाई पत्नी बहन सहित सभी लोग सिर्फ रो रहे है। मृतक संजय सोनकर के दो छोटी लड़कियों हैं मानसी और रिया जिनके सिर से आर पी एफ ने पिता का साया छिन लिया।

# नारी सशक्तिकरण, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा

समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधवपुरी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में ÷सप्तशक्ति संगम÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुआ। नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता ने मुख्य अतिथि के रूप में समाज में नारी की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि नारी समाज की सशक्त धुरी है, जो परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में समान रूप से योगदान देती है। अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। विशिष्ट अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच की प्रवक्ता प्रतिमा शुक्ला ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सशक्त परिवार ही सशक्त समाज का आधार हैं, और स्वच्छ पर्यावरण के बिना जीवन का संतुलन संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी शक्ति का प्रदर्शन किया गया।

अनुष्का पाण्डेय और संगीता ने मिलकर कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस अवसर पर पूर्णिमा सिंह, रेखा श्रीवास्तव, उमा मिश्रा, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य आलोक कुमार श्रीवास्तव, व्यवस्था प्रमुख अनूप कुमार, परीक्षा प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र, वरिष्ठ आचार्य वेद प्रकाश मिश्र, सोनम तिवारी, प्रीति सिंह, लक्ष्मी पाण्डेय, सावित्री शुक्ला, स्वाति, पूजा, सुनीता, शिवानी, लक्ष्मी त्रिपाठी, शिवानी सिंह और महिमा सहित विद्यालय परिवार तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आई नारी शक्ति उपस्थित रहीं। सभी ने अतिथियों के प्रेरणादायक विचारों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य विजय बहादुर सिंह ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्रद्धा से मनागुरु नानक देव का प्रकाश पर्व

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** नगर के पीपल चौराहे स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु नानक देव जी का पावन प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और प्रेम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शबद कीर्तन, लंगर सेवा और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं के साथ बहराइच के सांसद आनंद गौड़ ने भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका। गुरुद्वारा परिसर आनंदमय था, जहां महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग लंगर सेवा में लगे थे। मनमोहक सजावट और भक्तिमय कीर्तन दरबार ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया।

केसरी पग पहने और ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाकर हर धर्म के लोग एक साथ लंगर करते दिखे, जो गुरु नानक देव जी के उपदेशों का प्रतीक था। शिरोमणि गुरुद्वारा अमृतसर साहिब से आए जत्था भाई दिलप्रीत सिंह और हजूरी रागी फतेह सिंह ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। उनके मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से भर दिया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने बताया कि सिखों के प्रथम गुरु और सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन ननकाना साहिब में हुआ था। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर मानवता को सबसे बड़ा धर्म बताया। गुरु नानक देव जी ने ही सच्चा सौदा कर लंगर प्रथा की शुरुआत की थी। आज भी गुरु के सिख समाज सेवा में अग्रणी रहते हैं। कहीं भी आपदा या विपत्ति आने पर वे लंगर लगाकर और हर तरह की सेवा से गुरु नानक देव जी महाराज के उपदेशों का पालन करते हैं। इस अवसर पर सांसद आनंद गौड़ गुरु घर पहुंचे और माथा टेका। सिख समाज की ओर से विभिन्न गुरुद्वारों से आए मुख्य सेवादारों हरप्रीत सिंह, लखबीर



सिंह, उदल सिंह, लाल सिंह, जितेंद्र सिंह, बसंत सिंह और सांसद आनंद गौड़ को हेडग्रंथी जी द्वारा सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। मटेरा, हीरासिंहपुरवा, डीहवा, गौरा, धनौली, पयागपुर, फखरपुर, मिहिंपुरवा, बसंतापुर और सिक्खनपुरवा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में संगत गुरु पर्व में शामिल हुई।

# जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक दुकानों का किया निरीक्षण, संग्रहीत किए पांच नमूने

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव द्वारा बलहा एवं मिहींपुरवा क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर छापेमारी की कार्यवाही गई। छापेमारी के दौरान 10 उर्वरक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान संदिग्ध पाये जाने पर उर्वरकों पांच नमूने संग्रहीत किए गए एवं दो विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। डॉ. यादव द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पॉस मशीन से आधार कार्ड से खतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें।

उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड डे-बाई-डे अद्यतन रखकर निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। जिले उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमितता बरते जाने एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी करने, बिना लाइसेंस एवं संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी के जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि यदि जनपद में कोई भी व्यक्ति संदिग्ध या बिना लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री करता है तो उस दुकानदार के खिलाफ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे शिकायत दर्ज कराये ताकि सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाही की जा सके।

आयोजन

## बाल विवाह और मातृत्व स्वास्थ्य पर जताई चिंता

# विशेश्वरगंज में ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक में उठे सवाल

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मोबियस फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विशेश्वरगंज ब्लॉक सभागार में ब्लॉक समन्वय समिति की दूसरी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने की।

बैठक में बाल विवाह, मातृत्व स्वास्थ्य और जेंडर भेदभाव जैसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई नहीं बल्कि मातृत्व स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। कम उम्र की लड़कियां शारीरिक और मानसिक रूप से गर्भधारण के लिए तैयार नहीं होतीं, जिससे गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों, युवाओं और ग्राम स्तर पर सक्रिय समूहों को इस दिशा में मिलकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। बैठक में सहायक विकास खंड अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि, बीपीएम ममता मिश्रा, बीसीपीएम धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, ब्लॉक आजीविका मिशन, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




### कम उम्र की गर्भावस्था बढ़ा रही खतरा

सीएचसी विशेश्वरगंज के अधीक्षक डॉ. प्रवीण पांडेय ने बताया कि 18 वर्ष से पहले विवाह करने वाली लड़कियां शारीरिक रूप से पूरी तरह विकसित नहीं होतीं, जिससे गर्भावस्था के दौरान एनीमिया, कुपोषण, जटिल प्रसव और शिशु मृत्यु जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि कम उम्र की माताओं में प्रसव के दौरान मृत्यु की संभावना सामान्य महिलाओं की तुलना में लगभग दोगुनी होती है। इसे रोकने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों स्तरों पर गंभीर प्रयास की आवश्यकता है।



### आने वाली पीढ़ियों पर असर

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि किशोरी उम्र में मातृत्व का दायित्व न केवल मां के स्वास्थ्य पर भारी पड़ता है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी बोझ डालता है। असुरक्षित मातृत्व के कारण बच्चों के पोषण और शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

**आंकड़े दे रहे चेतावनी**

उम्मीद परियोजना के जिला प्रतिनिधि रामबरन यादव ने बताया कि बहराइच जिले में बाल विवाह की दर 37.5 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। 18 वर्ष से कम आयु में गर्भवती होने वाली किशोरियों की संख्या भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को बदलने के लिए सामूहिक जागरूकता और संस्थागत प्रयास जरूरी हैं।

## खबरें एक नजर में

### धान काट रहे लोगों पर सियार ने किया हमला, तीन लोग जख्मी

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के मेरूई गांव में उस समय अपरा तफरी का माहौल हो गया। जब धान काटते समय किसानों पर अचानक सियार ने हमला कर दिया।इस दौरान महिला पुरुष समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर कुमार विमल ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा तीन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। जहां पर सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। उनके शरीर और मुख में चोटों के निशान थे। जो सियार के काटने का बताया जा रहा है। जिसमें रामशंकर आरती और खुशबू बताई जा रहे हैं। यह सभी मेरूई और गौनहा गांव के रहने वाले हैं। वही रामशंकर ने बताया कि हम सभी लोग धान की कटाई कर रहे थे और अचानक सियार ने हमला बोल दिया। जिसमें से हमारे साथ के तीन लोग घायल हुए और मवेशियों को भी काटकर जख्मी कर दिया।

### महिला का रास्ता रोका, हैंडपंप लगाने पर विवाद, पीड़िता ने पुलिस से की न्याय की मांग

**चंदापुर, रायबरेली।** चंदापुर में एक महिला ने अपने घर के सामने के रास्ते पर हैंडपंप लगाने का विरोध किया है। पीड़िता का आरोप है कि इससे उसका आवागमन बाधित हो जाएगा। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूरे रानी मजरे मऊ गर्वी निवासी राजवती पत्नी रामसागर ने बताया कि उनके घर के सामने एक पुराना रास्ता है, जिसका उपयोग वह लंबे समय से आने-जाने के लिए करती हैं। यह उनका एकमात्र रास्ता है। राजवती के अनुसार, गांव के ही सुरेंद्र पुत्र रघुवीर, राजेंद्र पुत्र रघुवीर, शिव बहादुर पुत्र हवलदार और सुरेश पुत्र रघुवीर ने उनके रास्ते पर हैंडपंप लगाने का प्रयास किया। जब राजवती ने उन्हें रोका, तो विपक्षीगण ने कहा कि हैंडपंप यहीं लगेगा और उन्हें जो करना है, वह कर लें। पीड़िता ने इस मामले में स्थानीय थाने में एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। राजवती का कहना है कि शिकायत के बावजूद अभी तक विपक्षीगण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### घर से गायब विवाहिता का मिला सिर कटा शव, गांव में दहशत



**बछरावां, रायबरेली।** क्षेत्र के शेखपुर समोधा गांव में एक महिला की प्रेम प्रसंग में नृशंस हत्या किए जाने की चर्चा जोरों पर है। जिस स्थिति में उसका शव मिला है, उसे देखकर ग्रामीणों ने अंदाजा लगाया है कि जिस तरीके से महिला की हत्या की गई है, उससे कहीं इसके तार प्रेम प्रसंग से तो नहीं जुड़े हुए हैं। फॉरेंसिक टीम व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर समोधा गांव की रहने वाली सोनी 30 वर्ष का विवाह लगभग 8 वर्ष पूर्व इचौली गांव के रहने वाले गुरु प्रसाद से हुआ था। विवाह के बाद वह ज्यादातर अपनी मां कुसमा देवी के साथ मायके में ही रहती थी। उसकी आठ वर्षीय बेटी आरती व लगभग छह वर्षीय बेटा कृष्ण भी साथ में रहता है। बीती 26 अक्टूबर की दोपहर वह घर से बिना बताए अचानक लापता हो गई थी। उसकी मां कुसुमा देवी के साथ परिजनों ने उसकी खोजबीन की। परंतु बेटी का कहीं कुछ पता नहीं चला। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज की। बुधवार की सुबह ग्रामीण जब अपने खेतों की तरफ जा रहे थे तो उन्होंने शेखपुर समोधा गांव स्थित चुरुवा- पश्चिम गांव बाइपास के किनारे खेतों एक महिला का शव देखा। महिला का सिर धड़ से अलग था। शव को देखकर ग्रामीणों ने यह अंदाजा लगाया कि शव काफी दिन पुराना है और पूरी तरह से क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा था।जिससे मौके पर काफी दुर्गंध आ रही थी और उसका सिर धड से अलग पड़ा था। इससे यह कयास लगाया जा रहे हैं कि हत्या कर उसको यहां पर फेंका गया है। सूचना मिलने पर सोनी की मां कुसुमा देवी भी मौके पर पहुंची। जब उसकी नजर शव पर पड़ी तो वह चीख उठी। उनसे शव की पहचान साड़ी व पायल के आधार पर अपनी बेटी सोनी के रूप में की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये हैं । इस बारे में थानाध्यक्ष राजीव सिंह का कहना है कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह का पता चल पाएगा। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही। फिलहाल पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही असली वजह का पता चल पाएगा।

### डीएम व एसपी ने बारकोट मेलास्थल का किया निरीक्षण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र मोहनगंज के अंतर्गत लगने वाले 15 दिवसीय बारधर्मे बारकोट मेला स्थल का देर शाम जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा भ्रमण कर निरीक्षण किया गया तथा वहां मौजूद स्थानीय लोगों व दुकानदारों से वार्ता की गयी। महिलाओं की सुरक्षा व अराजक तत्वों की निगरानी के लिये मेला के अंदर सीसीटीवी कैमरे व मेला कंट्रोल रूम स्थापित कर वर्दी व सादे वस्त्रों में तैनात समुचित पुलिस बल व वॉलन्टियर्स के माध्यम से शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के संबंध में संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई व क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### यातायात जागरूकता माह के पांचवें दिन 215 वाहनों का हुआ चालान



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में बुधवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के पांचवे दिन यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आमजनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा 215 वाहनों का चालान कर 2,75,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया।

### श्रीराम कथा में प्रणव पुरी ने सुनाया राम वनगमन प्रसंग



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नवीन कलेक्ट्रेट के समीप पूरे नेमधर पंडित में चल रही श्रीराम कथा कथा में बुधवार का दिन भक्ति और भावनाओं से सराबोर रहा। कथा के पंचम दिवस पर उज्जैन पीठाधीश्वर स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने राम वनगमन प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। महाराज श्री ने बताया कि जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने वनगमन का संकल्प लिया, तब अयोध्या नगरी का कण-कण दु:ख से व्याकुल हो उठा। माता कौशल्या की करुण पुकार और दशरथ की व्यथा का ऐसा जीवंत चित्रण किया कि उपस्थित श्रोता भावविभोर होकर अश्रुपूरित हो उठे। कथा व्यास ने भजनों के मधुर सुरों में राम नाम की महिमा का गायन करते हुए कहा कि प्रभु का नाम ही कलियुग का सबसे बड़ा आश्रय है। इस अवसर पर जन सत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कैलाश नाथ ओझा, प्रदेश अध्यक्ष विधायक विनोद सरोज, प्रदेश प्रधान महासचिव कुंवर बृजेश सिंह राजावत, प्रतापगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह, ब्लॉक प्रमुख बाबागंज हितेश कुमार पंकज सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला सहित हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर दिव्य कथा का रसपान किया।

### निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर प्रदेश की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार गणना अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक, आलेख्य प्रकाशन 9 दिसम्बर, दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक, नोटिस चरण सुनवाई एवं सत्यापन सहित निस्तारण 9 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक, निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपने नाम, पते, आयु आदि का सत्यापन कर लें तथा जिन मतदाताओं के नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, वे अपना नाम जोड़वाना सुनिश्चित करें।

## कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा जन सैलाब

# लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

- हर हर गंगे के जयकारों से गूंजे डलमऊ के गंगा घाट
- हजारों की संख्या में बैलगाड़ियों से गंगा तट डलमऊ पहुंचे श्रद्धालु
- बड़ा मठ डलमऊ पहुंचकर हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु का लिया आशीर्वाद





**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

छोटी काठी के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी डलमऊ में कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं स्नान पर्व के अवसर पर गंगा भक्तों का जन सैलाब दिखाई पड़ा डलमऊ की गंगा घाटों पर चारों तरफ श्रद्धालुओं की आस्था ही दिखाई पड़ रही थी डलमऊ के गंगा तट पर पहुंचे जनपद एवं गैर जनपदों से लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई गंगा स्नान के दौरान हर हर गंगे हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा 5 नवंबर को रात्रि 12:00 बजे के बाद आरंभ हुए गंगा स्नान में श्रद्धालुओं ने दीपदान किया और गंगा स्नान के पश्चात घाट किनारे स्थित मंदिरों एवं शिवालियों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी और पुरोहितों को दान कर आशीर्वाद प्राप्त किया कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से भी रूबरू होना पड़ा इस दौरान कस्बे के प्रमुख मार्गों पर एग्जाम की स्थिति बनी रहेगी जिस छुड़ाने के लिए पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर दो दिन पूर्व से ही डेरा डाल दिया था और ढोल मंजीरों की धुन पर भजन कीर्तन करते हुए रात्रि जागरण किया बुधवार को भोर के समय शुभ मुहूर्त में गंगा स्नान किया नव विवाहित जोड़ों ने गांठ जोड़कर गंगा में डुबकी लगाई वही कई लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया और मां गंगा से सुख समृद्धि शांति की प्रार्थना की।

**इन स्नान घाटों पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़:** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ के नागेश्वर घाट सड़क घाट वीआईपी घाट रानी शिवाला घाट पक्का घाट संकट मोचन घाट पटवारी घाट शुकुल घाट दीनशाह गौरा घाट महावीरन घाट बड़ा मठ घाट छोटा मठ घाट शमशान घाट सहित दर्जन भर से अधिक स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई पड़ी जहां पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के पश्चात मुंडन संस्कार सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया और गंगा तट पर स्थित शिवालय एवं मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान से प्रार्थना की।

**खोया पाया केंद्र ने की श्रद्धालुओं की सहायता:** प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला में मेला प्रशासन द्वारा बनाए गए खोया पाया केंद्र में केंद्र प्रभारी और पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते मेले में अपने परिजनों से बिछड़े बच्चे बुजुर्ग और युवा को मेला क्षेत्र में अनाउंसमेंट के माध्यम से परिवार से मिलाया गया खोया पाया केंद्र प्रभारी बालेंद्र गौतम ने बताया कि मेले में बिछड़े कुल 58 लोगों को उनके परिवार के सुपुर्द किया गया।

### बड़ा मठ डलमऊ में श्रद्धालुओं ने लिया गुरु का आशीर्वाद और चखा प्रसाद

सनातन धर्मपीठ बड़ा मठ डलमऊ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम ऑन संतु गुरु का प्रवचन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें 108 बटुको का यज्ञोपवीत संस्कार भी कराया गया था कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं स्नान पर्व पर आए श्रद्धालुओं ने बड़ा मठ डलमऊ पहुंचकर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज का आशीर्वाद लिया और गुरु एवं संतों की बाली सुनकर ज्ञान प्राप्त किया इस अवसर पर बड़ा मत दलमान द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे के प्रसाद ग्रहण किया।

### निराशाजनक रही पुलिस कर्मियों की कार्यशैली से स्थानी लोगों की हुई नोकझोक

प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला डलमऊ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा 1400 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी कस्बे में कई जगह बैरियर पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों ने गंगा स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार करते नजर आए वही स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों के साथ पुलिस कर्मियों की तीखी नोक झोक देखने को मिली प्रशासनिक अधिकारियों के सख्त हिदायत के बाद पुलिसकर्मियों ने अपना रवाया नहीं बदला जो पुलिस की सभ्य कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाती हैं पुलिसिया दवाई को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली।

### हजारों की संख्या में परंपरागत वाहन बैलगाड़ियों से पहुंचे श्रद्धालु

आधुनिकता के युग में वर्षों पुरानी परंपरा और मेले की शोभा मैं चार चांद लगाते हुए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बैलगाड़ियों से कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए डलमऊ के गंगा तट पर पहुंचे रंग बिरंगी सजी बैलगाड़ियों में परिवार के साथ खानपान भूसा व जरूरत का सामान का सामान भरकर 2 दिन पूर्व ही डिलमा के गंगा तट पर पहुंचे इस दौरान बैलों के गले में पड़े घुंघरूओं की मधुर ध्वनि एवं महिलाओं द्वारा गाए जा रहे परंपरागत गीत पुरानी परंपराओं का सुखद अहसास करा रही थे।

## मां कमासिन धाम में हजारों दियों से देवी-देवताओं का स्वागत



**सूची सलोन, रायबरेली।** कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली पर मां कमासिन धाम में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम पूरे श्रद्धा भाव के साथ दीप जलाकर पृथ्वी पर अवतरित होने वाले देवी देवताओं का स्वागत किया गया।जहां हजारों दियों के जलने वाली अद्भुत रोशनी से हर कोई आलोकित होकर इस दिव्य नजारे को निहारता रहा। सलोन विकास खंड के सूची निकट दरसवां स्थित आदि प्राचीन सिद्ध पीठ मां कमासिन धाम में देव दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा की संध्या पर एक साथ 5100 दीप प्रज्वलित किए गए। जिससे समूचे मंदिर प्रांगण की मनमोहक सजावट अपनी ओर आकर्षित करती रही।एक साथ जल रहे दीपों को देखकर ऐसा लग रहा था मानों स्वर्ग धरती पर उतर आया हो। मंदिर के कोने-कोने की जगमग छटा अद्वितीय रही तो वहीं भक्तों को स्वतः भक्ति भाव का संचरण होने लगा। यह दिव्य दृश्य भक्तों को अद्भुत अलौकिक व अविस्मरणीय लम्हों का साक्षी बना रहा। इसकी तैयारी मंदिर समिति पहले से कर रखीं थीं। इस शुभ अवसर पर पं सुभाष शर्मा, आचार्य प्रद्युम्न महाराज, विरेंद्र यादव, दसरथ चौरसिया, रामकुमार कौशल, अशोक द्विवेदी समेत सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया।

## अमान मंसूरी का नेशनल स्कूल गेम की ताइक्कांडो प्रतियोगिता में हुआ चयन



**लालगंज, रायबरेली।** अमान मंसूरी का नेशनल स्कूल गेम की ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ जम्मू मे आयोजित हो रही नेशनल प्रतियोगिता मे ऑल इण्डिया सीबीएसई बोर्ड की टीम की ओर से नेशनल स्कूल गेम में प्रतिभाग करेंगे। जिला ऐसोसिएशन ने प्रतियोगिता मे रवाना होने से पूर्व खिलाडी का लालगंज मेन ब्रांच मे स्वागत किया। 9 से 13 नवम्बर तक जम्मू में आयोजित होने वाली 69वी नेशनल स्कूल गेम की ताइक्कांडो प्रतियोगिता मे डलमऊ ताइक्कांडो क्लब में कोच महताब आलम से प्रशिक्षण लें रहे अमान मंसूरी का चयन इटावा मे आयोजित हुई सीबीएसई बोर्ड की नेशनल प्रतियोगिता मे किया गया था। इस प्रतियोगिता में अमान ने न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज की ओर से प्रतिभाग किया और स्वर्ण पदक जीता था। नेशनल प्रतियोगिता में रवाना होने से पूर्व रायबरेली जिला ताइक्कांडो ऐसोसिएशन ने कस्बे के डॉ. रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज मे खिलाडी का फूल माला पहना कर तथा मुँह मीठा करा कर स्वागत किया। इस अवसर पर ताइक्कांडो ऐसोसिएशन के जिला सचिव अताउर रहमान, बॉक्सिंग जिला सचिव संतलाल, वुशू की जिला सचिव पूनम यादव, रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार प्राप्त डिम्पी तिवारी, डलमऊ ब्रांच के कोच महताब आलम, रैयान रहमान, अनान्या आदि लोग मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी ने मिश्रिख स्थित दधीचि कुंड का किया निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मिश्रिख स्थित दधीचि कुंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पूजन अर्चन कर सभी के कल्याण की कामना भी की। साथ ही दधीचि कुंड पर धर्मगुरुओं से वार्ता कर समस्याओं की जानकारी भी ली एवं समस्याओं के समुचित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य में रुद्रावर्त का निरीक्षण किया एवं पूजन अर्चन भी किया। जिलाधिकारी ने संपर्क मार्गो के दुरुस्तीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु निर्देशित किया। डीएम ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा: 8 हजार वृक्ष दान व खिचड़ी भोज आयोजित

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अपने लिए सब जीते हैं, मगर इस धरती को बचाने को भी कई भगीरथ हैं, यही सोच लेकर पृथ्वी संरक्षण संस्था ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एक शानदार पहल शुरू की। इस साल भी संस्था ने डलमऊ में 8 हज़ार वृक्षों का दान किया और साथ ही जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी वितरण कर समाजसेवा का अद्भुत उदाहरण पेश किया।

संस्था के प्रमुख रामनिवास वैश्य के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष व्यवसायी और पर्यावरणविद राजेंद्र वैश्य, समाजसेवी जेपी सिंह, युवा नेता दीपक यादव, DRX आयुष्मान, अभिषेक अग्रहरी और निखिल अग्रहरी ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था प्रमुख रामनिवास वैश्य ने वृक्षदान किया और इस अवसर पर कहा, वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें बचाएं और नए वृक्षों का रोपण करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके बाद, खिचड़ी वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरित की गई। संस्था ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि हर एक छोटे से कदम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। राजेंद्र वैश्य ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, हमारे लिए यह केवल पर्यावरण बचाने का कार्य नहीं है, बल्कि समाज की मदद करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। खिचड़ी वितरण के जरिए हम यह दिखा रहे हैं कि एक जिम्मेदार नागरिक का धर्म केवल अपनी भलाई में नहीं, बल्कि दूसरों की भलाई में भी है। आने वाले वर्षों में पृथ्वी संरक्षण संस्था इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है, ताकि समाज में जागरूकता बढ़ाई जा सके और सभी को एक बेहतर और हरित भविष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया केतकी का पर्व

**सीतापुर।** गुरु पूर्णिमा केतकी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नैमिषारण्य तीर्थ पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई एवं जगत जननी मां ललिता के पावन चरणों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नैमिषारण्य के साथ-साथ जिले में उपस्थित अन्य तीर्थ एवं देवस्थानों पर भी भक्तों का तांता लगा रहा और लोगों ने आस्था किया साथ देवी देवताओं का पूजन अर्चन भी किया। साथ ही साथ गुरु नानक देव की जयंती के उपलक्ष में श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारो में श्रद्धा एवं विश्वास के साथ गुरु नानक देव जी का जन्म उत्सव मनाया।

## नौ वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 9 वांछित को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है- थाना अटरिया द्वारा 3 वांछित गिरफ्तार- थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. अवनीश पुत्र दीपचन्द्र निवासी ग्राम शाहपुर थाना महिगवां जनपद लखनऊ 2. विवेक यादव पुत्र रामलखन यादव निवासी शाहपुर नाजौरा थाना महिगवां जनपद लखनऊ 3. अंकुश शुक्ला पुत्र अश्वनी शुक्ला उर्फ पप्पू निवासी रनुआपुर थाना अटरिया जनपद सीतापुर को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया जिनके पास से एक अदद टार्च, एक अदद प्लास, दो अदद छेनी, दो अदद पेंचकस, एक अदद रेती, एक अदद सरिया, एक अदद हथौड़ी, दो अदद रिंच, एक अदद सूजा, एक अदद चाभी का गुच्छा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में थाना अटरिया पर मुअसं 334/25 धारा 313 बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तों को मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना पिसावां द्वारा 4 वांछित गिरफ्तार- थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या संबंधित बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. विजयबहादुर उर्फ कल्लू पुत्र महेश सिंह 2. ताराचन्द्र उर्फ तारा सिंह पुत्र रामदयाल 3. रामदयाल पुत्र स्व. हीरालाल 4. हेमवती पत्नी ताराचन्द्र उर्फ तारा सिंह निवासीगण दिलावलपुर थाना पिसावां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना खैराबाद द्वारा 1 वांछित गिरफ्तार- थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या संबंधित बीएनएस में वांछित अभियुक्त राजू पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम भौव्वापुर मजरा टप्पा खजुरिया थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या संबंधित बीएनएस में वांछित अभियुक्त जैद पुत्र गुफरान उर्फ मुन्ना निवासी ककरहा नई बस्ती थाना तम्बौर, सीतापुर अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से चोरी की गई एक अदद स्पलेन्डर प्रो. मोटरसाईकिल बरामद हुई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### तेज रफ्तार इनोवा-पिकअप की टक्कर में एक घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत बुधवार को सुबह करीब 6 बजे भट्ठा पुरवा के पास तेज रफ्तार में ओवरटेक करने के चक्कर में दो वाहनों की टक्कर हो गई, जिसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, इनोवा कार और पिकअप डाला एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश में अनियंत्रित हो गए जिससे सड़क किनारे खड़े शमीम उर्फ़ अदऊ पुत्र सईम निवासी पूरे भट्ठा दोनों गाड़ियों की चपेट में आ गए। घायल शमीम को अरमा हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के सूर्या हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अंडे की दुकान में लगी आग से बाजार में मची अफरा-तफरी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र जायस के बहादुरपुर कस्बे में एक अंडे की दुकान में गैस सिलेंडर लीकेज होने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में हजारों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 3:30 बजे की बताई जा रही है। कस्बा जायस के पूर्व प्रमुख रमेश कुमार सिंह की मार्केट में चल रही एक अंडे रोल की दुकान पर यह हादसा हुआ। दुकान संचालक ताज मोहम्मद निवासी बहादुरपुर अपने ठेले पर गैस चूल्हा जलाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर से लीकेज हुई गैस में अचानक आग लग गई। लपटें उठते ही पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। मौके पर भगदड़ के कारण कुछ देर के लिए जायस-लालगंज हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाके को खाली कराया, लेकिन सिलेंडर फटने के डर से कोई भी दुकान के पास नहीं जा सका। करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## तीन दिवसीय विख्यात यादवों का महाकुंभ नन्दमहर मेला शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत स्थित नन्दमहर पौराणिक स्थल नन्द बाबा के धाम में लगने वाला तीन दिवसीय महाकुंभ मंगलवार से शुरू हो गया है जो तीन दिनों तक चलता रहेगा। यादवों के इस महाकुंभ में देश के विभिन्न हिस्सों से यादव समाज के साथ ही सभी समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर ढोल नगाड़ों की थाप पर पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार धाम पर पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाने से प्रेत बाधा से मुक्ति मिलती है। यहां नन्द बाबा के मंदिर पर खास तरह के झंडे चढ़ाने की प्राचीन परम्परा चली आ रही है। मुख्यालय गौरीगंज से मुसाफिरखाना मार्ग पर 15 किमी दूर स्थित नन्द महर धाम पौराणिक महत्व समेटे हुए है जो यदुवंशियों के एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है।किंवदंतियों के अनुसार द्वापर काल में पौंड्रक का वध करने के बाद नन्द बाबा और वसुदेव की इसी स्थान पर मुलाकात हुई थी।सभी लोगो ने तीन दिन तक यहां विश्राम किया। इसी दौरान यहां नन्द बाबा ने भगवान की मूर्ति स्थापित करके उनकी पूजा की थी। भगवान श्री कृष्ण बलराम वसुदेव और नन्द बाबा के चरणरज से यह स्थान पवित्र हो गया था। मान्यताओं के अनुसार उसी समय आसपास नारायन पुर काशीपुर केशव पुर वसायकपुर नदियावा हरि करन पुर सहित दर्जन भर गांव बसाए थे। यहां बिना किसी भेदभाव के सभी जाति व धर्मो के लोग प्रत्येक मंगलवार को दूध चढ़ाने आते हैं। जहां पुजारी लोग भूत प्रेत बाधा से युक्त लोगो को प्रेत बाधा से मुक्ति दिलाते हैं। ढोल नगाड़ों की थाप पर तीन दिन तक लोग पचरा गीत गाते हुए पूजा करते हैं। नन्द बाबा के दर्शन के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव नारायण दत्त तिवारी सपा मुखिया अखिलेश यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव संविधान सभा के सदस्य रहे पूर्व मंत्री लक्ष्मी शंकर यादव हरियाणा के पुराने कांग्रेसी नेता कर्नल राम सिंह पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव सहित अनेक राजनीतिक हस्तियां दर्शन पूजन करते हुए मत्था टेक चुके हैं। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-टेली/टेंडर/15/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के ON-BQP सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग गेटों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए VHF आधारित वायरलेस संचार प्रणाली का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु 84,90,264.08/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 1,69,900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.11.2025 15.30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.u के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0 - 106-टेली/टेंडर/15/2025-26 दिनांक 04.11.2025 3440/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भयावह असमानता

वैश्विक उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता अपने चरम पर जा पहुंची है। एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। जिस बात की पुष्टि स्वतंत्र विशेषज्ञों के जी-20 पैनल द्वारा किए एक अध्ययन के निष्कर्षों में की गई है। इस अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 और 2024 के बीच दुनिया भर में बनी नई संपत्तियों का बड़ा हिस्सा दुनिया के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास है। जबकि निचले स्तर की आधी आबादी के हिस्से में एक प्रतिशत ही आया है। निःसंदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब गुरबत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। निःसंदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। वहीं दूसरी ओर राज्य के विपक्ष ने भी इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद राज्य में जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निःसंदेह, इस पहल ने हजारों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। इसमें दो राय नहीं कि यदि सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहले करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक पहल की जा सकती है। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है। जनता को मुफ्त में सुविधाएं देने के बजाय ऋण व अनुदान से उत्पादकता बढ़ाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना होगा। प्रत्येक चिन्हित गरीब परिवार के लिए सूक्ष्म योजनाएं तैयार करना और उन्हें क्रियान्वित करना उचित होगा। निःसंदेह, देश के अन्य राज्य भी अपनी जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार केरल के मॉडल को अपना सकते हैं। इसमें केंद्र व राज्य सरकारों को अनुकूल आंकड़ों का सहारा लेना भी जरूरी होगा। इस साल की शुरुआत में, विश्व बैंक ने बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। केंद्र सरकार ने अपने काम के लिये खुद की पीठ भी थपथपाई थी। हालांकि, गरीबी के अनुमानों की रिपोर्टिंग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाये गए थे। निर्विवाद रूप से सभी हितधारकों को यह तथ्य समझना होगा कि केवल संख्याएं ही पूरी तस्वीर को नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव नजर भी आना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है। यह पहल ही विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत-एक क्रांति



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर 2 नवंबर 2025 यह तारीख आने वाले वर्षों में भारतीय खेल इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज की जाएगी। यह दिन केवल एक क्रिकेट मैच की जीत का नहीं, बल्कि उस सोच की पराजय का प्रतीक है जिसने सदियों तक भारतीय नारी को सीमाओं में जकड़ कर रखा। यह विजय न केवल भारतीय महिला क्रिकेट टीम की है, बल्कि यह भारत की उन 70 करोड़ महिलाओं की सामूहिक जीत है,जिन्हें अक्सर यह कहकर पीछे धकेल दिया जाता रहा कि यह काम तुम्हारे बस का नहीं। इस दिन भारत की बेटियों ने साबित कर दिया कि अगर संकल्प अटूट हो,तो हर मैदान जीता जा सकता है, चाहे वह घर का हो या खेल का। इस ऐतिहासिक विजय ने भारतीय खेल जगत कीपरंपराओं को झकझोर दिया है। यह सिर्फ एक ट्रॉफी जीतने की कहानी नहीं,बल्कि समाज के भीतर पनपी लैंगिक असमानता के खिलाफ एक बगावत है। दशकों तक महिला क्रिकेट को
कमज़ोर या कम लोकप्रिय खेल माना जाता रहा। लेकिन 2 नवंबर 2025 को भारतीय महिला टीम ने यह भ्रम तोड़ दिया। उन्होंने यह दिखा दिया कि पसीना, परिश्रम, धैर्य और आत्मविश्वास किसी लिंग से नहीं, बल्कि जुनून से परिभाषित होता है। क्रिकेट, जो कभी पुरुषों के दबदबे वाला खेल माना जाता था,अब एक नई पहचान पा चुका है, क्रिकेट है तो भारत है, और भारत है तो उसमें नारी की शक्ति भी शामिल है। यह जीत खेल की सीमाओं से परे जाकरसामाजिक सोच, सांस्कृतिक मानसिकता और आर्थिक समानता के विमर्श को भी नया आयाम देती है। 2 नवंबर 2025 सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि भारत में महिला सशक्तिकरण की नई सुबह है। जिस तरह 1983 में कपिल देव की टीम ने पुरुष क्रिकेट में भारत को विश्व विजेता बनाकर नया युग शुरू किया था, उसी तरह इस तारीख ने महिला क्रिकेट को नयी परिभाषा दी है। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और संघर्ष से यह दिखाया कि अब क्रिकेट में पुरुषों का वर्चस्व जैसा कोई मिथक नहीं बचा। यह दिन खेलों में महिलाओं की समान भागीदारी के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगा।

जैसे ही भारत ने निर्णायक गेंद पर जीत हासिल की, हर घर में टीवी स्क्रीन के सामने बैठी लाखों लड़कियों ने अपने भीतर एक सपना महसूस किया, मैं भी खेल सकती हूं, मैं भी जीत सकती हूं। यही वह विचार है जो इस तारीख को केवल क्रिकेट से जोड़ने के बजाय, एक सामाजिक आंदोलन का हिस्सा बनाताहै। भारत की महिला क्रिकेट टीम की हालिया विश्वस्तरीय जीत ने न केवल खेल जगत को बल्कि पूरे देश को उत्साह और गर्व से भर दिया है। यह सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि महिला क्रिकेट की उस दीर्घ यात्रा की पराकाष्ठा है, जो वर्षों से पुरुष प्रभुत्व वाले क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए संघर्ष करती रही। इस जीत के बाद तीन बड़े पहलुओं ने सुर्खियाँ बटोरीं (1) क्या टीम को विजय परेड मिलेगी (2) बीसीसीआई का आर्थिक पुरस्कार क्या संकेत देता है? और (3) आईसीसी द्वारा घोषित टीम ऑफ द टूर्नामेंट से भारतीय कप्तान को बाहर रखना क्या उचित था?

साथियों बात अगर हम इस जीत को 70 करोड़ भारतीय महिलाओं को समर्पित विजयोत्सव के रूप में देखें तो,यह जीत उन 70 करोड़ भारतीय महिलाओं के नाम है, जिन्हें समाज ने कभी न कभी यह कहकर रोका कि यह लड़कियों का काम नहीं। यह विजय उन माताओं के नाम है जिन्होंने गरीबी के बावजूद अपनी बेटियों को खेल का सामान खरीद कर दिया, उन बहनों के नाम है जिन्होंने समाज की ताने सुने लेकिन हार नहीं मानी, और उन बेटियों के नाम है जिन्होंने टूटी सड़कों, पुराने बल्लों और घिसी हुई गेंदों से भी सपनों को संजोया। महिला क्रिकेट टीम की यह उपलब्धि केवल खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि उन असंख्य स्त्रियों की सामूहिक चेतना का परिणाम है, जो धीरे-धीरे अपनी सीमाओं से बाहर निकल रही हैं। इस जीत ने यह साबित कर दिया है कि अगर अवसर समान हों, तो महिलाएं केवल बराबरी नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की मिसाल पेश कर सकती हैं।

साथियों बात अगर हम इस जीत को बेटियां अब किसी से कम नहीं की सटीक सोच के रूप में देखे तो,भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह विजय उस सोच का उत्तर है, जो सदियों से कहती आई थी, लड़कियां कमजोर हैं। भारत की बेटियों ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि वे केवल घर की दीवारों तक सीमित रहने के लिए नहीं बनीं। उन्होंने अपने बल्ले और गेंद से उस मानसिकता को तोड़ दिया है जो उन्हें दूसरे दर्जे का मानती थी।ये वही बेटियां हैं जिन्होंने गरीबी, सामाजिक असमानता, खेल सुविधाओं की कमी, और भेदभाव जैसी तमाम बाधाओं को पार किया। कई खिलाड़ी छोटे कस्बों से आती हैं, जहां क्रिकेट का मैदान तक नहीं होता। लेकिन उन्होंने मिट्टी में अपने सपनों को सींचा, और आज वही बेटियां विश्व पटल पर भारत का परचम लहरा रही हैं।उनका हर रन, हर विकेट, हर कैच एक संदेश देता है, हम बेटियां अब किसी से कम नहीं। यह संदेश केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि दुनिया भर की उन महिलाओं के लिए भी प्रेरणा है जो सीमाओं से बाहर निकलने का साहस जुटा रही हैं।

साथियों बात अगर हम मेरी जीत को समाज की सोच पर प्रहार-चूल्हे-चौके से विश्व मंच तक के सामर्थ्य के रूप में देखे तो,भारत की इस जीत ने केवल ट्रॉफी नहीं जीती, बल्कि उस सोच को हराया जिसने लड़कियों को घर की चारदीवारी में कैद कर रखा था। सदियों से समाज ने स्त्रियों को रसोई, परिवार और सेवा तक सीमित रखा। खेल, विज्ञान, राजनीति या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र में उनका योगदान अक्सर नजरअंदाज किया गया। लेकिन जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व मंच पर विजय पताका फहराई, तो यह पराजय केवल विरोधी टीम की नहीं, बल्कि उस पुरानी सोच की भी थी।यह जीत उस पितृसत्तात्मक मानसिकता के खिलाफ एक क्रांति है, जो हमेशा कहती थी, लड़कियां यह नहीं कर सकतीं। अब वही बेटियां यह कह रही हैं, हम कर सकती हैं, और बेहतर कर सकती हैं। यह परिवर्तन केवल खेल के मैदान तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि आने वाले समय में यह राजनीति, शिक्षा, विज्ञान और समाज के हर क्षेत्र में दिखाई देगा।

साथियों बात अगर हम जीत के बाद उदय हुए इन तीन मुद्दों पर चर्चा करें तो (1) क्या भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जीत पर मिलेगी जीत की परेड? जब भी कोई भारतीय टीम विश्व कप या किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करती है, तो जनता की अपेक्षा रहती है कि उनका स्वागत उसी शान और गरिमा से किया जाए, जैसी पुरुष टीम को दी जाती है। वर्ष 2025 में महिला टीम की यह जीत भारतीय खेल इतिहास में एक टर्निंग पॉइंट साबित हुई है। देशभर में सोशल मीडिया और जनभावनाओं ने यह मांग उठाई है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में मुंबई या दिल्ली में विजय परेड का आयोजन होना चाहिए, जैसे 2011 में पुरुष विश्व कप जीत के बाद हुआ था। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल जश्न का प्रतीक नहीं, बल्कि समानता के अधिकार का प्रतीक भी बनेगा।

महिला खिलाड़ियों ने जिस संघर्ष और समर्पण से इस मुकाम को हासिल किया है, वह सम्मान के हर रूप की हकदार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड जैसी क्रिकेट बोर्ड अपनी महिला टीमों के सम्मान में परेड आयोजित कर चुके हैं। ऐसे में भारत यदि इस ऐतिहासिक पल को राष्ट्रीय स्तर के सार्वजनिक उत्सव में बदलता है, तो यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनेगा कि क्रिकेट अब सिर्फ पुरुषों का नहीं, भारत की बेटियों का भी गौरव है। (2) भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए बीसीसीआई ने खोला खजाना- बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड) ने इस बार महिला खिलाड़ियों के प्रति अभूतपूर्व उदारता दिखाई है। जीत के तुरंत बाद बीसीसीआई अध्यक्ष और सचिव ने घोषणा की कि सभी खिलाड़ियों को रिकॉर्ड-स्तर की प्राइज मनी और अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रत्येक खिलाड़ी को करोड़ों रुपये का इनाम, सपोर्ट स्टाफ के लिए विशेष प्रोत्साहन राशि, और अगले सीज़न के लिए महिला आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट में भारी वृद्धि की जा सकती है।यह निर्णय न केवल उनके प्रयासों की पहचान है, बल्कि महिला क्रिकेट की आर्थिक स्थिति में भी ऐतिहासिक सुधार की शुरुआत है।

अब तक पुरुष क्रिकेटरों और महिला खिलाड़ियों के बीच वित्तीय असमानता का मुद्दा चर्चा का विषय रहा है। लेकिन इस जीत के बाद बीसीसीआई ने संकेत दिया है कि भविष्य में इक्वल पे पालिसी को पूरी तरह लागू किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह भारत के खेल- संस्कृति की परिपक्वता का संकेत है। क्योंकि खेल में समान पुरस्कार और अवसर सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान और लैंगिक न्याय का भी प्रतीक हैं। यह कदम भारत को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी क्रिकेट व्यवस्थाओं की बराबरी की ओर ले जा सकता है, जहाँ महिला खिलाड़ियों को पहले से ही समान भुगतान नीति का लाभ मिल रहा है। (3) आईसीसी ने घोषित की टीम ऑफ द टूर्नामेंट, भारतीय कप्तान को नज़र अंदाज़ किया गया जहाँ एक ओर भारत की जीत ने पूरी दुनिया में महिला क्रिकेट की नई लहर पैदा की, वहीं दूसरी ओर आईसीसी के टीम ऑफ द टूर्नामेंट चयन को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ। इस सूची में कई भारतीय खिलाड़ियों को स्थान दिया गया, लेकिन टीम की कप्तान, जिन्होंने शानदार रणनीति, नेतृत्व और व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाई, को नज़रअंदाज़ कर दिया गया। यह निर्णय क्रिकेट जगत में कई सवाल खड़े करता है। क्या यह चयन पूरी तरह प्रदर्शन आधारित था, या इसमें कुछ क्षेत्रीय और राजनीतिक पूर्वाग्रह भी झलकते हैं? विशेषज्ञों का मानना है कि कप्तान के निर्णयात्मक कौशल और प्रेरणादायक नेतृत्व को अनदेखा करना महिला क्रिकेट की उपलब्धियों को सीमित करने का संकेत देता है। जब पुरुष क्रिकेट में कप्तान की रणनीतिक भूमिका को सम्मानित किया जाता है, तो महिला क्रिकेट में उसे क्यों अनदेखा किया गया? यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लैंगिक पक्षपात और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। सोशल मीडिया पर # रेस्पेक्टऑरकैप्टेन ट्रेंड बन गया, और विश्वभर के प्रशंसक आईसीसी से पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि यह जीत सिर्फ मैदान की नहीं, मानसिकता की भी है, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह जीत इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगी। यह उस विचार की जीत है कि समान अवसर, समान सम्मान ही सच्चा लोकतंत्र है। चाहे विजय परेड का आयोजन हो या बीसीसीआई के आर्थिक पुरस्कार, और चाहे आईसीसी की चयन नीति पर उठे विवाद, इन तीनों घटनाओं ने एक बात साबित कर दी है कि अब महिला क्रिकेट साइड स्टोरी नहीं, बल्कि मुख्य कथा बन चुकी है। यह वह क्षण है जब भारत को अपनी बेटियों के लिए उसी सम्मान और गर्व के साथ खड़ा होना चाहिए, जैसे उसने पुरुष खिलाड़ियों के लिए किया था। यह सिर्फ खेल का उत्सव नहीं, बल्कि 'नारी शक्ति के आत्म- सम्मान' का महाकाव्य है, जिसने दुनिया को यह दिखा दिया कि भारतीय महिलाएँ अब सिर्फ क्रिकेट खेल नहीं रहीं, बल्कि इतिहास लिख रही हैं।

### विचार

# ट्रम्प ने 'युद्धविराम' चाहा, शी ने 'बढ़त' हासिल की

सीमा सिरोही



अति -उत्सुक डोनाल्ड ट्रम्प की छवि, जो ठंडे स्वभाव वाले शी जिनपिंग को मनाने की कोशिश कर रहे थे, मिटाना मुश्किल होगा। चीनी नेता का अनौपचारिक भाषण संरक्षणात्मक और पितृसत्तात्मक था। क्या शी ने ट्रम्प को 'विश्व मंच पर ठगा', जैसा कि सदन के शीर्ष डैमोक्रेट हकीम जेफ्रीज ने यादगार दावा किया था? क्या उन्होंने चीन के आगे घुटने टेक दिए? इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि शी का पलड़ा भारी था। ट्रम्प को लगा कि शी को बराबरी का दर्जा देकर और उनकी मुलाकात को 'जी2' कहकर वह उन पर एहसान कर रहे हैं। जिस तरह से यह प्रक्रिया चल रही थी, उससे ऐसा लग रहा था कि शी खुद एहसान कर रहे हैं। ट्रम्प का जी2 वाला सूत्रीकरण दिल्ली में पत्थर की तरह गिरा, जहां यह शब्द बुरी यादें ताजा करता है। क्या वह भारत को ट्रोल कर रहे थे? चीनी विशेषज्ञ और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रश दोशी ने बताया कि इस संदर्भ ने केवल 'अमरीकी सहयोगियों और सांझेदारों के इस डर को और पुख्ता किया कि हम उनके साथ संबंधों की बजाय चीन के साथ संबंधों को प्राथमिकता देंगे।'

बात यह है कि अमरीका-भारत संबंध पहले ही बिखर चुके हैं। दुर्भाग्य से, यह दो अहं की लड़ाई बन गई है। हां, 10 साल के रक्षा ढांचे के समझौते पर हस्ताक्षर सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ को इस उथल-पुथल से बचा लेते हैं। लेकिन अन्य जगहों पर गतिरोध चिंताजनक है। इस साल क्वाड शिखर सम्मेलन की संभावना कम ही दिखती है। ट्रम्प ने शी को इसलिए लुभाया क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं, उनके किसान और उद्योग मुश्किल में हैं और उन्हें एक समझौते की जरूरत है। क्या मोदी अपना रुख बदल सकते हैं क्योंकि भारतीय कामगार भी मुश्किल में हैं? मोदी इन दिनों विश्व मंच पर मौजूद होने से ज्यादा अनुपस्थित हैं। ट्रम्प से बचना कोई रणनीति नहीं हो सकती। वह तीन साल और रहेंगे। इस बीच, शी 'जीत-जीत' की स्थिति में हैं। अमरीका के साथ उन्होंने अपनी पकड़ मजबूत की, रियायतें हासिल कीं, ट्रम्प को टैरिफ कम करने पर मजबूर किया और व्यावहारिक तौर पर यह साबित कर दिया कि वह भी उसी स्तर के हैं और धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने ट्रम्प को अपनी साख बचाने का मौका जरूर दिया। चीन एक बार फिर सोयाबीन खरीदेगा, लेकिन पहले जितना नहीं। वह दुर्लभ मृदा तत्वों के निर्यात की अनुमति देगा लेकिन केवल एक साल के लिए। वह फेंटानिल के पूर्ववर्ती पदार्थों पर भी अंकुश लगाएगा। दोशी के अनुसार, अमरीका 'पूर्व की यथास्थिति से भी कुछ बदतर स्थिति' में वापस आ गया है और 'विनाशकारी वापसी' ने उसकी कमजोरी उजागर कर दी है। चीन ने एक रणनीतिक गतिरोध पैदा कर दिया है-जो शी जिनपिंग का अगले दशक के लिए लक्ष्य है, यह दिखाकर कि वह कितने तरीकों से अमरीकी अर्थव्यवस्था का गला घोंट सकता है। अगर ट्रम्प को सोयाबीन-दुर्लभ मृदाओं पर अल्पकालिक राहत मिली, तो शी जिनपिंग को समय और तकनीक खरीदने का दीर्घकालिक लाभ मिला। फिर भी, कई लोग राहत महसूस कर रहे हैं कि ट्रम्प ने कम से कम एनवीडिया को अपनी सबसे बड़ी ब्लैकवेल चिप चीन को बेचने की इजाजत तो नहीं दी। कम से कम एक अस्थायी युद्धविराम तो है। कम से कम बाजार स्थिर तो हो सकते हैं। अमरीका-चीन के खेल का नतीजा क्या है? यह साफ है कि 10 महीने से भी कम समय में, टकराव की राजनीतिक और अथक कीमत ट्रम्प के लिए बहुत ज्यादा साबित हुई। अलग-अलग देशों में दुर्लभ मृदा तत्वों के लिए वैकल्पिक स्थल विकसित करने और प्रसंस्करण क्षमता बनाने में 5-10 साल लगेंगे। अमरीका-चीन प्रतिस्पर्धा जारी रहेगी लेकिन इसे शीत युद्ध के दौरान अमरीका-सोवियत प्रतिद्वंद्विता की तरह ही प्रबंधित किया जाएगा। प्रत्येक पक्ष 'दूसरे की आवश्यक राजनीतिक वैधता' को स्वीकार करता है, विवाद के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए सांझा नियम विकसित करता है, संयम का अभ्यास करता है और दूसरे की रक्षात्मक क्षमताओं को कम नहीं करता, विश्व राजनीति के लिए सिद्धांतों की एक सूची को स्वीकार करता है, ताकि 'एक सहमत यथास्थिति के लिए आधार रेखा' प्रदान की जा सके और संकट की स्थितियों के लिए मौजूदा संचार लिंक का उपयोग किया जा सके। इसके अलावा, अमरीका को 'जीत के पूर्ण दावों' को खारिज करना और 'चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की वैधता' को स्वीकार करना चाहिए। दोनों पक्ष एक-दूसरे की रणनीतिक परमाणु निरोध क्षमता को स्वीकार करने की घोषणा भी कर सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि शी जिनपिंग से मुलाकात से ठीक पहले, ट्रम्प ने पेंटागन को 33 साल बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से शुरू करने का आदेश दिया था। कोई वास्तविक कारण नहीं बताया गया। लेकिन परीक्षण फिर से शुरू करने से चीन को फायदा होगा क्योंकि वह अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण और विस्तार कर रहा है। प्रश्न यह है कि क्या चीन एक नियम पुस्तिका बनाने तथा उसका पालन करने के लिए सहमत होगा, जैसा कि सोवियत संघ ने बड़े पैमाने पर किया था।

साहित्य



## फूल

### श्याम सिंह बिष्ट

*मैं जब भी किसी फूल को देखता हूं*
*मुझे उस से हो जाती है घृणा*
*उस फूल ने, न जाने*
*कितने दिल जोड़ने के बाद तोड़*
*दिए होंगे*
*वह प्यार करने वाला कितना बेचैन*
*हूआ होगा*
*और न जाने कितनी रातें उसने*
*काटी होंगी*
*बिना खाये, सोये हूए उनके लिए*
*कोई माँ, बाप का सहारा लटक*
*गया होगा*
*या पिया होगा उसने ज़हर*
*किसी की बेवफाई में*
*मैं जब भी देखता हूं*
*जब भी ऐसा कोई फूल*
*मुझे उस से हो जाती है घृणा।*





## राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# 121 सीटों पर जनता तय करेगी नीतीश व तेजस्वी की किस्मत



अजय कुमार

बिहार में राजनीतिक तापमान अपने चरम पर है। 6 नवंबर को राज्य की सियासत की दिशा तय करने वाला पहला चरण होने जा रहा है, जिसमें 18 जिलों की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। यह सिर्फ चुनावी प्रक्रिया का पहला पड़ाव नहीं, बल्कि सत्ता की कुर्सी की नींव रखे जाने वाला निर्णायक मोड़ है। 3 करोड़ 75 लाख से अधिक मतदाता 1314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। आंकड़ों से लेकर उम्मीदवारों की सूची तक, हर तथ्य इस बात की गवाही दे रहा है कि इस बार की लड़ाई पहले से कहीं ज्यादा कड़ी, रोचक और निर्णायक है। बिहार के पहले चरण में मिथिलांचल, कोसी, मुंगेर डिवीजन और भोजपुर बेल्ट के वे इलाके शामिल हैं जहां राजनीति हमेशा से जातीय समीकरणों और स्थानीय प्रभावशाली चेहरों पर टिकी रही है। इस बार भी स्थिति कुछ अलग नहीं। इन इलाकों में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू, तेजस्वी यादव की आरजेडी, भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीधे-सीधे मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। कुल 1314 उम्मीदवारों में से 122 महिलाएं भी मैदान में हैं, जो बिहार की राजनीति में महिलाओं की बढ़ती सक्रियता को दर्शाता है।

पहले चरण में मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा है, लेकिन दिलचस्प यह है कि इस बार दोनों गठबंधनों के भीतर भी अंदरूनी जंग जारी है। महागठबंधन की ओर से आरजेडी 72 सीटों पर, कांग्रेस 24 पर और सीपीआई माले 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं सीपीआई और वीआईपी छह-छह सीटों पर, सीपीएम तीन पर और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी दो सीटों पर मैदान में है। एनडीए में जेडीयू 57, भाजपा 48, एलजेपी (रामविलास) 13, आरएलएम 2 और हम (जीतनराम मांझी की पार्टी) एक सीट पर किस्मत आजमा रही है। इसके अलावा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि जन सुराज पार्टी ने 119 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।यह आंकड़े भले चुनावी गणित की एक झलक भर हों, लेकिन असल कहानी उम्मीदवारों की प्रोफाइल और इलाकाई समीकरणों में छिपी है। पहले चरण में करीब 32 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, हर तीसरा उम्मीदवार किसी न किसी मुकदमे में आरोपी है। इनमें से 20 प्रतिशत उम्मीदवार गंभीर धाराओं में केस झेल रहे हैं। यही बिहार की सियासत की सच्चाई है, जहां अपराध, प्रभाव और राजनीतिक पूंजी एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। पिछले चुनाव के नतीजों पर नजर डालें तो 2020 में इन 121 सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर रही थी। महागठबंधन ने 61 सीटें जीती थीं जबकि एनडीए ने 59 सीटें। उस वक्त चिराग पासवान की एलजेपी अकेले मैदान में थी और सिर्फ एक सीट जीत सकी थी। आरजेडी ने उस चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 42 सीटें जीती थीं, भाजपा को 32, जेडीयू को 23, कांग्रेस को 8, माले को 7, वीआईपी को 4 और सीपीआई व सीपीएम को दो-दो सीटें मिली थीं। यही कारण है कि इस बार आरजेडी पर अपनी बढ़त बनाए रखने का दबाव है, जबकि जेडीयू और भाजपा के सामने खोया जनाधार वापस लाने की चुनौती।नीतीश कुमार के लिए यह पहला चरण किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं। जेडीयू जिन 57 सीटों पर लड़ रही है, उनमें से 36 पर आरजेडी से, 13 पर कांग्रेस से और सात पर सीपीआई माले से सीधा मुकाबला है। इसके अलावा दो सीटों पर वीआईपी से टक्कर है। यही कारण है कि नीतीश की राजनीति की साख इसी फेज पर टिकी मानी जा रही है। 2020 में जेडीयू के जिन 43 विधायकों ने जीत दर्ज की थी, उनमें से 23 पहले चरण की सीटों से आए थे। अगर इस बार वही सीटें डगमगाईं, तो नीतीश की मुख्यमंत्री कुर्सी भी खतरे में पड़ सकती है। दो दशक से सत्ता की धुरी बने नीतीश के लिए यह चुनाव राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन चुका है। दूसरी तरफ, तेजस्वी यादव के लिए यह फेज सत्ता की राह का पहला पड़ाव है। पिछली बार उन्होंने भोजपुर और सारण बेल्ट में आरजेडी का परचम फहराया था और इस बार उनका लक्ष्य उन इलाकों में बढ़त बरकरार रखते हुए नई सीटों पर कब्जा करना है। तेजस्वी खुद राघोपुर से चुनाव मैदान में हैं, जो उनकी पारिवारिक परंपरा की सीट रही है। यहां जीत दर्ज करना तो उनके लिए सहज है, लेकिन चुनौती यह है कि सहयोगी दलों कांग्रेस और लेफ्ट के उम्मीदवारों को भी मजबूत प्रदर्शन दिलाया जाए। पिछली बार सहयोगी दलों के कमजोर प्रदर्शन के कारण ही तेजस्वी बहुमत से पीछे रह गए थे। इस बार उनका फोकस पूरे गठबंधन को एकजुट रखकर जीत की राह बनाना है। पहले चरण में नीतीश सरकार के 16 मंत्रियों की किस्मत भी दांव पर है। इनमें जेडीयू के 5 और भाजपा के 11 मंत्री शामिल हैं। भाजपा के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सीवान से, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी तारापुर से, और दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा लखीसराय से चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा पटना के बांकीपुर से नितिन नवीन, दरभंगा के जाले से जीवेश मिश्रा, साहेबगंज से पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, अमनौर से आईटी मंत्री कृष्ण मंटू और बिहारशरीफ से पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार जैसे बड़े चेहरे भी मैदान में हैं। जेडीयू के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी सरायरंजन से, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार नालंदा से, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी बहादुरपुर से और सूचना मंत्री महेश्वर हजारी कल्याणपुर से मैदान में हैं। इनके लिए यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि राजनीतिक भविष्य का निर्णायक मोड़ है।

बिहार की राजनीति का चरित्र हमेशा से गठबंधनों और समीकरणों पर टिका रहा है। लेकिन इस बार माहौल कुछ अलग है। भाजपा अब जेडीयू पर पूरी तरह निर्भर नहीं दिखना चाहती। नीतीश के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की सुगबुगाहट भी है, और भाजपा इसी लहर को अपने पक्ष में भुनाने में लगी है। वहीं जन सुराज पार्टी जैसे नए संगठन भी जनता के बीच पैठ बनाने की कोशिश में हैं। प्रशांत किशोर की यह पार्टी 119 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर सियासी हलचल बढ़ा रही है। हालांकि, इनका असर कितना होगा, यह नतीजे बताएंगे, लेकिन इतना तय है कि वोटों का बिखराव इस बार निर्णायक असर डालेगा।बिहार की जनता हर बार की तरह इस बार भी जातीय समीकरणों और स्थानीय मुद्दों से प्रभावित दिख रही है। बेरोजगारी, शिक्षा, महंगाई और कानून-व्यवस्था चुनावी विमर्श के केंद्र में हैं, लेकिन विकास और नेतृत्व की तुलना में भावनात्मक समीकरण ज्यादा असर डालते दिख रहे हैं। तेजस्वी जहां युवाओं को रोजगार और परिवर्तन की बात कर रहे हैं, वहीं नीतीश कुमार अपनी सुशासन और विकास की छवि को दोहराने में लगे हैं।

6 नवंबर का मतदान सिर्फ 121 सीटों का फैसला नहीं करेगा, बल्कि यह तय करेगा कि बिहार की राजनीति आगे किस दिशा में बढ़ेगी। अगर पहले चरण में आरजेडी और उसके सहयोगी बढ़त बनाते हैं, तो तेजस्वी का रास्ता आसान होगा। लेकिन अगर नीतीश और भाजपा ने संतुलन बनाए रखा, तो बाकी चरणों में मुकाबला और भी दिलचस्प हो जाएगा। पहले चरण का चुनाव बिहार के भविष्य की सबसे बड़ी परीक्षा है सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए। 20 साल से बिहार की राजनीति जिन दो ध्रुवों पर टिकी रही है, वही अब फिर से आमने-सामने हैं। फर्क बस इतना है कि इस बार दोनों के पास खोने को भी बहुत कुछ है। नीतीश के लिए सत्ता का निरंतरता दांव पर है और तेजस्वी के लिए भविष्य की राजनीति का स्वप्न। यह चरण तय करेगा कि जनता किसे अगले पांच साल की बागडोर सौंपना चाहती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने समाजसेवी युवक को नगर अध्यक्ष बनाया



**मौदहा हमीरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने नगर के एक समाजसेवी युवक को कांग्रेस का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। अवगत हो कि जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने नगर के हुसैनगंज निवासी अहमद हसन पुत्र रमजान अहमद को नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। अहमद हसन के नगर अध्यक्ष बनने पर शफकत उल्ला उर्फ राजू, डॉक्टर शाहिद अली, मोहम्मद जाकिर व विवेक कुमार समेत अन्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अहमद हसन के अध्यक्ष बनने से नगर समेत क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार बढ़ेगा इसके अलावा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जावेद पहलवान ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा किए गए इस मनोनयन को कांग्रेस के हित में बताया है। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इसके पूर्व भी अहमद हसन कांग्रेस पार्टी में रहकर तन मन धन से अपनी सेवाएं देते रहे हैं।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज का हुआ वार्षिक निरीक्षण



**मौदहा, हमीरपुर।** विद्या भारती, कानपुर प्रान्त योजनानुसार नगर के शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज का 2, 3 व 4 नवम्बर को बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर, कर्वी के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय, रसायन विज्ञान के प्रवक्ता धीरेन्द्र वाजपेई, हिन्दी प्रवक्ता सुशील श्रीवास्तव व कार्यालय प्रमुख गोरेलाल सोनी जी द्वारा किया गया। प्रात:काल वन्दना से लेकर शिक्षण, विद्यालय की व्यवस्थाओं आदि का सम्पूर्ण निरीक्षण हुआ। आये हुए अतिथियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह द्वारा कराया गया एवं स्वागत एवं सम्मान प्रबन्धक ब्रजमोहन सिंह द्वारा हुआ। इस मौके पर निरीक्षक प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि विद्या भारती की इस व्यवस्था से जो विद्यालय में न्यूनतायें होती हैं तो ठीक करने का अवसर प्राप्त होता है, उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास में मुख्य सहायक हैं भैया/बहिनों की शिक्षा, अभिभावक व आचार्य का मधुर सम्बन्ध, अभिभावक सम्पर्क, विद्यालय का अनुशासन आदि। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के समय भैया/बहिनों की उपस्थिति संतोष जनक रही। निरीक्षण के समय समस्त आचार्य बन्धु/भगिनी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बंजर आश्रम में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन हवन-पूजन कार्यक्रम हुआ संपन्न



**मौदहा, हमीरपुर।** कपसा मार्ग स्थित बजरंग आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन विधि विधान के साथ हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार ब्रह्मलीन बजरंगदास महाराज जी के आशीर्वाद से कन्या भोज संतपंगत तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों गांव के लोग भागवत कथा प्रेमियों ने भंडारे में उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रसाद ग्रहण किया कस्बे से तीन किलोमीटर दूर स्थित कपसा मार्ग स्थित बजरंग आश्रम में 29 अक्टूबर से 4 नवंबर तक सप्त दिवसीय भागवत कथा व्यास गद्दी पर विराजमान राष्ट्रीय कथा वाचक संदीप जी महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान किया 5 अक्टूबर को बुधवार को सुबह वैदिक विधि विधान से पूर्ण आहुति देते हुए संत पंगत कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के करहिया, सिजनौडा, छिमौली, भैस्ता, उरदना, खंडेह, टिकरी, सिजवाही, कपसा, भभई, लेवा, परछा सहित दर्जनों गांव के भागवत कथा प्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारा सुबह से देर रात तक चलाता रहाऔर नन्हे मुन्ने बच्चों ने वहां सजे दुकान झूले का आनंद लिया और महिलाओ ने साज सज्जा सामान की खरीदारी की।

### जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पारा गांव के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो लोगो के खिलाफ वन दरोगा ने वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम के तहत थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।क्षेत्र के बेरी वन रेंज क्षेत्र के वन दरोगा रोहित सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सुबह दस बजे सूचना मिली कि दो व्यक्ति जंगली सुअर का शिकार पारा गांव के जंगल में करके बोरी में मांस लेकर जा रहे है। तब वनरक्षक संजय कुमार के साथ पारा गांव गए। तब पारा गांव जाने वाले रास्ते में गेट के पास दो व्यक्ति साइकिल में दो बोरी लेकर आते दिखाई दिए। जिनसे खून टपक रहा था जब उनसे जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि जंगली सुअर का शिकार किया है। मांस लेकर जा रहे है। तब उनकी कब्जे में लेकर घटना स्थल का मुआयना किया। मौके से 6 किलो सुअर के मांस के टुकड़े व कुल्हाड़ी बरामद किया। वन दरोगा की तहरीर पर शिवचरण पुत्र बद्दू कुशवाहा व कामता पुत्र चुनुबाद प्रजापति निवासी गण जल्ला के खिलाफ पुलिस ने वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कुरारा, हमीरपुर।** नवंबर थाना क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव निवासी गोविंदसिंह पुत्र अतबल सिंह के खिलाफ थाने में एन डी पी एस का मुकदमा दर्ज है। इसके खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया है। आज उपनिरीक्षक राकेश कुमार व कांस्टेबल प्रताप कुमार ने गांव के पास से उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर 22 लाख, 33 हजार, 500 रुपये ठगे, साइबर थाने में मुकदमा दर्ज

**महोबा।** शेयर मार्केट में निवेश कर 200 से 400 फीसदी मुनाफा कमाने का लालच देकर युवक को साइबर ठगों ने निशाना बनाकर बैंकों से 22 लाख 33 हजार 500 की रकम गायब कर दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। शहर के मलकपुरा मुहल्ला निवासी अमित कुमार चौरसिया पुत्र चंद्रप्रकाश चौरसिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह किराना की दुकान संचालित कर परिवार का भरण पोषण करता है। विगत 21 सितंबर को उसके मोबाइल नंबर को एक ग्रुप में जोड़ा गया। बाद में शेयर मार्केट में निवेश कर 200 से 400 फीसदी मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। उसने अपने अलग-अलग बैंक खातों से 16 अक्टूबर तक कुल 22 लाख 33 हजार 500 रुपये जमा कर दिए। इसके बाद ग्रुप में पैन कार्ड का नंबर डालने को कहा गया। पैन नंबर डालकर जब ओपन करने पर देखा तो रकम डबल दिखने लगी मगर बाद में जब रकम निकालने का प्रयास किया गया तो खाता से रकम नहीं निकली। जिसके बाद साइबर फाड की जानकारी हुई। साइबर थाना पुलिस ने व्यापारी की तहरीर के आधार पर केस दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

### थाना खरेला की पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**खरेला/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सुषमा चौधरी द्वारा गठित उपनिरीक्षक राजकुमार मय हमराह कांस्टेबल दीपक मौर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त सलीम पुत्र रमजानी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पच्चू का डेरा थाना खरेला सम्बन्धित सीपी नम्बर 60/303/06 अपराध संख्या 92/05 धारा 193 भादवि. में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त को ग्राम पच्चू के डेरा के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### ट्रांसफार्मर में काम करते समय करंट की चपेट में आकर लाइन मैन झुलसा



**महोबा।** श्रीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मुरानी में आज बुधवार को ट्रांसफार्मर में काम करते समय करंट की चपेट में आकर लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया। घटना उस समय हुई जब वह ट्रांसफार्मर पर बिना सुरक्षा उपकरण के मरम्मत कार्य कर रहा था। अवर अभियंता देवकीनंदन ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर काम करते समय अचानक करंट प्रवाहित हो गया, जिससे लाइनमैन भड़रा गांव निवासी लाइनमैन अशोक पुत्र घनश्याम 35 वर्ष झुलस गया और मौके पर ही गिर पड़ा। सहकर्मियों ने तत्काल घटना की सूचना जेई देवकीनंदन को दी। उन्होंने घायल लाइनमैन को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी श्रीनगर भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल महोबा रेफर कर दिया गया।अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार जारी है। विभागीय कर्मियों के अनुसार घटना के समय लाइनमैन ने सुरक्षा बेल्ट व दस्ताने नहीं पहने थे, जिससे हादसा घटित हुआ। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि लाइनमैनों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव हो सके।

कार्तिक पूर्णिमा

# बेतवा नदी के किनारे पीर बाबा के स्थान पर लगा मेला

- दिवारी नृत्य का भी किया गया आयोजन
- खेरापाति मंदिर में भी तीन दिवसीय मेले का किया गया आयोजन





**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड क्षेत्र के पतारा गांव में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बेतवा नदी की तलहटी में बने प्राचीन काने पीर बाबा के स्थान पर मेला व दिवारी नृत्य का आयोजन किया गया। वही क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में यमुना नदी किनारे खेरापति मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय मेला का शुभारम्भ हुआ। लोगो ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। तथा दिवारी नृत्य भी सम्पन्न हुआ कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के पतारा गांव में बेतवा नदी के किनारे स्थित प्राचीन काने पीर बाबा के स्थान पर मेला व दिवारी नृत्य का आयोजन किया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस स्थान पर तेल चढ़ाकर कर कान में डालने से कान से सम्बन्धित विकार ठीक हो जाते है। लोग इस स्थान पर प्रसाद चढ़ाकर परिक्रमा करते हैं।

बेतवा नदी की कगार पर यह स्थान बना हुआ है। मेला में महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी की तथा मेला का आनंद लियातथा दिवारी कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। वही क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में यमुना नदी किनारे खेरापति देव स्थान पर मेला का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हनुमान निषाद ने बताया कि प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय मेला, दंगल व रामलीला का आयोजन किया जाता है। तथा पहले दिन मेला में दिवारी नृत्य आयोजित किया जाता है। दूसरे दिन दंगल व रात में रामलीला कार्यक्रम सम्पन्न होगा। लोगो ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के गांवों के लोग मौजूद रहे।

### मानासर बाबा धाम में कार्तिक पूर्णिमा पर भक्ति और आस्था का उमड़ा सैलाब



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध मानासर बाबा शिव मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का सागर उमड़ पड़ा। सुबह होते ही श्रद्धालु दूर-दूर से मंदिर पहुंचने लगे। मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।मेले में बच्चों के झूले, खिलौने, खाद्य सामग्री एवं घरेलू वस्तुओं की दुकानों पर खूब भीड़ रही। महिलाएं पूजा-अर्चना के साथ-साथ पारंपरिक सामग्री की खरीदारी भी करती नजर आईं। वहीं, भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा।मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए गए।

# कैरियर मेले में छात्र-छात्राओं ने पूछे प्रश्न, विशेषज्ञों ने दिए जवाब

- टेढ़ा के राजकीय मॉडल इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम





**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

टेढ़ा के पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में भव्य कैरियर मेला का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ.सच्चिदानंद, महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.साक्षी ने बच्चों को मेडिकल फील्ड में कैरियर के विविध विकल्पों पर जानकारी दी। स्टडी सेंटर कोचिंग के संचालक अखिलेश कुमार शुक्ल ने बारहवीं के बाद गरीब बच्चों की निशुल्क शिक्षा के लिए मिशन अभ्युदय और सरकारी छात्रवृत्ति की जानकारी दी।विशिष्ट अतिथि राजकीय डिग्री कॉलेज सुमेरपुर की प्राचार्या डॉ.विद्या वर्मा, प्रवक्ता डॉ.शक्ति गुप्ता, डॉ.नरेंद्र चौधरी ने बच्चों को उच्च शिक्षा और शोध में कैरियर विकल्प पर प्रोत्साहित किया।हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड कंपनी के एचआर धर्मवीर कश्यप ने विभिन्न ट्रेड और पाठ्यक्रमों के द्वारा प्राईवेट कंपनियों में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों के बारे में जानकारी दी। सेना के कैप्टन पंकज ने डिफेंस क्षेत्र में कैरियर बनाने की जानकारी दी। चीफ एक्जीक्यूटिव फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड अरविंद सिंह, शेखर यादव, एसबीआई के शाखा प्रबंधक आशीष कुमार ने बच्चों को एजुकेशन लोन के बारे में जागरूक किया।आए हुए विशेषज्ञों से छात्रा अनामिका, गुड़िया, रूबी, रागिनी और छात्र संकल्प, ऋषि योगेंद्र आदि ने विशेषज्ञों से बेझिझक प्रश्न पूछे, जिसका विशेषज्ञों ने समुचित जवाब दिया। पंख पोर्टल के प्रभारी आलोक पाठक ने माध्यमिक शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम की गतिविधियों जैसे तमन्ना टेस्ट,कैरियर काउंसलिंग की जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने सभी आभार व्यक्त किया।

## बंदर को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा, तीन को और बनाया निशाना

खबर का असर



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत इंगोहटा में कटखने बंदर को पकड़ने के लिए वन विभाग ने बुधवार को गांव पहुंचकर पिंजरा लगाया है। इसी बीच बंदर ने तीन लोगों को काटकर लहूलुहान कर दिया। जिससे ग्रामीण भयभीत हैं पिछले एक माह से इंगोहटा में एक कटखने बंदर ने आतंक मचा रखा है। रीछा तालाब के आसपास के बस्ती के लोग इस कटखने बंदर के आतंक से दहशत में है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरुप्रताप सिंह परिहार ने जिलाधिकारी एवं डीएफओ को पत्र भेज कर बंदर को पकड़ने की मांग की थी। बुधवार को वन विभाग की टीम ने बंदर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। इसी बीच बंदर ने गांव के रमेश कुमार प्रजापति (30), अजय कुमार निषाद (13) तथा एक युवती को काटकर लहूलुहान कर दिया। अब तक कटखने बंदर ने डेढ़ दर्जन लोगों को निशाना बना चुका है। वन क्षेत्राधिकारी अधिकारी ने बताया कि पिंजरा गांव भेज कर अरविंद कुमार के आंगन में लगाया गया है। इसको जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# बुआ के घर में 11वीं की छात्रा भतीजी ने फांसी लगाकर दी जान

- मामा के घर से तेरहवीं के बाद बुआ के घर गई थी मृतका
- छात्रा की मौत से परिजनों में मचा कोहराम



**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

थानाक्षेत्र अन्तर्गत रामनगर में अपनी बुआ के घर पहुँची 11वीं की छात्रा ने फाँसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। छात्रा को फाँसी से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरु कर दी है। छात्रा की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त विवरण के अनुसार जिला मुख्यालय के भटीपुरा मोहल्ला निवासी हरीश वर्मा की 16 वर्षीय पुत्री खुशी विगत दिवस चरखारी कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सूपा स्थित परिवार सहित अपने मामा फूलचंद की यहां त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। त्रयोदशी के बाद अन्य परिवारीजनों के साथ चरखारी कस्बा के रामनगर स्थित अपनी बुआ के घर चली गई थी। देर रात बुआ के घर में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा को फांसी के फंदे से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मृतका के माता-पिता महानगर में रहकर मजदूरी करते हैं और मृतका मुख्यालय स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा है,मृतका चार बहनों में तीसरे नंबर की बताई जा रही है। छात्रा की असामायिक मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# उद्यान विभाग ने 40 किसानों को बांटा प्याज का नि:शुल्क बीज

- ब्लॉक कार्यालय में हुआ वितरण कार्यक्रम



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ब्लाक सभागार में आयोजित एक समारोह में उद्यान विभाग की ओर से 40 किसानों का प्याज का नि:शुल्क बीज मुहैया कराया। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे विकासखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित एक समारोह में उद्यान विभाग की ओर से किसानों को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण यादव ने प्याज का नि:शुल्क बीज का वितरण किया। एक किसान को 2 किलो बीज दिया गया। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने कहा कि किसानों की आमदनी दुगना करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना के तहत किसानों को यह बीज मुहैया कराया गया है। इस मौके पर भाजपा नेता किशन व्यास, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार उद्यान विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### मृतक की पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई

**मौदहा, हमीरपुर।** प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या में मृतक की पत्नी कोतवाली में दिए तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर हत्या व एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया। आरोपियों की तलाश जारी है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहबरा के पास मंगवार को ग्राम रीवन निवासी सुनील कुमार उर्फ डण्डा गुरु के ट्यूबेल के निकट सड़क किनारे अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली जहाँ पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त करवाई जिसकी पहचान मृतक के भाई दयाशंकर ने बताया कि यह मेरा भाई है और मौदहा कस्बे के

- पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर हत्या व एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

फत्तेपुर मुहल्ले शिवपुरी में रहता है। जहाँ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वही बुधवार को मृतक दयाराम की पत्नी तारा देवी ने कोतवाली में दिए तहरीर में बताया कि मेरा पति सोमवार को रात नौ बजे बाइक लेकर घर से निकला तो मैने पूंछा कि कहां जा रहे हो तो उसने बताया कि मै रीवन गांव जा रहा हूँ मुझे चंद्रपाल कुशवाहा ने बुलाया है और निकल गया दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर तीन बजे सूचना मिली कि मेरे पति की लाश गहबरा गांव के पास पड़ी है। मेरे पति को चंद्रपाल पुत्र अज्ञात, उसका भाई नाम अज्ञात व हत्या में शामिल सहयोगी नाम अज्ञात है। मेरे पति की हत्या की है जिसमे कोतवाली पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर तीनो आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कंस वध के साथ प्रसिद्ध पठवा मेले का समापन

**जैतपुर/महोबा।** कस्बा में कार्तिक माह की पूर्णिमा पर कंस वध के साथ एक दिवसीय मेले का समापन हो गया। जैतपुर के रेलवे स्टेशन रोड कृषि विज्ञान केंद्र के पास पठवा मेला के नाम से मशहूर कंस मेला का आयोजन हुआ। मेले का आयोजन सदियों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए कंस वध देखने के लिए कई गांव से हजारों लोग यहां पर हर साल आते है। बुधवार शाम करीब 5:30 बजे भगवान श्री कृष्ण, बलदाऊ ने कंस के पुतले का वध किया। कंस का वध होते ही पटाखे फोड़े गये और अनंत खुशियां मनाई गईं। इसके बाद में भगवान श्री कृष्ण और बलदाऊ कि पूरे कस्बा में शोभायात्रा निकाली गई है जिसको देखने के लिए हजारों की भीड़ मौजूद रही। मेला में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने लिए बेलाताल पुलिस चौकी इंचार्ज सहित पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# मंदिर से गायब प्रतिमा को पुलिस ने महज कुछ देर बाद कुएं से किया बरामद

- सूचना पर पहुंचे सीओ ने घटनास्थल का किया निरीक्षण



**कुलपहाड़/महोबा, समद्धि न्यूज।**

नगर के राजा वार्ड नंबर 11 में स्थित वर्षों पुराने एक मंदिर से शंकर जी की प्रतिमा तोड़कर गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद भक्तों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर अराजकतत्वों की तलाश में जुट गई है। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने शक के आधार पर पास में ही स्थित एक कुएं से गोताखोरों की मदद से खंडित प्रतिमा को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि नगर के वार्ड नंबर 11 में रिलायंस टावर के पास वर्षो पुराना शंकर जी का मंदिर है, जिसमें सभी भक्तगण पूजा पाठ करते रहते हैं। बुधवार की भोर सुबह जब भक्तगण पूजा पाठ करने पहुंचे तो मन्दिर से मूर्ति गायब मिली। इसकी खबर मुहाल के भक्तगणों को लगी तो हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा, अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज विकास तिवारी सहित पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण करते हुए आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर शक के आधार पर मंदिर के पास में ही स्थित एक कुएं से गोताखोरों की मदद से खंडित प्रतिमा को बरामद कर लिया गया है। मुहल्ले के ही कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि रात्रि 10:30 बजे करीब एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति यहां घूम रहा था। तभी पुलिस ने उस मानसिक विक्षिप्त को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा ने बताया कि प्रतिमा को पास के ही कुएँ से बरामद कर लिया है। और मोहल्ले के कुछ लोगों के बताए अनुसार एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह अभी कुछ भी बताने में असमर्थ है।

# युवा उद्यमी समाजसेवी अमन शर्मा ने शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा के छात्र-छात्राओं को कराया भोजन

- कस्बे में नि:शुल्क संचालित है शिरडी साईं बाबा स्कूल निस्वारा



**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पनवाड़ी विकास खंड के ग्राम निस्वारा स्थित शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में पनवाड़ी के युवा उद्मी समाजसेवी अमन शर्मा ने छात्र-छात्राओं को दोपहर का भोजन अपनी ओर से कराया अमन शर्मा ने आज मीडिया में जानकारी देते हुए कहा है कि वर्षो ने कस्बे में एक मात्र निशुल्क संचालित स्कूल जहाँ पर छात्र छात्राये सदैव अनुशाशन एवम ड्रेस कोड में रहने बाले अच्छी पढ़ाई कर रहे एक उम्दा माहौल में छात्र छात्राये शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिन्हें स्कूल की ओर से दोपहर में हल्का भोजन खिचड़ी या हलुवा या तिहरी स्कूल से प्रदान की जाती है एवम यहाँ पर शिक्षा के साथ साथ किताब कॉपी ड्रेस आदि भी निशुल्क प्रदान की जाती है जिससे प्रभावित होकर अमन शर्मा ने सभी कक्षा1से लेकर12वी में पढ़ने बाले छात्र छात्राओं को बढ़िया भोजन कराया और उन्होंने कहा लोगो को आकर यहाँ देखना चाहिए और परखना चाहिए और इन छात्र छात्राओं का सहयोग करना चाहिए जिससे यह आगे बढ़ सके उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता का धन्यबाद ज्ञापित किया इतनी बढ़िया संस्था इस क्षेत्र को प्रदान की और यहाँ के छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिए यह सुनहरा मौका है और बढ़िया प्लेटफार्म है आगे बढ़ने का उन्होंने प्रधानाचार्य उपेन्द्र द्विवेदी का भी आभार व्यक्त किया की मुझे इस संस्था में जोड़ने के लिए आगे भी में इसी तरह का सहयोग करता रहूंगा उपरोक्त अवसर पर सभी टीचर्स एवम कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण योजनान्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार,पंकज यादव जिला विकास अधिकारी,विपिन कुमार परियोजना निदेशक, डीआरडीए, वित्त नियंत्रक डीआरडीए,कोषाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, जिला पूर्ति अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सांख्यकीय अधिकारी, प्रमुख क्षेत्र पंचायत चरखारी, एलडीएम तथा जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 में सेल्फ सर्वे 20978, असिस्टेड सर्वे 16841 कुल प्राप्त सर्वे 37819 की आगामी प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित मानकों/निर्देशों के अनुसार पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाये तथा विगत वर्षा के अपूर्ण प्रधानमंत्री आवासों को अनिवार्य रूप अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाये।

# गुरु नानक ने समाज को समानता, प्रेम व भाईचारे का दिया संदेश : डीएम

▸ सर्वधर्म सद्भाव के अग्रदूत गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

गुरु नानक देव ने समाज को समानता,प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।उन्होंने जाति,धर्म,लिंग और वर्ग भेदभाव को मिटाने और निस्वार्थ सेवा के साथ जरूरतमंदों की मदद पर जोर दिया।यह उदगार गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब में गुरु नानक देव के जन्मोत्सव प्रकाश पर्व पर गुरुग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेकने के बाद जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु नानक देव ने बाहरी दिखावे के बजाय प्रेम, सत्य और अच्छे कर्मों को ही सच्चा धर्म बताया और समाज को बदलने से पहले खुद की बुराइयों पर विजय पाना आवश्यक बताया।

गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालड़ा ने कमेटी की ओर से जिलाधिकारी का स्वागत सिरोपा,शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया।इसी के साथ प्रबंध कमेटी ने सिटी मजिस्ट्रेट और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद इटावा को भी सिरोपा,शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।



बुधवार को गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब में हिन्दुओं के गुरू मुसलमानों के पीर गुरू नानक शाह फकीर सर्वधर्म सद्भाव के अग्रदूत मानवता के उपासक गुरू नानक देव जी का प्रकाशोत्सव बड़ी ही श्रद्धा उल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया।पिछले पंद्रह दिनों से प्रकाशोत्सव पर्व को मनाने की तैयारियों चल रही थीं,नगर में प्रभात फेरी,शबद कीर्तन का गायन प्रारम्भ हो गया तथा साथ ही साथ गुरुद्वारा में 16 श्री अखण्ड पाठ साहिब की श्रृंखला प्रारम्भ हो गयी थी,जिसका कि समापन आज अर्धरात्रि प्रकाशोत्सव के पश्चात शबद कीर्तन के साथ ही गुरूद्वारा में हुआ तथा बहुत ही आकर्षक आतिशबाजी की गयी।

गुरुपर्व पर गुरूद्वारा तेगबहादुर साहिब में सुबह से ही माथा टेकने वाले भक्तों,स्त्री व बच्चों का तांता लगा हुआ था।गुरू नानक जयन्ती पर सभी समुदाय के लोगों व पार्टी जनों ने गुरुद्वारा आकर माथा टेककर आपसी भाईचारे व एकता का सन्देश दिया।

इस अवसर पर जगजोत, अंतरप्रीत, उत्तम कौर,परविंदर कौर, प्रिंसी कौर, जपजी कौर, सिमरन कौर व दिलप्रीत कौर द्वारा प्रस्तुत गुरुवाणी समूह शबदगान ने सभी संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया।गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी भाई गुरदीप सिंह व साथियों ने कीर्तन तथा अन्य विद्वानों ने प्रवचन द्वारा संगतों को निहाल किया।उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि श्री गुरु नानक देव जी का पैगाग जन जन एवं सम्पूर्ण विश्व के लिए था।

## शिवपाल ने मृतात्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि



**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन पूर्व मंत्री श्रीकृष्ण यादव की धर्मपत्नी राधा यादव के निधन उपरान्त मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने उनके ग्राम मोढादेव स्थित आवास पर पहुँचकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ताखा ध्रुव यादव चीनी, पूर्व जि0पं0स0 मनोज यादव बण्टी, विपिन यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रताप वर्मा के अलावा उनके परिजन शिवम यादव आदि की उपस्थिति रहे।

## खबरें एक नजर में

### भव्य शनि शोभायात्रा सात नवम्बर को



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के ग्वालियर रोड स्थित सिद्ध शनि धाम मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वृद्धा आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में 15 वीं भव्य शनि शोभायात्रा 7 नवम्बर शुक्रवार को धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा में एक दर्जन से ज्यादा देवी देवताओं की झांकियां भी शामिल होगी। बाहर से आ रही झांकियों के साथ खाटू श्याम की झॉकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में भव्य भंडारा भी आयोजित होगा। ग्वालियर के प्रसिद्ध शनिश्चरा धाम मंदिर के महंत रोहित दास महाराज भी यात्रा में शामिल रहेंगे। बुधवार को यात्रा के संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए मंदिर के महंत चंद्रभान जौहरी व कार्यक्रम संयोजक नितिन चतुर्वेदी ने बताया 6 नवंबर 2011 को शनिधाम मंदिर की स्थापना हुई थी इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष शनि शोभायात्रा निकाली जाती है। शोभायात्रा शुक्रवार को शाम 5ः00 बजे रामलीला मैदान से शुरू होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य तथा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन समिति की सदस्य सीमा शाक्य शनिदेव का आरती पूजन कर यात्रा का शुभारंभ करेंगी। यात्रा शहर के रामलीला रोड सिंधी मार्केट, तहसील चौराहा, बजाजा लाइन, नगर पालिका चौराहा, पचराहा,छैराहा, टिक्सी मंदिर तिराहा होते हुये शनि धाम मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के बाद मंदिर परिसर में भव्य भंडारा भी आयोजित होगा। उन्होंने बताया सुबह शनिदेव का तैलाभिषेक के बाद हवन पूजन व आकर्षक श्रंगार किया जाएगा और शाम को यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बाहर की झांकियां व बैंड शामिल होंगे। जीवंत झांकियों के साथ इलेक्ट्रॉनिक झांकियों को भी यात्रा में शामिल किया गया है। इस बार ग्वालियर के प्रसिद्ध शनिश्चरा धाम मंदिर के महंत रोहित दास महाराज यात्रा में शामिल होने के लिए आ रहे हैं नगर वासियों को उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। महंत चंद्रभान जौहरी ने नगर वासियों से शनि शोभायात्रा में शामिल होने तथा आरती पूजन के साथ पुष्प वर्षा करने की अपील की है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भरथना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रामौतार सविता पुत्र मुरलीधर निवासी गंगापुरा चौबिया के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रामौतार सोमवार शाम करीब पांच से छह बजे के बीच घर से निकले थे। वह कटिंग का काम करते थे और अक्सर बंधा क्षेत्र में घूम–फिरकर मजदूरी किया करते थे। स्थानीय निवासी वीरेंद्र सिंह यादव नगला बंधा ने बताया कि रामौतार करीब पंद्रह वर्षों से उनके यहां रह रहे थे। रोजाना की तरह सुबह चार बजे उठे, लेकिन बाद में फिर सो गए थे। बताया गया कि सुबह करीब पांच बजे घर से लगभग दो सौ मीटर दूरी पर शिकोहाबाद से कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि वृद्ध कम सुनते थे, संभवतः ट्रेन की आवाज नहीं सुन पाए। भाई गौरीशंकर ने बताया कि रामौतार उनके बड़े भाई थे। वह भरथना क्षेत्र के नगला बंधा में रहकर नाई का काम करते थे। सुबह शौच के लिए निकले थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि रामौतार का शव रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा था। सूचना पाकर भरथना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पांच बेटे और दो बेटियां हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने वृद्ध की ईमानदारी और सादगी को याद करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

### ट्रक के बीच में दबकर युवक की मौत

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** कस्बा स्थित कृषि उत्पादन मण्डी समिति में बीती शाम करीब 5 बजे उस समय एक किसान पुत्र उदयवीर 35 वर्ष पुत्र सियाराम निवासी हथनौली की ट्रक और ट्राला के बीच दबकर दर्दनाक मौत हो गई, जब उदयवीर गल्ला मण्डी में फंसे एक ट्रक को बैक कराने में चालक की मदद कर रहा था। इस बीच ट्रक चालक को पीछे खड़ा ट्राला और उदयवीर दिखाई नहीं दिया और चालक ने ट्रक पीछे बढ़ा दिया, जिसमें दबकर उदयवीर की दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि मौजूद किसान और परिजन उदयवीर को इलाज के लिए चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान पुत्र उदयवीर की मौत की खबर मिलते ही किसान परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पिता के चार बेटों में सबसे बड़ा पुत्र था। घटना से माँ प्रेमदेवी, पिता सियाराम और छोटे भाई उदय सिंह, बालिस्टर और नीरज सहित परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

### फावड़े की जड़ से युवक के सिर पर मारकर हत्या करने वाला गिरफ्तार



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.11.2025 को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा चचेरे भाई की हत्या करने वाले एक अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम खौड़ा में 2 नवंबर 25 की सुबह दो पारिवारिक पक्षों के बीच भैस के द्वारा नांद में चारा खा लेने के मामूली विवाद में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के युवक को फावड़े की जड़ से मारकर गम्भीर रुप से चोट पहुंचा दिया गया था जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई थी । तत्पश्चात मृतक की मां की तहरीर के पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । जिसमें 4 नवंबर 25 को मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । आज दिनांक 05.11.2025 को एक अन्य वांछित अभियुक्त (मुख्य अभियुक्त का छोटा भाई) को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा थाना तिन्दवारी क्षेत्र के सरेराह सड़क पपरेन्दा रोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सुनीत कुमार पुत्र बड़कू निवासी खौड़ा थाना तिन्दवारी जनपद बांदा है।

## उपभोक्ताओं के बिल जमा कर 14 लाख का कैश लेकर विद्युत कर्मचारी फरार

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बबेरू विद्युत उपकेंद्र में तैनात विद्युत कर्मचारी उपभोक्ताओं के बिल जमा कर करीब 14 लाख रुपए का कैश लेकर फरार हो गया, जिसको विभाग के द्वारा निलंबित कर दिया।

बबेरू विद्युत विभाग के कर्मचारी टीजी 2 घनश्याम बबेरू विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं के बिल जमा करता था। करीब दो महीने से वह एब्सेंट भी चल रहा है। जो उपभोक्ताओं का विद्युत बिल जमा किया था, वह विभाग में नहीं जमा किया। जिसमें लगभग 14 लाख रुपए लेकर कर्मचारी टीजी 2 घनश्याम लेकर फरार चल रहा है। जिसमें जिला मुख्यालय डिस्ट्रिक्ट डिवीजन



कार्यालय में रुपया जमा ना होने पर कर्मचारी की खोजबीन शुरू किया है। पता चला कि दो महीने से कर्मचारी अब्सेंट चल रहा है जिसको लेकर एसडीओ बबेरू के द्वारा टी जी 2 कर्मचारी घनश्याम को निलंबित कर दिया। वहीं यह जानकारी बुधवार की दोपहर एसडीओ एजाज रसूल के द्वारा दी गई है।

## एडीएम ने बहुप्रतीक्षित न्यू वेन्यू की लांचिंग की

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

हुण्डई कम्पनी की बहुप्रतीक्षित न्यू वेन्यू की राजेन्द्र हुण्डई के इटावा शोरूम पर न्यायिक एडीएम सन्दीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा राजेन्द्र हुण्डई के डायरेक्टर नीरज तिवारी,पंकज तिवारी,दीपक तिवारी,धीरज तिवारी व अनुज तिवारी की उपस्थिति में रिबन एवं केक कटिंग के साथ भव्य लांचिग की गयी।

लांचिग के अवसर पर कम्पनी के जनरल मैनेजर अजीत यादव ने बताया कि न्यू हुण्डई वेन्यू पूरी तरह से चेंज हो गयी है,इसमें हुण्डई स्मार्ट सेन्स लेबल -2 अडास सिस्टम के साथ-साथ 6 एअरबैग फ्रन्ट बोल्ड डिजायन विद क्वैड बीम एल.ईडी. हैडलेम्प, स्पैशियस केबिन,फ्रन्ट रो वैन्टीलेटिड सीट, ट्रेक्सन कन्ट्रोल मोड,ब्लूलिंक



फेसिलिटी जैसे बेहतरीन फीचर दिये गये हैं। न्यू वेन्यू 2 न्यू कलर हेजल ब्लू और मैसटिक सेफायर के साथ 6 रंगो एवं पेट्रोल के पांच वेरियन्ट एवं डीजल के चार वेरियन्ट में उपलब्ध होगी।डीजल में पहली बार ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि न्यू वेन्यू ओल्ड वेन्यू से ज्यादा चौड़ी व ऊंची है और कीमत भी ओल्ड वेन्यू से कम रखी गयी है।उन्होंने बताया कि न्यू वेन्यू अपने सेंगमेन्ट में सबसे बेहतरीन गाड़ी है।इसका मार्केट में मुकाबला मारूति ब्रीजा,टाटा नेक्सान,किया सोनेट जैसी गाड़ियों से होगा।कीमत, फीचर और डिजायन को देखते हुये यह गाड़ी हुण्डई के लिए गेम चेंजर प्रोडक्ट साबित होगा।

इस अवसर पर असिस्टेन्ट सेल्स मैनेजर बीर बहादुर सिंह, वर्कशाप जनरल मैनेजर राजेन्द्र सिंह,एचप्रोमिस मैनेजर अनुराग तिवारी,ट्रेनिंग मैनेजर शिवा यादव,पूरी सेल्स व सर्विस टीम सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सत्यमेव जयते के पदयात्रियों का इकदिल में हुआ भव्य स्वागत

**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** सत्य प्रतिज्ञ कर्तव्यनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के संगठन सत्यमेव जयते के अध्यक्ष वाणिज्य कर विभाग वाराणसी से सेवानिवृत्त उपायुक्त श्यामधर तिवारी के नेतृत्व में यात्रा शुरू की गयी है द्य आर्यावर्ते सत्यमेव जयते के पदयात्रियों का इकदिल में नेशनल हाइवे पर जोरदार स्वागत किया गया द्य स्वागत करने वालों में समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट, विवेक गुप्ता, कृष्ण आधुनिक, अनुराग राजपूत, पवन पाराशर, राज कुमार गुप्ता, बृजनंदन तिवारी, यश तिवारी आदि शामिल हैं द्य सत्यमेव जयते के संस्थापक सदस्य एवं प्रवक्ता देवेश शास्त्री ने बताया कि 2 अक्टबूर गांधी जयंती पर वाराणसी के राजघाट से सत्यमेव जयते के पदाधिकारियों ने यात्रा प्रारम्भ की थी जो 26 नवम्बर को राजधानी दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर समाप्त होगी।

## सैफई थाने में 11 उपनिरीक्षक व कांस्टेबलों ने किया रक्तदान

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन विभाग द्वारा सैफई थाना परिसर में आज एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस थानों में साप्ताहिक रक्तदान अभियान का हिस्सा था।



थाना सैफई के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी ने फीता काटकर इस शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रक्तदान करके एक प्रेरणादायक पहल की और सभी का आह्वान किया कि वे इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। यह शिविर शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे पुलिस रक्तदान सप्ताह की श्रृंखला का तीसरा चरण था। इससे पूर्व 1 नवंबर को इकदिल थाना और 2 नवंबर को बकेवर, 4 नववर को बसरेहर थाने में भी रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए गए थे।

इस रक्तदान अभियान में ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन विभाग के डॉ0 आदित्या शिवहरे एवं कैंप इंचार्ज व टेक्निकल ऑफिसर डॉ राकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में एक समर्पित टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इस टीम में डॉ आदित्या शिवहरे, डॉ रामप्रकाश तिवारी, सलमान सिद्दीकी (टेक्निकल ऑफिसर), नर्सिंग ऑफिसर, अमन पॉल, ब्लड बैंक काउंसलर प्रियंका पाल, अवध किशोर और सुभांत यादव शामिल रहे।

थाना सैफई में आयोजित इस रक्तदान शिविर में कुल 30 लोगों ने पंजीकरण कराया और 12 उपनिरीक्षक व कांस्टेबल ने रक्तदान कर जीवनदान का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। यह अभियान समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रक्तदान शिविर में उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, कांस्टेबल सौरभ वर्मा, मानवेन्द्र सिंह, सोनू चौधरी, कुलवेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, हिमांशु यादव, बबलू, गुलाब सिंह, सुमित चौधरी, चेतन, विकेश कुमार आदि ने ब्लड डोनेट किया।

## विधायका ने यमुना नदी में मत्स्य बीज किये संचित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के शखा निषादराज केवट के वंशजों के उत्थान के लिए माननीय महाराज योगी आदित्यनाथ के द्वारा गंगा जमुना सहित प्रदेश की तमाम जीवन दायिनी नदियों मैं मत्स्य बीज संचित किए जाने की योजना के तहत भूतपापेश्वर महादेव मंदिर यमुना मैया के तट पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने मत्स्य बीज संचित किय

मत्स्य किसानों को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनी है तब से वह प्रत्येक वर्ग की चिंता में रात दिन लगे हुए हैं इसी चिंता में उन्होंने उत्तर प्रदेश के मध्य किसानों से संवाद किया और उनकी समस्या को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश की समस्त नदियों में मत्स्य मात्रा बढ़ाने के लिए मत्स्य बीज संचित किए जा रहे हैं जिससे नदियों का पर्यावरण सुधरेगा साथ ही मत्स्य किसानों



को रोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे उन्होंने आगे कहा कि पूर्व की सरकारों ने मत्स्य व्यवसाय को सार्वजनिक करके अन्य समुदाय का कब्जा कर दिया था 2019 में शासनादेश बनाकर के उत्तर प्रदेश की सरकार मछुआ समुदाय के लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किय साथ ही केंद्र की और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना चलाकर मथुरा समुदाय के जीवन स्तर को उठाने का कार्य किया है भारतीय जनता पार्टी मत्स्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक ओम रतन कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से मथुरा समुदाय का जीवन स्तर सुधरा है बड़ी मात्रा में लोग मत्स्य व्यवसाय कर रहे हैं इस अवसर पर मंदिर के महंत स्वामी प्रदीपआनंद जी महाराज भारतीय जनता पार्टी मत्स्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक ओम रतन कश्यप सहायक निदेशक मत्स्य प्रमोद कुमार आदर्श उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान टीटू रामू निषाद अवधेश कश्यप सोनू कश्यप संतोष कश्यप अनुराग मछुआ जितेंद्र कुमार गौरव साहनी उपस्थित रहे।

## गंगा उत्सव पर भव्य महाआरती व दीपोत्सव का हुआ आयोजन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** गंगा उत्सव के शुभ अवसर पर भव्य महाआरती और दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति बांदा, विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति और गंगा और समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में भव्य दीपोत्सव और गंगा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभागीय वन अधिकारी अरबिंद कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भव्य रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गंगा मईया की भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति, संजय काकोनिया, अनीता गुप्ता, रोशनी प्रजापति, ज्योति प्रजापति, पूजा प्रजापति, प्रियांशु मिश्रा और अन्य श्रद्धालुजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय काकोनिया ने किया। इस अवसर पर गंगा जी की महिमा और महत्व पर चर्चा की गई और सभी ने गंगा जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन आयोजित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त कानपुर-बुंदेलखण्ड अध्यक्ष श्री बृजकिशोर गुप्ता तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वैष्णव के प्रथम जनपद आगमन पर होटल साईं दरबार में भव्य सम्मान समारोह एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा ईश्वर वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पगड़ी, अंगवस्त्र और फूल मालाओं से किया गया। समारोह में उपस्थित वैश्य समाज के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों व अतिथियों ने एक-दूसरे से परिचय कर संगठनात्मक संवाद को आगे बढ़ाया।



मुख्य अतिथि बृजकिशोर गुप्ता ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को एक सूत्र में जोड़ना और सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए साझा प्रयास करना है। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वैष्णव ने कहा कि ÷युवा किसी भी संगठन की रीढ़ की हड्डी होते हैं। बिना युवाओं की सक्रिय भागीदारी के कोई भी संगठन गतिशील नहीं रह सकता।÷ प्रदेश महामंत्री शिव कुमार सोनी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि वैश्य समाज सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहा है, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज को एकजुट रहकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी ताकि संख्या बल के आधार पर समाज को उसका उचित स्थान मिल सके। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मालती वासु, पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, संतोष गुप्ता संतु, पीयूष गुप्ता, मेवालाल गुप्ता, अनीता गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, रजनी गुप्ता, ओमप्रकाश सोनी, प्रेम गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, कमल गुप्ता, सुरेश कान्हा, आशीष गुप्ता, रामचन्द्र गुप्ता, किशोरचंद गुप्ता, राकेश दद्द, बसंत गुप्ता, डॉ. गौरीशंकर गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, कुमार गौरव, कुलदीप सेठ, हिमांशु गुप्ता, विक्की बनिया, नवीन बोडे, अजीत प्रकाश गुप्ता, रामप्रकाश सोनी, दीपक अयोध्यावासी, प्रवीण गुप्ता और अमित गुप्ता सहित एक सैकड़ा से अधिक समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

### पुलिस ने लाभकारी योजनाओं व साइबर अपराधों के बारे में दी जानकारी



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में आज पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया । अभियान के अन्तर्गत बाजारों, ग्राम सचिवालयों, कस्बों आदि में लोगों को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे टेम्पलेट वितरित कर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों, साइबर अपराधों सहित विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं/ महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन–1076, वीमेन हेल्पलाइन–1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा– डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के तरिकों व उनसे बचने के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई । मिशन शक्ति 5.0 जागरुकता अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल ऑक्सीजन पार्क में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बाघोंलेन में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम गुरेह में व थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मरका में अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/ बालिकाओं व लोगों को जागरुक किया गया ।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की मासिक बैठक संपन्न

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बांदा के जिला अध्यक्ष श्री राम सिंह कछवाहा (सिंधन कला) जी की अध्यक्षता में मासिक बैठक पंचवटी आश्रम कार्यालय (साहब तालाब के सामने) जेल रोड बांदा में सम्पन्न हुई।

परंपरा के अनुसार बैठक शुरू होने के पूर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया, तत्पश्चात सामूहिक रूप से प्रार्थना का दोहरान कर बैठक प्रारंभ हुई।

बैठक में सभी बन्धुओं ने अपने विचार रखे, क्षत्रिय समाज एकजुट होकर समाज के लिए कार्य करें रामनरेश ने कहा निधि संकलन जिस तरह कार्य हो रहा है उसमें



तेज़ी लाने की जरूरत है, सभी लोग मिलकर कर निधि संकलन करवाएंगे, जिससे समय से छात्रावास निर्माण कार्य पूरा हो सके, ब्रजेश सिंह (बिलगांव), वीरेन्द्र सिंह(से नि सुबेदार मेजर), अभिषेक आदि ने छात्रावास निर्माण हेतु निधि संकलन एवं क्षत्रिय समाज की एकजुटता पर विशेष जोर दिया, संरक्षक रमजोर सिंह चंदेल ने महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का संचालन 'मीडिया प्रभारी पीके सिंह ने किया, जिला अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया, कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ। मासिक बैठक में सहभागिता किया राम सिंह कछवाहा (सिंधन कला) अध्यक्ष, रमजोर सिंह चंदेल (संरक्षक ), शिव शरण सिंह सेंगर, वीरेन्द्र सिंह गौतम, वीरेन्द्र सिंह (सेवा निवृत्त सुबेदार मेजर), ब्रजेश सिंह (बेलगांव), रणजीत सिंह (उपाध्यक्ष), मनोज सिंह परिहार, बलराम सिंह (बसहरी), अभिषेक सिंह, बृजभान सिंह उर्फ पप्पू भैया, रामनरेश सिंह कछवाह (उपाध्यक्ष), पी के सिंह (मीडिया प्रभारी), बालेन्द्र सिंह गौतम (उपाध्यक्ष) आदि मौजूद रहे।

## हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ने शादियों में दिया आर्थिक सहयोग

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा संस्था की ओर से 02 ज़रूरत मंद परिवार की लड़कियों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया जिसमें लड़की को 05 शादी के जोड़े एक डिनर सेट एवं नगद रकम संस्था की ओर से शादी में दी गई। इससे पहले अक्टूबर माह में भी संस्था की ओर से 03 ज़रूरत मंद परिवार की लड़कियों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा चुका है और ये सिलसिला आगे भी लगातार जारी है हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा




संस्था हमेशा से समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए समर्पित रहा है और आगे भी इसी तरह सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में जनहितकारी कार्य करता रहेगा संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब के द्वारा इस नेक कार्य की सराहना करते हुए लड़की के परिवार वालों को शादी की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान, वरिष्ठ सहयोगी मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान,उपाध्यक्ष जावेद खान, वरिष्ठ सहयोगी नज़रे आलम, उपाध्यक्ष कलीम उल्लाह खान, सचिव उमर अली, उपसचिव आसिफ मसूदी, उपसचिव गफ्फार खान, संघठन मंत्री शेख रिज़वान, कोषाध्यक्ष अनस उल्लाह, शाखा प्रमुख खाईपार अली, महामंत्री शाहबाज खान हनी, कानूनी सलाहकार समीर उल हक एड, वरिष्ठ सहयोगी शिफ़ात, आरिफ खान, शबीना मुमताज वनांगना संस्था, शाखा प्रमुख नफीस, शाखा प्रमुख सनी, शाखा प्रमुख इस्लामुद्दीन, हसीब, कार्यालय प्रभारी इमरान, शादाब हुसैन,उरूज़ फुरकान, ब्रज बिहारी आदि उपस्थित रहे।

### सूचना

मेरे पुत्र प्रिन्स यादव ( PRINCE YADAV ) की कक्षा-10 व 12 की मार्कशीट में मेरा नाम त्रुटिवश आर्येन्द्र यादव (ARYENDRA YADAV) दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम आर्येन्द्र सिंह (ARYENDRA SINGH) है, जिसे मेरे पुत्र की मार्कशीट में दर्ज किया जाये। **आर्येन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी वलीपुर भगवंतपुर पो0 मुरैठी तहसील कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

# पंचनद संगम तट पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया आस्था स्नान

**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पंचनद संगम पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जालौन जनपद के जगम्मनपुर के समीप स्थित पांच नदियां यमुना, चंबल, सिंध, कुवांरी और पहूज के संगम पंचनद पर आधी रात से ही श्रद्धालुओं का स्नान शुरू हो गया, जो शाम तक निरंतर चलता रहा। अनुमान है कि लगभग पंचनद के जल में 50 से 70 हजार लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। श्रद्धालुओं ने पंचनद के पवित्र जल में स्नान कर ऋषि आश्रम व अन्य देवस्थलों के दर्शन कर पूजा-अर्चना की एवं मेला का आनन्द लिया। जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने स्नान की पूर्व संध्या मंगलवार एवं कार्तिक पूर्णिमा बुधवार के दिन संगम स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया वह संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्तिक मेला में जालौन, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, मैनपुरी, झांसी सहित मध्यप्रदेश के भिंड, मुरैना तथा राजस्थान के धौलपुर जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने संगम स्नान कर पुण्य अर्जित किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पंचनद संगम में स्नान करने से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है और यमलोक के कष्टों से मुक्ति मिलती है। स्नान पर्व से पूर्व देर शाम भव्य यमुना आरती का आयोजन किया गया। महंत सुमेरवन के सान्निध्य में हुई इस आरती में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक मूलचंद सिंह निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर, शीतल सिंह सेंगर, शिवकुमार सिंह सेंगर, राजकिशोर गुप्ता व मंदिर प्रबंध समिति से हरगोविंद सिंह सेंगर, रामौतार तिवारी मुनीम, महेन्द्र सिंह,औंकार सिंह, प्रमोद सिंह सेंगर, अवधेश सिंह चौहान, चन्द्र प्रकाश छइया दुवे , राजेन्द्र शाक्यवार,भारत सिंह सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के उपरांत तीन घंटे तक चली रंग-बिरंगी आतिशबाजी से पंचनद का आसमान झिलमिला उठा। मेला क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। उप जिलाधिकारी माधौगढ़ राकेश कुमार सोनी, क्षेत्राधिकारी अंबुज सिंह यादव, रामपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह, जगम्मनपुर चौकी प्रभारी व मेला प्रभारी उप निरीक्षक पंकज कुमार मिश्रा सहित भारी पुलिस बल ने रातभर सक्रिय रहकर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी।

## समधन नगर में कराई गई फागिंग

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर में मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए नगर पंचायत समधन कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार शाम को वार्ड सैय्यदबाडा, किदवई नगर, लोहिया नगर व नगर की मेन सड़क,कादर खान नगर आदि मुहल्लों में कर्मचारियों ने फागिंग मशीन चलाकर दवा का छिड़काव किया गया

अधिशासी अधिकारी नगर आम जनता से अपील करते हुए कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए अपने घरों के आस-पास साफ सफाई का विषेश ध्यान रखें उन्होने बताया कि नगर के सभी वार्डो में मशीन चलवाकर फागिंग की जायेगी।

# नानक आया, गुरु नानक आया, कलि तारण गुरु नानक आया

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नानक आया, गुरु नानक आया, कलि तारण गुरु नानक आया, कलिजुग बाबे तारिया सतिनाम पढ़ि शबद कीर्तन के साथ गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गया। यहां लोगों ने लंगर प्रसाद भी छका।

इस अवसर पर गुरुद्वारे के ग्रंथी अरुण सिंह ने नागन होआ घर बसा सबद हमें पयो जाए, नानक सदा सोहागढ़ी जिन ज्योति जोत समाए, सतगुरू नानक परगटया मिटी धुंध जग चानण होय शबद कीर्तन के साथ गुरु नानक देव जी की महिमा का बखान किया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा फतेहगढ़, श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी फर्रुखाबाद के प्रधान सरदार सूर्य प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा वह सर्वशक्ति संपन्न ईश्वर स्वरूप रहे। उन्होंने सबसे बड़ा उपदेश यही दिया कि सत्य सबसे ऊंचा है, लेकिन सच्चा आचरण उससे भी ऊंचा है। गुरु नानक जी ने अपने अनुयायियों को दस उपदेश दिए जो सदैव प्रासंगिक बने रहेंगे। गुरु नानक जी की शिक्षा का मूल निचोड़ यही है कि परमात्मा एक, अनन्त, सर्वशक्तिमान और सत्य है। वह सर्वत्र व्याप्त है। नाम-स्मरण सर्वोपरि तत्व है और नाम गुरु के द्वारा ही प्राप्त होता है। गुरु नानक की वाणी भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से ओत-प्रोत है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा गुरु नानक देव जी ने जात-पात और ऊंच-नीच का भेदभाव समाप्त करके ईश्वरवाद व मानवता का पाठ पढ़ाया तथा हमेशा लोक हित के लिए काम किया। सरदार तनवीर सिंह टिंकू ने शाल ओढाकर पालिकाध्यक्ष का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू सहित कई लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

## राम के आदर्शों से सजाएं जीवन : मनोज दूबे



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खानपुर कसावा में आयोजित भव्य रामलीला का समापन रावण वध एवं राम राज्याभिषेक की भावपूर्ण लीला के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने भगवान राम की आरती उतारी और कहा रामलीला मंचन से पूर्व पूजा-अर्चना का यह सौभाग्य प्राप्त होना मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का क्षण है। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से हमारी यह धर्म, संस्कृति एवं सद्भाव की परंपरा यूं ही अखंड बनी रहे। राम के आदर्श हमें सत्य, न्याय और मर्यादा का पाठ पढ़ाते हैं। आज के दौर में जब समाज में विभेद बढ़ रहे हैं, राम राज्य की प्रेरणा से हमें एकजुट होकर सद्भाव का निर्माण करना चाहिए। आइए, हम सब मिलकर राम के मार्ग पर चलें और अपने गांव-शहर को रामराज्य का स्वरूप दें। उनके भाषण पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों से स्वागत किया। इसके बाद जय हनुमान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत चतुर्वेदी ने मनोज दुबे को श्री राम का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कमेटी सदस्य धनंजय पाठक, मेला मालिक अश्वनी पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्मार्ट क्लास से बदल रही बेसिक शिक्षा की तस्वीर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में शिक्षा की तस्वीर बदल रही है। स्कूलों में पढ़ाई अब डिजिटल क्लास रूम में डिजिटल माध्यमों से हो रही है। इस हेतु शासन द्वारा विद्यालयों में डिजिटल बोर्ड प्रदान किये गये हैं जिनसे बच्चे आडियो, वीडियो माध्यम के माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंअरपुर बनवारी में भी दो कक्षाओं हेतु डिजिटल बोर्ड उपलब्ध कराये गये हैं जिनका विधिवत संचालन बच्चों की पढ़ाई में हो. रहा है। इसके द्वारा पढ़ने पर बच्चों के सीखने की अभिक्षमता में वृद्धि हो रही है तथा बच्चों को यह अनुभव हो रहा है कि वह भी किसी पब्लिक स्कूल की तरह परिषदीय विद्यालय में पढ़ते हुये आधुनिक तकनीकों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से बच्चों को नई-नई जानकारियां तत्काल प्राप्त हो जाती हैं। बच्चे भी कक्षाओं में मन लगाकर पढ़ाई करते हैं।

यहां कार्यरत शिक्षक विनोद कुमार मिश्र, शैलेष कुमार मिश्र, राश्म तिवारी, विनोद राठौर, श्यामवीर, अटल बिहारी, नरगिस बानो, अर्चना, रावेन्द्र प्रताप शिक्षण में डिजिटल बोर्ड का लगातार प्रयोग कर रहे हैं, जिससे यहां की शिक्षण गुणवत्ता में भी सुधार परिलक्षित हो रहा है। अब एक ही टॉपिक पर बच्चों को कई प्रकार की सामग्री उपलब्ध हो जाती है। शिक्षक शैलेष कुमार मिश्र ने बताया अब बच्चे अधिक जिज्ञासु होकर शिक्षा में रूचि ले रहे हैं तथा अपने पाठ्यक्रम को जल्दी पूरा कर रहे हैं। यह बेसिक शिक्षा की बदलती तस्वीर है, जिसका लाभ शिक्षकों एवं बच्चों दोनों को प्राप्त हो रहा है।

## मारपीट में युवक घायल

**कोंच (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के तिलक नगर इलाके में भुजरया चौराहा दुकान पर समोसे खा रहे युवक की दो लोगों ने जमकर पिटाई कर दी, वही मारपीट की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं पुलिस ने पीड़ित युवक नासिर खां की तहरीर पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आपको बता दे कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के तिलक नगर निवासी नासिर खां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दुकान पर बैठकर समोसे खा रहा था, इसी दौरान दो लोग आए और मुझे गालियां देने लगे, जब मैंने गालियां देने से मना किया तो दोनों लोगों ने ईट-पत्थरों से मेरे साथ मारपीट कर दी, जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच में भर्ती कराया और उसका मेडिकल परीक्षण कराकर मारपीट करने वाले दोनों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




परिजन के साथ बालक व मौजूद पुलिस

## जलेसर घाट पर पूर्णिमा स्नान में भीड़ के दौरान बालक बिछड़ा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर बुधवार को गुगरापुर क्षेत्र के जलेसर घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसी दौरान स्नान करने आए एक परिवार का पांच वर्षीय बालक गौरव पुत्र अजय निवासी ग्राम भूड़पुरवा अपने परिजनों से बिछड़ गया। परिजनों के रोने- बिलखने पर घाट पर तैनात पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे की तलाश शुरू कर दी। खोया-पाया केन्द्र की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही समय में बालक गौरव को मेला परिसर से सुरक्षित खोज निकाला। बाद में पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर राहत की सांस दिलाई। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए घाटों पर विशेष गश्त, खोया-पाया केन्द्र और निगरानी व्यवस्था लगातार जारी रही।

## प्रमुख व्यवसायी संजय गुप्ता की सड़क हादसे में मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर के प्रमुख व्यवसायी संजय गुप्ता (बुद्धसेन स्वीट हाउस) छिबरामऊ से सिकंदरपुर जाते समय अकबरपुर के पास स्कूटर फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें कानपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में संजय गुप्ता की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों के साथ-साथ पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पूर्णिमा स्नान की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

- मेंहदी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम- एसपी

कार्तिक माह की पूर्णिमा स्नान को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बुधवार को मेंहदी घाट थाना कोतवाली क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्नान क्षेत्र, रूट डायवर्जन, पार्किंग स्थल व सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीएम- एसपी ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। घाट क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल, फ्लड पीएसी एवं स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही, खोया-पाया केंद्र स्थापित कर क्षेत्र को सेक्टरवाइज बांटा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। स्नान क्षेत्र में आने वाले मार्गों एवं प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि पूर्णिमा स्नान के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

## चार दिन जनपद में नहीं होगी जमीन की रजिस्ट्री

**उरई,जालौन।** सर्वर की समस्या को देखते हुए महानिरीक्षक निबंधन ने 8 से 11 नवंबर तक उप निबंधक कार्यालय में होने वाली जमीन की रजिस्ट्री पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है एआईजी स्टांप अजय कुमार ने बताया कि शनिवार से मंगलवार तक जनपद के सभी उपनिवंधक कार्यालयों में बैनामा पंजीकरण का कार्य नहीं होगा। पिछले कुछ दिनों से सर्वर डाउन रहने की वजह से काम बहुत धीमी गति से हो रहा था कभी-कभी वह भी बंद हो जाता था जिससे कि क्रेता विक्रेता भी परेशान होते थे।

महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा के निर्देशानुसार स्टांप एवं निबंधन विभाग अभी तक मेघराज क्लाउड सर्वर पर ऑनलाइन लेखपत्र का कार्य संचालित कर रहा था लेकिन यह सर्वर काफी धीमी गति से चलने और तमाम दिक्कतें सामने आने पर शासन ने दूसरी एजेंसी के सर्वर का चुनाव किया है। अब नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड के सर्वर को प्रयोग में लेने की तैयारी हुई है। पुराने सर्वर से इस नए सर्वर पर डाटा ट्रांसफर करने की प्रक्रिया 8 से 11 नवंबर तक चलेगी।

# चेकिंग के दौरान युवक से मारपीट, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

- एसपी ने की सख्त कार्रवाई, विभागीय जांच तिर्वा सीओ को सौंपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सौरिख थाना क्षेत्र के खड़नी गांव में चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा युवक से की गई मारपीट के मामले में एसपी विनोद कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। जांच में दोषी पाए गए चौकी इंचार्ज अंकित यादव, सिपाही अरविंद यादव और सिपाही विशाल मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच तिर्वा सीओ को सौंपी गई है।

जानकारी के मुताबिक, बीते दिन चेकिंग के दौरान पुलिस ने खाकी की मर्यादा भूलते हुए युवक पर लाठी-डंडों से जमकर प्रहार किया था। मारपीट में घायल युवक की पहचान कैलाश राजपूत के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक ने विधायक का नाम लिया तो पुलिसकर्मियों ने उसकी और पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सौरिख थाने पहुंचे और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की जांच छिबरामऊ सीओ को सौंपी गई थी। जांच रिपोर्ट में पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया, जिसके बाद एसपी विनोद कुमार ने तत्काल प्रभाव से तीनों को निलंबित कर दिया। एसपी का कहना है, कि किसी भी हालत में कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विभागीय जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाई गुरु नानक एवं बिरसा मुंडा की जयंती



**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश भवन एवं निर्माण कल्याण बोर्ड द्वारा वित्तपोषित तथा समाज शास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बिहान बालिका विद्यालय (आवासीय) में बच्चों ने धूमधाम से गुरु नानक देव जी और बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की जयंती के साथ ही आदिवासी सभ्यता-संस्कृति के संरक्षक एवं भारतीय राजनीति में आदिवासी समाज के नक्षत्र बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पखवाड़ा भी मनाया गया। विद्यालय की वार्डन पियूष गुप्ता एवं छात्राओं ने परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाते हुए पौधे लगाए गए। इसके बाद छात्राओं में दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई, जिसमें पूजा-अर्चना से जुड़ी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।

# रेलवे की जमीन से सख्ती से हटाया अतिक्रमण



**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

रेलवे विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस अभियान में आरपीएफ और रेलवे इंजीनियरिंग विभाग की संयुक्त टीम शामिल रही। कार्रवाई के दौरान कई अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से किए गए कब्जों को हटाने के लिए आरपीएफ चौकी मोठ के सब इंस्पेक्टर जे.पी. यादव के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाया। उनके साथ धीरेंद्र पाल सिंह (उरई), चन्द्रकिशोर गुप्ता और विवेक दुबे (सीनियर सेक्शन इंजीनियर, उरई) भी मौजूद रहे। टीम ने कोंच रेलवे फाटक से लेकर कंजड़ बाबा मंदिर तक के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया। अभियान शुरू होते ही आसपास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने अपना सामान और निर्माण सामग्री हटाने में तेजी दिखाई। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि रेलवे की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे विभाग के इस सख्त कदम से शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि रेलवे संपत्ति पर अवैध कब्जे पूरी तरह समाप्त किए जा सकें।

## महिला ने अभद्रता करने की सीओ से की शिकायत

**जालौन,उरई।** गांव में कुछ लोग रास्ते में बैठकर अभद्रता करते रहते हैं। साथ ही आराजकता फैलाते हैं। महिला ने सीओ को शिकायती पत्र देकर आराजकतत्वों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी मुला देवी ने सीओ शैलेंद्र बाजपेई को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में कुछ लोग दिन भर आम रास्ते में बैइकर अराजकता फैलाते हैं। जुआ आदि खेलते हैं और रास्ते से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करते हैं। जिससे रास्ते से होकर निकलने में परेशान होना पड़ता है। कई बार गांव के लोग समझाने का प्रयास करते हैं लेकिन उल्टा झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित महिला ने सीओ से ऐसे आराजकतत्वों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# बजरंग एवं दुर्गा कार्तिक मेला शंकरपुर में पहलवानों ने आजमाए दाव पेंच

**कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित दुर्गा एवं बजरंग मेला इस वर्ष भी अपनी पारंपरिक भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है। यमुना नदी तट पर आयोजित इस दो दिवसीय विशाल दंगल को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ दूर-दराज के जिलों से भी दंगल प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचे। परंपरागत रुआब और ताकत का प्रतीक यह दंगल वर्षों से अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है, जिसमें पहलवानों के साथ-साथ मेले की रौनक भी लोगों को आकर्षित करती है।

दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदामा दीक्षित तथा भाजपा विशिष्ट अतिथि सर्वेश भूषण शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इसी दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनीष शुक्ला एवं क्षेत्र के समाजसेवियों द्वारा पहलवानों से हाथ मिलवाकर मुकाबलों की शुरुआत कराई गई। दंगल संचालन में रेफरी मनोज भदौरिया (औरैया) तथा दंगल जीत संचालक मनोज चौबे (भदेख) की भूमिका प्रमुख रही। पहले दिन कुल 21 कुश्तियों का आयोजन हुआ, जिनमें 5 में निर्णायक जीत हुई, जबकि 16 मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। पहलवानों के जोरदार दांव-पेंचों ने दंगल में रोमांच की कमी नहीं रहने दी और दर्शक पूरी देर तालियों, जयकारों और उत्साह के साथ मुकाबले देखते रहे। मेला समिति के अनुसार दंगल का द्वितीय दिवस और भी उत्साहपूर्ण होने वाला है। दिल्ली, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित कई प्रदेशों के नामी पहलवान मैट पर अपना दमखम दिखाएंगे। खास बात यह है कि दूसरे दिन महिला पहलवानों के रोमांचक मुकाबले भी होंगे, जिनका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। महिला कुश्तियां इस दंगल की सबसे आकर्षक विशेषताओं में से एक मानी जाती हैं, जो हमेशा बड़ी संख्या में भीड़ को अपनी ओर खींचती रही हैं। परंपरा, आस्था, संस्कृति और खेल-भावना का यह सम्मिलित आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक एकजुटता और उत्सव धर्मिता की मिसाल बनकर हर वर्ष आयोजित होता है।



# कार्यालय नगर पंचायत समधन, जनपद कन्नौज

पत्रांक: 349/न.पं.सं.-निविदा सूचना (2025-26) दिनांक-04.11.2025

## (अल्पकालीन निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज को निम्न विवरण के अनुसार राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से निर्माण कार्य करवाना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 21.11.2025 के अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत समधन में समस्त ठेकेदारों/फर्मों को मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करती है, प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 03 बजे कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरीय के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी नगर पंचायत समधन के खाता संख्या 763510210000049 बैंक आफ इंडिया शाखा समधन (आई.एफ.एस.सी. कोड- BKID0007635) में जमा करके रशीद की स्कैन प्रति अथवा F.D.R. जो अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक होगी, लगाना अनिवार्य होगा। निविदाओं की बिक्री दिनांक 20.11.2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत में की जायेगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है, विवरण निम्नवत है।

### राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का जी.एस.टी. सहित मूल्य | 10 प्रतिशत धरोहर धनरशि | कार्य/आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | मो. आजाद नगर रियूरी तालाब के पास ओपेन जिम भूमि पर मिट्टी भराव व पुरानी दीवार पर बीम डालने का कार्य। | 3,91,130.00 | 470.00 | 39,113.00 | 30 दिवस |
| 2. | नगर पंचायत समधन कन्या प्राथमिक विद्यालय में इंटरलाकिंग कार्य। | 3,51,825.00 | 425.00 | 35,182.00 | 30 दिवस |
| 3. | मो. दारासराय में जलीस के मकान से शोयेब के मकान तक फुटपाथ पर इंटरलाकिंग कार्य। | 4,84,280.00 | 580.00 | 48,428.00 | 30 दिवस |
| 4. | मो. नेहरू नगर में कब्रिस्तान से अनवरी के प्लाट तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 4,07,469.00 | 460.00 | 40,746.00 | 30 दिवस |
| 5. | मो. लोहिया नगर में राजा टेलर्स से मस्जिद तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 3,69,051.00 | 490.00 | 36,905.00 | 30 दिवस |
| 6. | मो. आजाद नगर वार्ड नं. 6 से सादिक हाफिज जी के मकान से मेराज के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 1,95,437.00 | 240.00 | 19,543.00 | 30 दिवस |
| 7. | नगर के विभिन्न कार्यो में शिलान्यास पत्थर डालने का कार्य। | 4,51,350.00 | 540.00 | 45,135.00 | 30 दिवस |
| 8. | मो. नेहरू नगर में हसीन हाजी के मकान से अलऊ के मकान तक सी.सी. रोड व एक तरफ नाली का निर्माण कार्य। | 3,81,540.00 | 460.00 | 38,154.00 | 30 दिवस |
| 9. | नगर पंचायत समधन वार्ड नं. 05 में सलीम के मकान से कलीम के मकान तक सी.सी. सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 4,21,766.00 | 500.00 | 42,176.00 | 30 दिवस |

लिपिक
नगर पंचायत समधन
कन्नौज

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत समधन
कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत समधन
कन्नौज

# कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने हर-हर गंगे के बीच लगायी गंगा में डुबकी

- पुल पर पूरे दिन रही जाम की स्थिति, व्यवस्था बनाने में पुलिस के छूटे पसीने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने सुबह के समय गंगा में डुबकी लगाकर मां तुलसी की पूजा की। साथ ही सुख समृद्धि की कामना की। भीड़ की अधिकता के चलते पुल पर जाम की स्थिति रही। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में पुलिस तैनात रही।

सुबह से ही गंगा स्नान के लिए जाने वालों की भारी भीड़ दिखायी दी। दूरदराज जनपदों के लोग रात में गंगा तट पर पहुंच गये थे। पांचाल घाट की ओर जाने वाले वाहन भरकर चलते रहे। जिससे वाहन चालकों की चांदी रही। भक्तों ने हर गंगे के गंगा में डुबकी लगायी तथा सर्व मंगल की कामना की। भक्तों ने अपनी श्रद्धानुसार कथा आदि के आयोजन कराये तथा पुरोहितों को दान दक्षिण भी दी। घरों में महिलाओं ने गंगा स्नान करके तुलसी मां की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। बताते हैं कि सनातन धर्म में इस दिन का काफी महत्व है।

इस दिन गंगा स्नान के साथ ही दीपदान का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन किया दान का फल दोगुना मिलता है। कई जगह भेड़ दान किया जाता है। मान्यता है कि इससे कष्ट दूर होते हैं। कुछ जगहों पर इसी दिन तुलसी और शालिग्राम का विवाह भी होता है। वहीं पांचाल घाट पर पुलिस की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी। गोताखोर तैनात रहे, ताकि कोई अनहोनी दुर्घटना न हो। अराजकतत्वों, चोर उचक्कों पर नजर रखने के लिए सिविल ड्रेस पुलिस बल तैनात किया गया था। महिला पुलिस भी लगाई गई।

वहीं पुलिस ने रूट डायवर्जन का शत-प्रतिशत पालन करवाया। जिससे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हुई। पांचाल घाट पर मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, इटावा, कासगंज, हाथरस, बदायूं, सहित तमाम जनपदों से आये श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर सभी के कल्याण की कामना की। भारी भीड़ के चलते पुल पर पूरे दिन जाम की स्थिति रही।


कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करते भक्तगण

## कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने रामताल आश्रम में किया स्नान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव ककिउली स्थित प्राचीन रामताल आश्रम परिसर में बने रामताल में कार्तिक पूर्णिमा को लेकर बुधवार सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ होने लगी। श्रद्धालुओं ने रामताल में डुबकी लगाकर स्नान किया। मंदिर में स्थापित राम जानकी लक्ष्मण, पवनसुत हनुमान, शिव शंकर, मातारानी आदि देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ नजर आई। मेले में आए लोगों ने परिसर में लगी खिलौनों, बिसात खाने, मिठाई, फल, चाट पकौड़ी आदि की दुकानों से जमकर खरीदारी भी की। मेले में लगी उबले सिंघाड़े की दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ नजर आई। लोगों ने चटनी, मसाले के साथ सिंघाड़े का स्वाद लिया। इस मौके पर बाबा मोहनदास, कन्हैया बाबा, रमेश दास, रामदास पुजारी ने व्यवस्था संभाली। शांति व्यवस्था के लिए लगभग 40 पुलिस कर्मी तैनात रहे।


रामताल आश्रम पर लगा मेला

# मोहम्मदाबाद में तीन कृषि ट्रांसफार्मरों से सामान व तेल चोरी

- चोरों ने एक सरकारी सहित दो निजी नलकूपों को बनाया निशाना

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने तीन कृषि सिंचाई ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाया है। इनमें एक सरकारी और दो निजी नलकूपों के ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इन घटनाओं से क्षेत्र के किसानों में चिंता व्याप्त है।

खिमसेपुर निवासी मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय सुभाष सिंह ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर उनके ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर का सारा सामान चुरा ले गए।

मीरा देवी के ट्यूबवेल से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित एक सरकारी ट्यूबवेल से भी चोरों ने ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर लिया। हालांकि बिजली विभाग की ओर से अभी तक इस चोरी की सूचना थाना पुलिस को नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने पर लिखित कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य घटना में नगला पंचम धीरपुर निवासी विपिन कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर का तेल और अन्य आंतरिक सामान चुरा लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संबंधित चौकी इंचार्ज जसवीर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।


चोरों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया ट्रांसफार्मर

# श्रद्धालुओं के अलावा डीएम व एसपी भी हुए जाम का शिकार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर ढाईघाट जाने वाले मार्गों पर बुधवार को भीषण जाम लग गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के कारण वाहनों की लंबी कतारें कई किलोमीटर तक जमी रहीं।

स्थिति इतनी विकट हो गई कि जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह का काफिला भी जाम में फंस गया। दोनों अधिकारी मेले का जायजा लेने जा रहे थे, लेकिन जाम के चलते समय पर घाट नहीं पहुंच सके। एसडीएम कायमगंज सहित कई अन्य अधिकारी भी बीच मार्ग में ही रुक गए। ढाईघाट की ओर शमसाबाद और शाहजहांपुर दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं। शाहजहांपुर की ओर ढाई घाट पुल से जलालाबाद मार्ग पर करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम सुबह से ही लगा रहा। पड़ोसी जनपद मैनपुरी, एटा बदायूं, शाहजहांपुर से आए श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर, कारें और बसें जाम में फंसी रहीं। जाम खोलने के लिए तैनात पुलिस बल को भारी मशक्कत करनी पड़ी। प्रशासन ने समाचार लिखे जाने तक स्थिति को सामान्य करने के प्रयास कर रहा है।



जाम में फंसे डीएम व एसपी

## एएसपी व एसडीएम कायमगंज ने किया मेले का निरीक्षण


ढाईघाट मेले का निरीक्षण करते आलाधिकारी

अपर पुलिस अधीक्षक व एसडीएम कायमगंज ने थाना शमसाबाद क्षेत्रान्तर्गत ढाईघाट पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेले में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग स्थलों का जायजा लिया। अधिकारियों ने वहां तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही कहा कि वह अपनी डियूटी का पालन पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। अधिकारियों अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेले में घूमने वाले अराजकत्तवों पर पैनी नजर रखें।

# गैर इरादातन हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में दोष सिद्ध

- सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तिथि निहित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष ई0सी0 एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने गैर इरादातन हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामप्रकाश निवासी खिमसेपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तिथि निहित है।

बीते पांच वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम खिमसेपुर निवासी सोनी उर्फ कीर्ति पत्नी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने दी गई तहरीर में बताया कि मेरी बहन राधा जो अपने पति की हत्या में जेल में है। उसके दो बच्चे सुमित और सौम्या जो मायके में रहते थे। उनकी सही देखभाल न होने के कारण अपने साथ खिमसेपुर में करीब बीस दिन पहले अपने साथ लायी थी। दिनांक 29.09.2020 को समय करीब दिन के 11 बजे मेरे पति संतोष कुमार ने मेरी बहन के लड़के सुमित जो कि पांच वर्षीय था रोजाना बिस्तर पर लैट्रिन कर देता था। मेरे पति नशे के आदी हैं जो नशे में थे। जिन्होंने गुस्से में आकर सुमित के डंडा मार दिया। जो धोखे से सर में लग गया। जिसको मैंने उठाकर खाना खिलाया और रात में वह अचेत हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। मेरे पति ने सुमित का शव एक बोरे में रखकर कहीं छुपा दिया। मेरे पति ने मुझसे कहा कि यदि किसी को बात बताई तो तुम्हारे जो बच्चे हैं उन्हें भी मार दूंगा। इसी वजह से डर के कारण मैंने किसी को नहीं बताया।

आज मुझसे रहा नहीं गया। तब मैं आज सूचना देने थाने आयी हूँ। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने संतोष कुमार श्रीवास्तव को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 10 नवंबर की तिथि नियत है।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# बुखार की चपेट में खेतलपुर सौरिया निवासी, डेंगू की आशंका

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मौसम परिवर्तन के साथ तमाम तरह की संक्रामक बीमारियां पैर पसारने लगी हैं। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव खेतलपुर सौरिया में बीते एक महीने में 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि12 से ज्यादा लोग बीमार चल रहे हैं। ग्रामीणों ने डेंगू के फैलने की आशंका जतायी है।

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेतलपुर सौरिया गांव में बुखार का प्रकोप फैल गया है। पिछले एक माह के दौरान विभिन्न बीमारियों से आठ लोगों की मौत हो चुकी है। जिनमें से तीन की मौत डेंगू से होने की आशंका जताई जा रही है। गांव में अभी भी एक दर्जन से अधिक लोग बुखार की चपेट में हैं। गांव निवासी 25 वर्षीय शिवम ने बताया कि उन्हें आठ दिनों से बुखार था। कायमगंज में शुरुआती इलाज के बाद उन्हें फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में छह दिन तक भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें डेंगू बताया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनका इलाज घर पर जारी है। इसी गांव के अर्जित यादव के भाई मंजेश को भी दो दिन से बुखार आ रहा है। कायमगंज में डॉक्टरों को दिखाने के बाद परिजन उन्हें बाहर लेकर चले गये, क्योंकि डॉक्टरों ने डेंगू की आशंका व्यक्त की है। शेर सिंह को भी दो दिन बुखार आने के बाद डेंगू हुआ था।

जिसका इलाज उन्होंने कटिया गांव में एक चिकित्सक से करवाया। इसके अलावा ओमप्रकाश, ऋषभ भी बुखार से पीड़ित चल रहे हैं। जिनका उपचार बाहर जनपदों में जारी है। ग्राम प्रधान शिवराज सिंह यादव ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत खेतलपुर सौरिया में पांच गांव शामिल हैं। जिनकी कुल आबादी लगभग 4000 है। पंचायत में केवल एक सफाई कर्मचारी तैनात है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ ग्रामीण अपने घरों के सामने सड़क पर कूड़ा-करकट डालते हैं। जिससे गंदगी फैलती है। प्रधान ने बताया कि कायमगंज के चिकित्साधिकारी डॉ0 शोभित के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया था। इस दौरान करीब 25 सैंपल लिए गए हैं। जिनकी रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी के सही कारणों का पता चल पाएगा।


गांव में गंदे पानी का जलभराव

# शादी से एक दिन पहले युवक ने किया विवाह करने से इन्कार

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

- युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर
- थाना प्रभारी बोले, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

शादी से एक दिन पहले युवक ने शादी से इनकार कर दिया। युवती के पिता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव बरिया गरेली निवासी शीशराम ने दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का विवाह क्षेत्र के गांव टिकुरिया नगला निवासी विपिन के साथ तय किया था। उन्होंने छः माह पूर्व गोद भराई सहित विवाह की अन्य रस्में पूरी कर ली थीं। शादी 6 नवंबर 2025 को शाहजहांपुर के थाना कलान स्थित उनके घर ग्राम विरिया गरेली में होनी थी। पिता के अनुसार उनका करीब ढाई लाख रुपये खर्च हो चुका है। उन्होंने शादी के कार्ड छपवा रिश्तेदारों में बाँट दिए थे। शादी से एक दिन पूर्व विपिन ने शादी करने से मना कर दिया। युवती के पिता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ढाईघाट पशु मेले में हरियाणा, राजस्थान से भी पहुंचे मवेशी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पशु मेला शुरू हो गया है। यह मेला आठ दिनों तक चलेगा। इसमें राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से व्यापारी अपने पशुओं के साथ पहुंचे हैं। बड़ी संख्या में खरीदार भी आ रहे हैं। ढाईघाट पर लगने वाला यह कार्तिक पशु मेला कई वर्षों पुराना है। यह गंगा पुल के दूसरी ओर शाहजहांपुर की तरफ आयोजित होता है। इसे क्षेत्र के सबसे बड़े पशु मेलों में से एक माना जाता है। दूरदराज से आए पशु व्यापारी बताते हैं कि उन्हें यहां से कोई भी जानवर वापस नहीं ले जाना पड़ता। सभी बिक जाते हैं। अब तक मेले में लगभग 2000 जानवर आ चुके हैं। मथुरा जनपद से आए व्यापारी सन्नू कुरैशी ने बताया कि वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ करीब 50 जानवर लेकर आए हैं। उनके पास 3 लाख रुपए तक की भैंस भी है। जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि वह 22 लीटर तक दूध देगी। इस महंगी भैंस को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा थे। उनके पास भैंसों की कीमत 70,000 रुपए से शुरू होती है। कुरैशी ने बताया कि जिस भैंस के दांतों में मुर्रा होता है उसकी कीमत अच्छी मिलती हैए और 3 लाख रुपये वाली भैंस में मुर्रा है। हरियाणा से आए दयाराम ने बताया कि वह 50 भैंसें लेकर आए हैं। जिनकी कीमत 75,000 रुपए से शुरू होकर 1.5 लाख रुपए तक है। उन्होंने बताया कि वह पहली बार इस मेले में आए हैं। मेले में भैंस व बैल की खरीदारी के लिए लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, मैनपुरी, इटावा, प्रयागराज, फतेहपुर आदि जगह से खरीदारी के लिए लोग पहुंचे हैं। वह भैंसों की खूबियों को देख रहे हैं।


मेले में पशुओं की होती खरीद फरोख्त

# किशोरी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक माह पूर्व दी तहरीर में बताया कि उसकी सोलह वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। उसी समय जनपद कासगंज के थाना सिढ़पुरा के गांव नगला भिखारी निवासी युवक बीरबल आया और बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। युवक ने बेटी के साथ शादी कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस आरोपित युवक व बेटी को थाने ले आई। किशोरी के बयान के आधार पर युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा तरमीम किया गया। पुलिस ने बुधवार दोपहर आरोपित को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा तरमीम कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# कौमुदी महोत्सव के दूसरे दिन निकाली गयी धम्म यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संकिसा में चल रहे कौमुदी महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार शाम को भारतीय शाक्य परिषद के तत्वावधान में एक भव्य धम्म यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी शामिल हुए।

शाम चार बजे तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। ढोल नगाड़ों के साथ यह यात्रा भदंत विजय सोम इंटर कॉलेज परिसर से शुरू होकर स्तूप की ओर बढ़ी। रास्ते भर बौद्ध अनुयायी भगवान बुद्ध के उद्घोष और जब तक सूरज चांद रहेगा बौद्ध धर्म का नाम रहेगा जैसे जयघोष करते रहे थे। स्तूप के पास पहुंचने पर अनुयायियों ने परिक्रमा की और मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की। भंते संघ रक्षित ने पाली भाषा में बुद्ध वंदना और परित्राण पाठ का उच्चारण कराया। पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण भी किया गया। आयोजक सुनील दत्त ने बताया कि इस धम्म यात्रा में कई देशों के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है और इसमें सभी का सहयोग मिलता है। पुलिस प्रशासन का भी इसमें सराहनीय सहयोग रहा। रात में सांस्कृतिक पंडाल में भगवान बुद्ध पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

म्यांमार से आए बौद्ध अनुयायियों के एक समूह ने भी स्तूप के ऊपर विशेष पूजा अर्चना की। समूह के साथ आए गाइड ने बताया कि यह दल 15 दिनों के लिए भारत आया है और संकिसा के अलावा दिल्ली सहित अन्य बौद्ध स्थलों का दर्शन व पूजा अर्चना करेगा।

इस दौरान सुरेश बौद्ध, भंते चैतसिक बौद्ध और भंते नागसेन भी उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार चौकन्नी रही।


पूजा अर्चना करते बौद्ध अनुयाई

# युवतियों को बेचने वाली महिलाएं साथियों सहित गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना पुलिस ने युवतियों का अपहरण कर बेचने वाली गिरोह की तीन महिलाओं सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

कमालगंज थाना पुलिस ने महिलाओं का अपहरण कर बेचने वाले गिरोह के आठ सदस्यों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिनमें थाना कमालगंज के ग्राम नई बस्ती मोहनपुर दीनारपुर निवासी राज पुत्र स्व0 दिनेश कुमार, माया पत्नी रामकरन निवासी गुआस थाना अलीनगर जनपद चन्दौली, सकीना पत्नी गुड्डू निवासी काली महाल लखमीपुर थाना कुढ़ाबाजार जनपद चन्दौली, वीरे पुत्र ब्रह्मानन्द निवासी उलियापुर कोतवाली कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद, रामकरन पुत्र रामलोचन निवासी गुआस थाना अलीनगर जनपद चन्दौली, चरन सिंह पुत्र नन्द कुमार निवासी मधवापुर थाना जहानगंज शामिल हैं। घटना के मुताबिक आरोपी श्यामा देवी व उसके साथियों द्वारा धोखे से ट्रेन में युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया गया। उसको ट्रेन से लाकर बन्धक बनाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। युवती को कोठे पर बेच देने एवं देह व्यापार जैसी बात कहकर कोतवाली कायमगंज के ग्राम बरझाला निवासी सुनील से रुपए लेकर शादी कर दी गई। इस मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और गिरोह के सभी लोगों को पकड़ लिया है। वहीं करीब तीन से चार महापूर्व कमालगंज नगर अभी एक ऐसी घटना सामने आई चुकी है। जिसमें नाबालिग लड़की को भी पुलिस द्वारा श्यामल कर लिया गया था एवं मुकदमा भी पंजीकृत हुआ था। जिसमें एक महिला एवं एक पुरुष का नाम प्रकाश में आया था।


पकड़े गये आरोपी

# नारी सशक्तिकरण की दिशा और दशा पर महिला संगोष्ठी सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


गोष्ठी में मौजूद महिलायें

विश्व बंधु परिषद की महिला शाखा द्वारा कृष्णा प्रेस परिसर में आयोजित गोष्ठी में महिला सशक्तीकरण की दिशा और दशा पर विचार व्यक्त किए गए। अवध कालिजयेट लखनऊ की अंग्रेजी प्रवक्ता हंसा मिश्रा ने कहा कि नारी स्वयं शक्ति स्वरूपा है। आज तेजस्वी बालिकाएं अखिल भारतीय सेवा एवं सशस्त्र बलों में उपस्थिति दर्ज कराने के साथ ही कुश्ती, बॉक्सिंग, भारोत्तोलन जैसी पुरुष प्रधान प्रतियोगिताओं में विश्व रिकॉर्ड बना रही हैं।

राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद पर विराजमान हैं। कीर्ति दुबे ने कहा कि चिंता की बात यह है कि आज नारी सशक्तीकरण की मुहिम गलत दिशा में जा रही है। हमारी न्याय व्यवस्था कहती है कि 18 साल की लड़की चाहे घर छोड़ जाए, लिव इन रिलेशनशिप में रहे, इसमें माता पिता को दखल देने का कोई विधिक अधिकार नहीं है। क्या सभ्य समाज में नारी सशक्तीकरण की यही परिभाषा मान्य होगी? शिक्षिका अपर्णा बाथम, शिक्षामित्र मंजू मिश्रा ने कहा कि आज बच्चों को संस्कारित शिक्षा की जरूरत है, जिससे कि वे देश काल और अवसर के अनुसार विवेक पूर्ण निर्णय ले सकें। रंजना शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्तरीय कन्या पाठशालायें खोलने की जरूरत है, जिसमें बहु आयामी शिक्षा की व्यवस्था हो। कृष्णा मिश्रा ने कहा कि नारी का जिस्म भले फौलादी हो, लेकिन उसका हृदय प्रेम और करुणा का शाश्वत स्रोत रहे।

वह सिंह वाहिनी दुर्गा हो, कमलासना लक्ष्मी हो, लेकिन अच्छा हो कि सृष्टि के कल्याण के लिए वह मां पार्वती की तरह अन्नपूर्णा हो, करुणा निधान हो। सर्व सुख धाम हो। प्रदर्शनीय नहीं दर्शनीय हो।

भारतीय समाज को गार्गी, अवंतीबाई, लक्ष्मीबाई जैसी नारियां चाहिए, सूर्पनखा, ताड़का, पूतना जैसी नहीं। गोष्ठी में प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश गीतकार पवन बाथम, अनुपम मिश्रा, यश वर्धन, जेपी दुबे, वीएस तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू अखण्ड का प्रदेश धरना शुरु

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


धरने पर बैठे भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के द्वारा तहसील कायमगंज के अंतर्गत मुख्यमंत्री की नीतियों के विरुद्ध राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका विभागों कि भ्रष्टाचार संबंधित तमाम समस्याओं को देखते हुए अधिकारियों की मनमानी, तानाशाही करते हुए किसानों का शोषण किया जा रहा है। आम जनमानस एवं किसानों द्वारा कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ित होकर भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश ने बुधवार को कायमगंज अचरा रोड झब्बूपुर क्रॉसिंग के पास अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। जब तक किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने में तहसील प्रशासन के किसी अधिकारी से कोई वार्ता नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन के सचमुच अधिकारी मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याओं निस्तारण करेंगे, उसके बाद ही किसान धरना समाप्त करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार उर्फ बबलू दीक्षित, राजवीर सिंह, गिरीश चंद्र शाक्य, धन सिंह, रामरतन सिंह, उदय पाल सिंह, रवि शंकर कश्यप, धर्मवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता जनपद में 16 नवम्बर से शुरु

▸ बालिका एथलेटिक्स लीग में अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग की बालिकाएं लेंगी भाग


जानकारी देते प्रतियोगिता प्रभारी संजीव कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रथम बालिका अस्मिता लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता 16 नवंबर से ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में प्रारंभ होगी। जनपद में पहली बालिका एथलेटिक्स लीग का आयोजन होने जा रहा है।

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के सचिव का पत्र प्राप्त हुआ। जिसके अनुसार एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री आफ यूथ अफेयर्स एवं स्पोर्ट्स के संयुक्त प्रयास से एथलेटिक्स में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु बालिका एथलेटिक्स लीग पूरे देश में होगी। भारत सरकार के युवा मामलों के मंत्रालय की ओर से खेलो इंडिया की तर्ज पर अस्मिता खेलो इंडिया एथलेटिक्स लीग का आयोजन कराया जा रहा है। बालिका एथलेटिक्स लीग में अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग की बालिकाएं भाग लेंगी। अंडर-14 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, बैक थ्रो, ऊंची को 600 मीटर दौड़ किड्स जैवलिन। अंडर-16 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, ऊंची कूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अस्मिता बालिका एथलेटिक्स लीग प्रतियोगिता में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से पवन वर्मा एवं जूली पुंडीर (लेवल वन) एवं दीपक कुमार (लेवल दो) को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया है। यह जानकारी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के जिला प्रभारी संजीव कटियार ने दी है।



प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी

## नार्थजोन प्रतियोगिता के लिए अर्पिता व प्रबल का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुड़गाँव देवी मंदिर के अर्पिता भारद्वाज व प्रबल भारद्वाज का नार्थ जोन कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। गायत्री इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 10 से अर्पिता भारद्वाज व कक्षा 5 से प्रबल भारद्वाज का चयन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में जो की 7 नवम्बर को होने वाली नार्थ जोन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उन्हें स्कूल की ओर से चेयरमैन व डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्य ने बधाई देकर रवाना किया। कोच पारस भारद्वाज ने मेडल जीतने के लिए अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के प्रयास से दोनों बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुंचे है। ऐसे में अगर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने में कामयाब हुए तो यह जनपद के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 9 नवम्बर से शुरु


प्रतियोगिता की तैयारी करते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन 9, 10 व 11 नवम्बर को होगा। ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिसके लिए फार्म भरे जा रहे है। सभी प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अपना फार्म भरकर गुरुवार शाम तक जमा करें, जिससे वह प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सके। विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। ताइक्वांडो एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. रजनी सरीन सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

# फेसबुक पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी

▸ सपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध, कार्यवाही की मांग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते सपा नेता

समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ फेसबुक पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया और थानाध्यक्ष को लिखित शिकायती पत्र सौंपा।

थानाध्यक्ष ने मामले को साइबर सेल में कार्रवाई हेतु भेजने का आश्वासन दिया है। सभी ने कहा कि कार्यकर्ता अपने नेता के अपमान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। इस अवसर पर राजपाल यादव, आनंद यादव सहित आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


महिलाओं को जागरुक करती एंटी रोमियो टीम


छात्राओं को जागरुक करती महिला सिपाही

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों में महिलाओं व छात्राओं को एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने जागरुक किया। थाना जहानगंज, थाना नवाबगंज, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया।

वहीं महिला थाना पुलिस व कोतवाली फर्रुखाबाद में महिला पुलिस ने महिलाओं व छात्राओं को जागरुक किया, साथ ही सभी को सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया। पुलिस ने टीम ने महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।

# कथा के आठवें दिन सीता हरण की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर

▸ भक्तों ने व्यास गद्दी की उतारी आरती, कथा का किया रसपान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कथा का रसपान कराते शिवानंद मौजूद भक्तगण

सनातन परिवार फाउण्डेशन के तत्वाधान में नव दिवसीय कथा के आठवें दिवस पर कथाव्यास शिवानंद भाई ने अपने मुखार बिन्दु से सीता हरण, जटायु की कथा व शबरी प्रसंग पर बखान किया।

आवास विकास सेक्टर 5 में चल रही कथा के आठवें दिवस पर कथाव्यास शिवानंद ने कहा कि जब रावण को अपनी बहन शूर्पणखा द्वारा सीता के बारे में पता चलता है तो वह मायावी राक्षस मारीच को बुलाकर सारी योजना बताता है, मारीच इस पर कुछ आनाकानी करता है तो रावण उसके प्राण हरने की धमकी देता है। ऐसे में मारीच सोचता है कि यदि मैं रावण का कहना नहीं मानता हूं तो भी मरूंगा और मानता हूं तो राम के हाथों मरूंगा। ऐसे में भगवान के हाथों मरना उचित है। योजनाबद्ध तरीके से रावण पंचवटी से साधु का वेश धारण कर छल से माता जानकी का हरण करने में कामयाब हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब इस बात का पता श्रीराम और लक्ष्मण को चलता है तो वह माता सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। जहां पर जटायु के बताए मार्ग पर चलते हुए उनकी भेंट माता शबरी से होती है। माता शबरी जो प्रेम और भक्ति की प्रतिमूर्ति है। वह भगवान राम के आग्रह पर उनकी भूख मिटाने के लिए उन्हें बेर खिलाती है और किष्किंधा पर्वत का मार्ग बताती है, जहां पर बाली, सुग्रीव और वीर हनुमान जी रहते हैं। शबरी से आज्ञा लेकर भगवान राम और लक्ष्मण भटकते हुए किष्किंधा पहुंचते हैं। जहां पर उन्हें रास्ते में ब्राह्मण रूप धारण किए गए वीर हनुमान मिलते हैं। परिचय होने के बाद हनुमान जी अपने वास्तविक रूप में आ जाते हैं। भगवान राम की सहायता करने के लिए उन्हें पंपापुर नरेश सुग्रीव के पास ले जाते हैं। इस मौके पर डॉ. राजीव कुमार पाठक, जवाहर मिश्रा, डॉ. गौरव अग्रवाल, रविशंकर चौहान, भानू प्रताप सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, बबिता पाठक, वीरेन्द्र सिंह राठौर, श्वेता दुबे, सुधेश दुबे, आशीष गुप्ता, रोहित गुप्ता, विमलेश मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, कमलेश पाठक, ईश्वर दयाल अग्निहोत्री, नवीन कटियार सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ न.प. ने चलाया अभियान


प्रतिबंधित सामग्री जब्त करते पालिका कर्मी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के बाद भी नगर में इसके धड़ल्ले से हो रहे इस्तेमाल को रोकने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने अभियान चलाकर प्रतिबंधित सामग्री को जब्त किया। इस दौरान एक दुकान संचालक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

जानकारी के अनुसार अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार के नेतृत्व में सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन थर्माकोल से निर्मित प्लेट, गिलास, दोना, पत्तल, चम्मच, डिस्पोजेबल मटेरियल आदि के विरुद्ध अभियान चलाकर जप्तीकरण की कार्यवाही की गई। कुल 64 किलोग्राम प्रतिबंध प्लास्टिक पॉलिथीन व डिस्पोजेबल सामग्री जप्त कर दुकान के संचालक यश कौशल पुत्र ब्रजेश कौशल, गंगा दरवाजा शिवाला मंदिर के पास के विरुद्ध 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, नोटिस के माध्यम से जुर्माना वसूलने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, अंशुमान, आनंद शुक्ला राजस्व निरीक्षक, अवर अभियंता जल प्रशांत कुमार, अनिल कुमार आजाद एवं खाद्य निरीक्षक, सुभाष चंद्र सफाई नायक, अरशद व धर्मेंद्र कार्यालय सहायक व नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड के प्रवेश प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सलामी लेते छात्र मौजूद प्रशिक्षक

जनपद में प्रत्येक ब्लॉक में चयनित बेसिक शिक्षा के पीएम श्री विद्यालयों में चयनित सिवारा खास में स्काउट और गाइड प्रशिक्षण जिलाधिकारी के आदेशानुसार समस्त पीएम श्री विद्यालयों में स्काउट और गाइड के 32-32, कब और बुलबुल के 24-24 विद्यार्थियों का चयन करते हुए गणवेश में कम से कम स्कार्फ द्वारा स्काउट और गाइड के गणवेश में दीक्षा संस्कार का आयोजन किए जाने का आदेश है।

जिसके अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में प्रशिक्षण का आयोजन जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा किया गया। जिसमें स्काउट एवं गाइड के प्रवेश प्रशिक्षण के अंतर्गत ध्वज शिष्टाचार, स्काउट और गाइड प्रतिज्ञा, नियम, प्रार्थना, स्काउट गाइड झंडा गीत और विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन कराया गया। प्रशिक्षण में इंचार्ज प्रधानाध्यक जितेंद्र सिंह, शारीरिक शिक्षा अनुदेशक मधुनंदन, कला अनुदेशक भावना मिश्रा ने प्रशिक्षण में सहयोग किया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने बताया कि यह प्रशिक्षण लेकर बच्चों में अनुशासन की भावना, मानसिक और शारीरिक विकास, सामाजिक, समुदाय में लोगों की मदद करने की भावना का विकास होता है। अग्रिम प्रशिक्षण में नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत मिशन शक्ति 5.0 का आयोजन कराया जाएगा।

मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी व खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल और ब्लॉक गाइड कैप्टन ज्योति होगी।

## नहीं रहे हजारों को जीवनदान देने वाले रामकिशोर अवस्थी (भगत)


फाइल फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर निवासी एवं समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र के संवाददाता प्रशांत अवस्थी के ताऊ व समाजसेवी रामकिशोर अवस्थी (भगत जी) का बुधवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चले कि भगत जी अपने जीवनकाल में समाजसेवा और जनहित कार्यों के लिए समर्पित रहे। उन्होंने अविवाहित रहकर अपना संपूर्ण जीवन समाज हित में न्योछावर कर दिया था। झाड़-फूंक एवं सांप काटने जैसे मामलों में उन्हें विशेष अनुभव था। उन्होंने वर्षों से उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई और अपने ज्ञान व सेवा भाव से असंख्य परिवारों को नया जीवन दिया। उनके हजारों शिष्य आज भी उनके मार्गदर्शन में लोगों की सेवा कर रहे हैं। प्रधान सचिन देव तिवारी ने भगत जी के निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा, भगत जी जैसे सेवाभावी व्यक्ति का जाना एक युग का अंत है। उन्होंने अपने कर्मों से समाज में अमिट छाप छोड़ी। भगत जी के भतीजे मोहित अवस्थी ने बताया कि उनकी कुछ दिनों से तबियत खराब चल रही थी और बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुवार सुबह उनके आवास से गंगा घाट के लिए अंतिम यात्रा निकलेगी। समृद्धि न्यूज परिवार ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। भगत जी के शिष्यों में मनोज बाजपेई, ज्ञान प्रकाश शर्मा, अनिल सक्सेना, डाले बाजपेई, जयवीर बाबा, संजीव शास्त्री सहित क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# जनपद दौरे पर आ रहे 12 आईएएस अधिकारी, करेंगे निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि 12 आईएएस अधिकारी जनपद के निरीक्षण पर आ रहे हैं। 6-6 अधिकारियों के दो समूह रहेंगे, वे जनपद में प्रवास करेंगे, निरीक्षण हेतु 6 अधिकारी पिलखना गांव में जाएंगे और छह अधिकारी दारापुर गांव में जाएंगे।

संबंधित क्षेत्र की साफ-सफाई, शिक्षा व्यवस्था, राशन वितरण व्यवस्था, पेयजल, विकास परक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभागों के द्वारा चलाई गई योजनाओं का आत्मनिरीक्षण कर लें। 8 नवंबर को एसडीएम गजराज सिंह उनकी अगवानी करेंगे। अधिकारियों का प्रवास नारायण आश्रम में रहेगा। 9 नवम्बर को 9 बजे कलेक्ट्रेट में बैठक सम्पन्न होगी और 10 बजे पिलखना व दारापुर हेतु प्रस्थान करेंगे। उनके साथ सभी संबंधित अधिकारी संकलित सूचना सहित उपस्थित रहेंगे। अधिकारी 9 नवंबर से 12 नवंबर तक जनपद प्रवास पर रहेंगे। 12 नवम्बर को शाम 6 बजे कायमगंज हेतु प्रस्थान करेंगे, वहां अधिकारी नगर पालिका परिषद कायमगंज क्षेत्र में जाएंगे व रात्रि प्रवास करेंगे। 13 नवंबर को वहां से नारायण आश्रम पांचाल घाट हेतु प्रस्थान करेंगे। वहां से एसडीएम गजराज सिंह उन्हें विदाई देंगे। अधिकारी कंपिल, संकिसा, नीम करोली जाएंगे, वह वहां निरीक्षण करेंगे। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र उन्हें ब्लॉक प्रिंटिंग केंद्र पर ले जाएंगे, सभी अधिकारी अपना विकास परक फोल्डर तैयार करें, वह अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। 10 बजे से 3 तक ग्रामीण क्षेत्र का निरीक्षण होगा। जमापुर के पास बच्चों के हॉस्टल का निरीक्षण होगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल निगम व कार्यक्रम अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का आत्म निरीक्षण करें, वह संबंधित व्यवस्थाएं दुरुस्त करें, बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय सरस मेले का विधायक ने किया शुभारंभ

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



शासन के मंशानुरूप स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास भवन के प्रांगण मे आयोजित तीन दिवसीय सरस मेला का विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मझवां शुचिस्मिता मौर्या व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने माँ विध्यवासिनी देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया और प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मझवां शुचिस्मिता मौर्या व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने लगाए गए स्टालो का भ्रमण करते हुए स्टालो पर महिलाओ के निर्मित उत्पादो के बारे मे जानकारी लेते हुए महिलाओ से वार्ता भी की। विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मझवां शुचिस्मिता मौर्या ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर पहुंचकर भ्रमण करने के साथ अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए बी0पी0, शुगर की जांच भी कराई तथा लोगो से भी अपील की कि वे भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं किसी प्रकार की यदि कोई दिक्कत है तो उनका निशुल्क उपचार किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन भी किया गया।

विधायक नगर रत्नाकर मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वप्न है कि अपने परिवार का निर्विवाद भरण पोषण करके अपनी अर्थव्यवस्था सुधारने के साथ-साथ ही भारत देश की भी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इस समय हमारी अर्थव्यवस्था चौथे स्थान पर है और हम सभी का प्रयास है कि इसे आगे बढ़ाते हुए तीसरे स्थान पर ले जाएं किंतु जिस गति से हमारा भारत देश उन्नति कर रहा है आज दुनिया में युवाओ का सबसे बड़ा देश भारत है और इन्हीं युवा 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे। इस अवसर पर विधायक नगर ने बनाए गए सेल्फी प्वांइट पर सेल्फी भी लिया गया। विधायक नगर ने जरूरमंद महिलाओ को कम्बल भी वितरित किया।

विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्य ने कहा कि बहुत ही अच्छे उद्देश्य के साथ मेले का आयोजन किया गया है और हमारी मातृशक्ति इस मेले के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं व मेले के माध्यम से उनके उत्पाद लोगों तक पहुंच रहे हैं इस मेले के माध्यम से हमारे सरकार की सोच है कि हमारी मातृ शक्ति आत्मनिर्भर बनते हुए देश की सशक्त अर्थव्यवस्था बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने मेले के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहले महिलाओं द्वारा जितने भी उत्पाद बनाए जाते थे किंतु उत्पाद अच्छा होने के बावजूद भी उन्हें अच्छा बाजार नहीं मिल पाता था जो बहुत ही जटिल समस्या थी उसी को दूर करने के लिए शासन की मंशानुरूप समय-समय पर सरस मिले का आयोजन वर्ष में दो से तीन बार आयोजित किया जाए ताकि जितने भी हमारे स्थानीय उत्पादन हैं उन्हें एक अच्छा बाजार मिले इसी उद्देश्य के अंतर्गत तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री इसके माध्यम से होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 05 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय सरस मेला मे जिसमें लगभग अलग-अलग समूहो द्वारा 35 स्टाल लगाए गए हैं सभी जनपदवासी प्रतिभाग करते हुए अधिक से अधिक खरीदारी करें। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी श्रीकान्त रजक, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर ही विकसित भारत संभव

विधायक नगर रत्नाकर मिश्र ने कहा कि लोकल फॉर वोकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक सोच है कि प्राचीन भारत का जो पद्धति थी गांव का सामान गांव में ही प्रयोग हो। उन्होंने कहा कि जनपद मिर्जापुर पीतल कारोबार में दुनिया का सबसे बड़ा हब था पीतल उद्योग की स्थापना ईस्ट इंडिया कंपनी ने की थी और पूरे दुनिया में पीतल का काम होता था इसके साथ ही चिरौंजी की भी भारी मात्रा में आपूर्ति की जाती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वप्न भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए जनपद के उत्पादों को बढ़ावा देते हुए लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर ही विकसित भारत संभव है। उन्होंने कहा कि हमारी माताएं बहने बनारसी साड़ी बना रही हैं जो बनारस का मुख्य व्यवसाय है उन्होंने कहा कि जैसे बनारस में काशी विश्वनाथ की वजह से देश-विदेश से लोग आते हैं ठीक वैसे ही मां विंध्यवासिनी देवी के दरबार में देश-विदेश के कोने-कोने से लोग आते हैं इसीलिए निकट भविष्य में बनारसी साड़ी का एक स्वयं सहायता केंद्र मिर्जापुर में भी बनाया जाएगा और हमारी माताएं बहने बनारसी साड़ी बनाकर खुद को आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने रोजगार के माध्यम से जनपद के स्थानीय उत्पादों को आगे भी बढ़ाएंगी।

## कार्तिक पूर्णिमा पर तीस हजार भक्तों ने गड़बड़ा धाम में किया दर्शन-पूजन




**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम मे कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर माता शीतला धाम मे तीस हजार भक्तो ने दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया है। बुधवार की भोर से ही भक्तो का ताँता लगा रहा सेवटी नदी मे स्नान करने के बाद पुरुष महिलाए कतार मे खडे होकर भक्त ने माता के चरणों मे शीश नवाकर दर्शन पूजन के साथ चढ़ावा अर्पित किया है।
भक्त हाथ मे नारियल चुनरी, माला फूल पूड़ी हलुआ आदि पूजन सामग्री लिए घंटो कतार मे इंतजार के बाद भी माँ शीतला के गर्भ मे प्रवेश के मनो कामनाये पूर्ण की कुछ भक्त मंदिर परिसर मे सत्य नारायण व्रत कथा सुनकर हवन भी किया। इसके बाद लोग गृह उपयोगी सामान मेले मे खरीद कर घर वापस लौटे भक्तों के सहयोग मे मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला सीसी टीवी कैमरे से निगरानी करते रहे पुजारी मंगल धारी मिश्रा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगभग तीस हजार भक्तों ने दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया है।

## खबरें एक नजर में

### निराश्रित पशुओं को बाउंड्री के अंदर बंधक बनाने वाले अज्ञात के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी राजेश प्रसाद शुक्ला ने मंगलवार की देर शाम थाने मे तहरीर देकर बाउंड्री वाले के अंदर निराश्रित पशुओं को रखने वाले अज्ञात लोगो के विरुद्ध पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने मे जुट गई है। दी गई तहरीर मे बताया है की मेरा प्लाट गजरिया मुड़पेली मार्ग पर है जो चारों तरफबाउंड्री से घिरा हुआ है हमारे गांव के कुछ आराजक लोगो द्वारा गलत तरीके से पशुओं को बिना किसी अधिकारी के संज्ञान मे भूखे प्यासे कल 3 नवंबर से रखा गया था जो की महापाप है। मुझे जानकारी होने पर मंगलवार को लगभग 9 बजे सुबह खोल कर गांव के लोगो के सहयोग लेकर पशु आश्रय स्थल उमरिया पहुंचाया गया है। इन पशुओं को भूखे प्यासे रखकर गलत तरीके से रखा गया था जिसका संज्ञान लेते हुए कार्रवाई किया जाय। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आराजक लोगो के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले कि जाँच पड़ताल किया जा रहा है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया निराश्रित पशुओं को बाउंड्री के अंदर रखने वाले आराजक लोगो के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

### कोतवाली सदर में दबंगों का आतंक, पुलिस की चुप्पी से बरवा विद्यापति में दहशत का माहौल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बरवा विद्यापति में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक दबंग द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई कर एक गरीब व्यक्ति का मकान ध्वस्त कर दिया गया।
जब पीड़ित परिवार ने विरोध किया तो दबंगों ने उनके घर पर चढ़ाई कर दी और पूरे परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अब कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। सोहन पुत्र जमुना निवासी बरवा विद्यापति का पक्का मकान गाटा संख्या 358 पर बना हुआ है। मकान के ठीक बगल में गांव के ही दुर्गेश पटेल पुत्र देवीशरण पटेल की जमीन है। दुर्गेश पटेल ने अपने घर के निर्माण के लिए 4 नवम्बर को जेसीबी मशीन से नींव खुदवाना शुरू किया, जिससे गहरी खुदाई के चलते सोहन का मकान हिल गया और उसका एक हिस्सा गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित सोहन ने जब इसका विरोध किया तो दुर्गेश पटेल और उसके साथ मौजूद कई अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर सोहन और उसके परिवार के लोगों पर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए, लेकिन आरोपीगण धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।
सोहन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि दुर्गेश पटेल लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है और कह रहा है कि हम तुम्हारी जमीन पर कब्जा कर लेंगे, जो करना है कर लो। पीड़ित परिवार इस घटना से डरा हुआ है और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका जता रहा है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से घटना की मौके पर जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा मकान की क्षति की भरपाई कराने की मांग की है। गांव के लोगों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से दबंगई कर रहा है और प्रशासन की कार्रवाई न होने से उसका हौसला बुलंद है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में कब तक कार्रवाई करती है।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से बीआरसी सदर परिसर में शिक्षा उन्नयन गोष्ठी व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बीएसए रिद्धि पाण्डे ने 2018 से 2025 तक सेवानिवृत्त हुए कुल 17 शिक्षकों को सम्मानित किया।सेवानिवृत शिक्षकों को तिलक लगा कर, पुष्प वर्षा तथा माल्यार्पण किया गया। मोमेंटो और अंगवस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक देवीशरण त्रिपाठी,अमेरिका प्रसाद ,सतीश विश्वकर्मा, सुरेश पटेल,सुग्रीव यादव, रामबिजुल, राधेश्याम यादव, कमलेश मिश्र,कौशिक मुनि पाण्डे, गिरिजा निवास ,शांति देवी ,पुष्पलता,कवींद्र दास आदि को सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक धन्नू चौहान,डा. प्रभुनाथ गुप्ता,भूपेंद्र सिंह,अनिरुद्ध निराला और श्रीचंद को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान बीएसए रिद्धि पांडेय ने कहा कि एक शिक्षक पूरे जीवन भर अपने ज्ञान और अनुभव से समाज को नई दिशा प्रदान करता है। सेवानिवृत्ति एक विभागीय प्रक्रिया है। लेकिन सभी के जीवन में शिक्षक का विशेष तौर पर प्राथमिक शिक्षक के दिखाए रास्ते की अमिट छाप जीवन पर्यंत रहती है।

# मिशन शक्ति टीम ने बलिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु हलिया व डोहर गांव मे बुधवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर व मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या रहे।

# आवेदक की फ्राड धनराशि नौ हजार छह सौ रुपये मूल खाते में कराया वापस

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के खम्हारिया बिमौरी गांव निवासी प्रदीप कुमार दुबे द्वारा 6 अक्टूबर को गलती से किसी अन्य व्यक्ति के खाते मे भेजनें के संबंध में थाना हलिया पर एनसीआरबी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्र थाना साइबर टीम द्वारा आवेदक से फ्राड के सम्बन्ध मे पूछताछ कर एंव ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक कागजात लेकर तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व मे थाना हलिया की साइबर टीम द्वारा पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि को बुधवार को सम्बन्धित खाते मे होल्ड कराया गया तथा पोर्टल से ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बन्धित बैंक को ईमेल/पत्राचार करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि नौ हजार छह सौ रुपये को आवेदक के मूल बैंक खाते में सफ्लतापूर्वक वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना हलिया की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया, उ0नि0 अच्छे लाल यादव थाना हलिया, कांस्टेबल प्रदीप पाल थाना हलिया रहें।

## सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी ने विशाल बौद्ध महोत्सव मनाया

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरवा औसान सिंह के चक कोटार गांव के बीरपुर पहड़ी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विशाल महोत्सव का आयोजन 6 नवंबर को किया गया है। कार्यक्रम कि तैयारियां जोर शोर से चल रहा है सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष गौरी शंकर मौर्य व सहयोगी रविंद्र मौर्य व कार्यकर्त्ता लगे हुए है विश्व गुरु गौतम बुद्ध एवं विश्व विजेता अशोक महान के विचारों को जागृति के लिए तथा विश्व तथागत गौतम बुद्ध को विश्व गुरु का दर्जा भारत पटल पर पुनः स्थापित करने के लिए बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तैयारियों को लेकर सम्राट अशोक सम्राट वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस की डियूटी लगाई गई है जिससे कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

- श्रद्धालुओं ने गौदान, व बछिया बैतरणी छू कर जीवन को बनाया धन्य



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने अपने निकट के ताल पोखरों नदियों व तालाबों में डुबकी लगाई उसके पश्चात गौ दान बछिया बैतरणी तथा घरों पर सत्यनारायण कथा श्रवण कर जीवन को धन्य बनाया। आज़ बुधवार को पूरे जनपद में कार्तिक पूर्णिमा की धूम रही। श्रद्धालुओं ने दीपदान भी किया । वहीं महिलाओं ने ब्राह्मणों को बुलाकर तुलसी विवाह कराने के पश्चात हवन तर्पण कराकर वृहद तरीके से अनेकानेक वस्तुओं का दान पुण्य करके पुण्य केभागी बने। आज कार्तिक पूर्णिमा पर बहुतायत श्रद्धालुओं ने अयोध्या में में पहुंच कर सरजू में स्नान कर गो दान किया साथ ही साथ नागेश्वर नाथ के दरबार में पहुंच कर जलाभिषेक किया,उसके उपरांत रामलाल और बजरंगबली हनुमान का दर्शन वन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में पनियरा, सिसवा,नौतनवां,निचलौल, लक्ष्मीपुर,सिसवा,वृजमनगंज, कोल्हुई, भैया फरेंदा, धानी व फरेन्दा में भी लोगों ने नदियों में स्नान कर दान पुण्य किया।

कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है आज पूरे दिन त्रिमुहानी घाट, करमैनी घाट, कहरौली घाट, धानी चाट सहित अन्य नदियों तालाबों व पोखरों में स्नान करने वालों का सैलाब उमड़ पड़ा था। स्नान करने के पश्चात लोगों ने दीपदान तुलसी विवाह इत्यादि कार्य करने के पश्चात मेले का आनन्द उठाया। पुरानी परम्पराओं के अनुसार धानी में आयोजित कुश्ती का भी आनंद दर्शानार्थियों ने लिया जिससे दर्शानार्थियों के आस्था का सैलाब पूरा दिन जनपद के हर छोटे बड़े घाटों पर उमड़ा हुआ था। जिसको लेकर अपने थाना क्षेत्रो में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुकामी पुलिस मुस्तैद रही जिससे लोगों को स्नान करने में कोई असुविधा नहीं हुई श्रद्धा विश्वास के साथ दान पुण्य कर कार्तिक पूर्णिमा को जीवन में चरितार्थ किया।

## लक्ष्मीपुर खुर्द गांव से छापेमारी कर 36 बोरी कॉफी बीज बरामद

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भारत नेपाल सीमा से सटे ग्राम सभा लक्ष्मीपुर खुर्द में तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने दल बल के साथ छापेमारी की, छापेमारी के दौरान 36 बोरी कॉफी बीज बरामद किया गया। दिन मंगलवार की देर शाम मुखबिर जरिए सूचना मिली कि अवैध तरीके से भारी मात्रा में कॉफी बीज छिपा कर रखा गया है। सूचना को संज्ञान लेते हुए तहसीलदार निचलौल अमित कुमार सिंह ने स्थानीय पुलिस टीम के साथ इंडो नेपाल सीमा से सटे ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर खुर्द में छापेमारी की, छापेमारी में अवैध तरीके से नेपाल भेजे जाने के लिए रखा गया 36 बोरी कॉफी बीज बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। सद्दाम के घर से 18 बोरा, भोलू उर्फ इलियास के घर से 6 बोरा व मैलाहे के घर से 6 बोरा बरामद किया गया है। इस संबंध में तहसीलदार अमित सिंह ने बताया की छापेमारी में 36 बोरी काफी बीज बरामद किया गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मिया तेज प्रत्याशियों का बैनर-पोस्टर लगना शुरू

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकास खंड मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सरगर्मिया तेज हो गई है चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी चट्टी चौराहो पर लोगो के बीच जाकर अपने को भावी प्रत्याशी होने की बात कह रहे है। साथ ही क्षेत्र मे विद्युत विभाग के हर पोल पर बैनर लगने शुरू हो गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अभी तक परसिमन नहीं हुआ है। इसके बाद भी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी क्षेत्र मे भ्रमण कर लोगो के बीच जाकर चुनाव लड़ने का दावा कर रहे है। हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों व 113 क्षेत्र पंचायत वार्ड व चार जिला पंचायत सदस्य वार्ड के लिए चुनाव होना है लेकिन अभी तक ग्राम पंचायतों व क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्य वार्ड के सदस्यों के लिए परसिमन नहीं हुआ है। लेकिन जिला पंचायत सदस्य पद के लिए वार्ड संख्या एक, दो, तीन, चार के लिए प्रत्याशी दावेदार अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए दावेदार चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म पर प्रत्याशियों का प्रचार प्रसार तेज हो गया है। सबसे ज्यादा सरगर्मी जिला पंचायत वार्ड संख्या एक व तीन की है जहां पर कई दावेदार चुनाव लड़ने का दावा कर रहे है। परसिमन के बाद जिला पंचायत सदस्य पद के लिए सही प्रत्याशी का पता चल सकेगा लेकिन भावी प्रत्याशी अभी से तैयारी शुरू कर् प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। प्रत्याशियों की चर्चा लोगो चौराहा पर कर रहे है।

# नवागत थानाध्यक्ष ने उपनिरीक्षकों व आरक्षियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था का पढ़ाया पाठ

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



फरेंदा थाना क्षेत्र की कमान अब नवागत थानाध्यक्ष योगेन्द्र राय के हाथों में है। उन्होंने मंगलवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया और पदभार संभालते ही थाने का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की सभी शाखाओं, रजिस्टरों के रख-रखाव, अभिलेखों की स्थिति और साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।
थानाध्यक्ष योगेन्द्र राय ने कार्यभार ग्रहण के बाद उपनिरीक्षकों और आरक्षियों की बैठक कर कानून व्यवस्था का पाठ पढ़ाया । उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अपराध और अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।
उन्होंने यह भी कहा कि फरेंदा थाना क्षेत्र में किसी भी अपराधी या समाजविरोधी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अपने अधीनस्थों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र में गश्त करें, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और स्थानीय नागरिकों से संवाद बनाए रखें। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास का रिश्ता मजबूत होना बेहद जरूरी है।
उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाने में आने वाला हर फरियादी सम्मानपूर्वक सुना जाएगा और उसकी शिकायत का निस्तारण पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाएगा।
महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर विशेष ध्यान देने की बात करते हुए योगेन्द्र राय ने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा।
साथ ही, युवाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में अभियान चलाने की भी योजना है।
उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि वे जनता के बीच अपनी सकारात्मक छवि बनाएं और हर नागरिक की मदद के लिए तत्पर रहें। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके.।
नवागत थानाध्यक्ष ने स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस और मीडिया के बीच सहयोग समाज में सुरक्षा और व्यवस्था कायम करने में मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आंख और कान होते हैं। पुलिस तभी सफल हो सकती है जब मीडिया उसकी सच्ची जानकारी जनता तक पहुंचाए।
फरेंदा क्षेत्र के लोगों में नए थानाध्यक्ष के आगमन से नई उम्मीदें जगी हैं।
नागरिकों का कहना है कि योगेन्द्र राय के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा और पुलिस-जनता के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता और अधिक मजबूत होगा। थानाध्यक्ष ने अपने पहले दिन ही यह स्पष्ट कर दिया कि फरेंदा थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त और शांतिपूर्ण इलाका बनाना उनका संकल्प है और इसके लिए पुलिस पूरी ईमानदारी से कार्य करेगी।

## स्कूली बच्चों ने बिखेरा हुनर का जलवा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भव्यता और नव्यता के संग महराजगंज महोत्सव यादगार बन गया। तीन दिनों तक चले इस सांस्कृतिक उत्सव में जहां जिले के स्कूलों के हजारों बच्चों ने अपनी प्रतिभा से मंच को जीवंत किया, वहीं स्थानीय कलाकारों ने नाटकों, काव्यपाठ और लोक संगीत से महोत्सव की शामों को अविस्मरणीय बना दिया।
सभी प्रतिभागियों को डीएम संतोष कुमार शर्मा व सीडीओ महेंद्र प्रताप सिंह ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बेसिक और माध्यमिक विभाग की टीम का विशेष योगदान रहा। विद्यालयों की प्रस्तुति से लेकर मंच प्रबंधन तक आदित्य गुप्ता, सुधाकर रौनियार, अंगद यादव, नीरज मौर्य, पारोमिता विश्वास, मोनिका शर्मा, अविनाश मिश्र और देवेश पांडेय ने जिम्मेदारी निभाई। संपूर्ण संयोजन पंकज कुमार मौर्य के नेतृत्व में हुआ। संचालन अरविंद जायसवाल और शिरोमणि दुबे ने किया। स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से वाहवाही बटोरी। नाटकों का निर्देशन पंकज कुमार मौर्य ने किया। काव्य पाठ सत्र में दिव्यांशु पांडेय, नवीन शुक्ला, तशरीफ, आशुतोष मिश्र, दयानंद त्रिपाठी, राजेश स्वर्णकार और धीरज वर्मा की कविताओं ने खूब तालियां बटोरीं।

# जिले में खाद भरपूर फिर भी किसान परेशान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेतों में धान की कटाई शुरू होने से पहले ही किसान फास्फेटिक खाद के लिए परेशान हैं। अभी धान की कटाई शुरू नहीं हुई कि जल्दी और एडवांस में खाद लेने के लिए लंबी-लंबी लाइनें खाद केंद्रों पर लगने लगी। वहीं कृषि विभाग व सहकारिता विभाग का दावा है कि जिले में फास्फेटिक खाद भरपूर मात्रा में है। सभी वाजिब किसानों को ही खाद मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री, टोकन प्रणाली, समिति सदस्यता पर खाद दी जा रही है। जिले में करीब ढाई लाख हेक्टेयर में रबी की बुआई होती है। इसमें सरसो,मटर,चना, मसूर, गेहूं आदि की बुआई की जाती है।

सब्जी की खेती भी होती है। ऐसे में सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए जिले में यूरिया 60076 मीट्रिक टन, डीएपी 13326 मीट्रिक टन, एनपीके 5671 मीट्रिक टन, एमओपी 2721 मीट्रिक टन, एसएसपी 6841 मीट्रिक टन वितरण का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष यूरिया 16509 मीट्रिक टन, डीएपी 13865 मीट्रिक टन, एनपीके 7953 मीट्रिक टन, एसओपी 2120 मीट्रिक टन और एसएसपी 8771 मीट्रिक टन जिले में उपलब्ध है। मांग के अनुसार फास्फेटिक साधन सहकारी समितियों, इफको केंद्रों पर भेजा जा रहा है। लेकिन किसान खाद को लेने के लिए केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। दिवाली के पहले ही अधिकांश किसानों ने खाद ले लिया है। दिवाली और छठ के बाद बारिश ने धान की कटाई प्रभावित कर दिया, जिससे केंद्रों पर खाद के लिए कम भीड़ रही। कृषि विभाग का दावा है कि केंद्रों पर खाद समाप्त होने पर तीन चार दिन के अंदर ही केंद्रों पर खाद पहुंचा दिया जा रहा है।

समितियों पर जल्द समाप्त हो जा रही खाद चूंकि समितियां गांवों से नजदीक हैं, इसलिए वहां भारी संख्या में किसान खाद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। साधन सहकारी समिति ठूठीबारी पर डीएपी समाप्त हो चुकी है। यहां करीब 200 बोरी यूरिया है। लेकिन किसान डीएपी की ही मांग कर रहे हैं। किसान जगदीश कुशवाहा,महातम कसौधन, नरायण शर्मा, किशोरी जायसवाल, सीताराम भुज, हाफिज अली, गुड्डू, वीरेन्द्र रौनियार, रामचंद्र जायसवाल व सुनील ने बताया कि फास्फेटिक खाद के लिए परेशान हैं। पता नहीं कब आएगा। गेहूं की बुआई करनी है। सचिव विक्की यादव ने बताया कि जितना डीएपी था बेच दिया गया है। अब फिर डीएपी के लिए डिमांड भेजा गया है। जल्द ही आने की उम्मीद है। पेडारी चौराहा पर स्थित बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बैकुंठपुर पर करीब 500 बोरी डीएपी व साधन सहाकारी समिति तरैनी पर भी 500 बोरी डीएपी उपलब्ध है। लेकिन अब तक उसका वितरण नहीं किया गया है। सचिव धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि समिति पर भरपूर खाद उपलब्ध है। लेकिन अभी किसान सदस्य बनाकर उन्हें पासबुक जारी किया जा रहा है। सदस्य किसान को ही दो दिन में वितरण शुरू करा दिया जाएगा। इफको केंद्र फरेंदा पर डीएपी करीब एक माह से नहीं है। यहां एनपीके ही उपलब्ध है। लेकिन किसानों की भीड़ अधिक होने वितरण में दिक्कत हो रही है। इफको प्रबंधक तोमर सिंह ने बताया कि डीएपी का डिमांड की गई है। फार्मर रजिस्ट्री व समिति सदस्य को ही मिलेगी खाद जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि किसानों की ही उनके जोत के अनुसार खाद मिले इसके लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल इंतजाम कर दिया है। इसमें फार्मर रजिस्ट्री वाले किसानों को ही खाद दिया जा रहा है। जिसके पास जितना खेत है उसी अनुरूप खाद दिया जा रहा है। एआर कोआपरेटिव सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार किसानों को साधन सहकारी समिति का सदस्य बनाया जा रहा है। सदस्य बनने के बाद किसानों को पासबुक जारी किया जा रहा है।

पासबुक पर किसान को दर्ज खेत के अनुसार ही खाद दिया जा रहा है। इससे समितियों पर खाद की कालाबाजारी करने वाले नहीं दिख रहे हैं। भीड़ नहीं होने से जरूरतमंद किसानों का आसानी से खाद मिल जाएगा। इसके साथ ही प्राइवेट दुकानों से खाद दिलाने के लिए डीएम के निर्देश पर टोकन व्यवस्था लागू किया गया है। इसमें किसान संबंधित लेखपाल से एक पर्ची पर अपने जोत का क्षेत्रफल लिखवाकर प्राइवेट दुकान पर देंगे। उसके बाद प्राइवेट दुकानदार उस किसान का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज करेंगे और उसी अनुसार खाद देंगे। जिससे दुकानदार भी ब्लैक में खाद को नहीं बेच पाएंगे। किसान का भी नाम पता रहेगा कि दुकानदार ने किस किसान को कितना खाद दिया है, किसान के पास उतना खेत है या नहीं?